# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 27 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-189 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में बस व ट्रक की टक्कर, 6 की मौत

**सूयार्पेट।** तेलंगाना के सूयार्पेट जिले में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 5 महिलाएं हैं। वहीं 12 लोग घायल हैं। बस में 43 यात्री सवार थे और यह हैदराबाद से आंध्रप्रदेश के एलुरु जा रही थी। हादसा सुबह करीब 5:15 बजे हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर कोडाड मंडल में हुआ। पुलिस ने बताया कि ट्रक में लोहे के भारी पिलर लदे थे। बस के ट्रक से टकराते ही पिलर को बांधकर रखने वाली चेन टूट गई। इसके बाद पिलर बस की दाईं तरफ जा घुसे। पुलिस के मुताबिक, बस के आगे बैठे लोगों की इसी वजह से मौत हुई।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हादसे में 6 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में बुधवार शाम हुए एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि चार से पांच अन्य लोग घायल हैं। एक अधिकारी के अनुसार, हादसा शिएंद्रा इलाके के पास हुआ। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### लोकसभा सचिवालय ने 20 बागी TMC सांसदों को नोटिस भेजे

**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों को नोटिस भेजे हैं। सांसदों से TMC नेता अभिषेक बनर्जी की अयोग्यता याचिका पर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। यह याचिका दल-बदल कानून के तहत दाखिल की गई है। नोटिस 25 अगस्त को जारी किए गए और इनमें बनर्जी की 18 जून की याचिका की कॉपी भी भेजी गई है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार होने के एक दिन बाद हुई है। कोर्ट ने मंगलवार को 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया था।

### दिल्ली में बढ़ते स्वाइन फ्लू के मामलों पर डीएमए की चिंता, 2,000 से ज्यादा केस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के बढ़ते मामलों को लेकर दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) ने चिंता जताई है। एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली में अब तक 2,000 से अधिक एच1एन1 मामले सामने आ चुके हैं। डीएमए ने लोगों से घबराने की बजाय सतर्क रहने और संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां अपनाने की अपील की है। डीएमए ने कहा कि वह दिल्ली में इन्फ्लूएंजा की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और संक्रमण से जुड़ी बीमारी और मृत्यु दर की निगरानी कर रही है।

# नेपाल में तबाही मचाकर बिहार पहुंची बाढ़

## 8:30 बजे रात में गंडक बैराज वाल्मीकिनगर पहुचा पानी, बैराज के 36 गेट खोले गए

**पटना (एनएसबी)।** नेपाल में आई बाढ़ का पानी बुधवार देर रात गंडक बैराज, वाल्मीकिनगर पहुंच गया। जल संसाधन विभाग के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे तक बैराज में जलश्राव में लगभग 20 हजार क्यूसेक की वृद्धि दर्ज की गई है।

अनुमान है कि रात 11 बजे तक जलश्राव अपने चरम पर पहुंच सकता है, जिसके बाद इसमें कमी आनी शुरू हो जाएगी। विभाग ने बताया कि गंडक नदी में अधिकतम जलश्राव करीब दो लाख क्यूसेक रहने की संभावना है। हालांकि, मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसे सामान्य रहने की संभावना जताई गई है। इसके बावजूद विभाग की ओर से बैराज, तटबंधों और नियंत्रण कक्षों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक, इस वर्ष 14 जुलाई को गंडक नदी में अधिकतम जलश्राव 2,24,000 क्यूसेक दर्ज किया गया था। वहीं, वर्ष 2024 में 28 सितंबर को गंडक में जलश्राव 5,62,500 क्यूसेक तक पहुंच गया था। इन आंकड़ों की तुलना में इस बार संभावित अधिकतम जलश्राव काफी कम रहने का अनुमान है। विभाग ने कहा है कि नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। गंडक बैराज पर अधिकारियों और कर्मियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। तटबंधों की निगरानी के साथ-साथ नियंत्रण कक्षों से भी नदी के जलस्तर और जलश्राव की लगातार जानकारी ली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए पूरी तरह सतर्क रहना जरूरी है। संबंधित अधिकारियों को किसी भी परिस्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया है। जल संसाधन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। विभाग का स्पष्ट संदेश है कि घबराएं नहीं, सतर्क रहें। बता दें कि नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति और गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की आशंका के बीच बिहार सरकार ने संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बढ़ा दी है। उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को कहा कि नेपाल से लगातार जलप्रवाह को लेकर जानकारी मिल रही है और संभावित स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है।

**मोतिहारी-गोपालगंज समेत बिहार के 8 जिलों में हाई अलर्ट गंडक नदी से जुड़े 6 जिलों में प्रशासन मुस्तैद**

स्थिति सामान्य रहने के आसार



### सीएम ने अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने का दिया निर्देश



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति तथा गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की संभावना को देखते हुए मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षाबैठक की। सीएम ने बिहार के संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि नेपाल में विकसित हो रही स्थिति को देखते हुए बिहार में संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाए। विशेषकर गंडक नदी से जुड़े पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली सहित अन्य संवेदनशील जिलों में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। सीएम ने निर्देश दिया कि सभी तटबंधों एवं बांधों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी लगातार निगरानी की जाए। तटबंधों की मजबूती सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसी भी कमजोर हिस्से पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### नेपाल बाढ़ में 157 की मौत, 105 भारतीय लापता

**तिब्बत में ग्लेशियल झील फटने से बाढ़ की आशंका**

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में बुधवार सुबह अचानक आई बाढ़ (Nepl flesh flood) ने भारी तबाही मचाई है। तिब्बत सीमा से सटे नेपाल के रसुवा, धाडिंग और नुवाकोट जिलों में अचानक आए पानी के सैलाब ने कई गांवों, सड़कों और हाइड्रोपावर परियोजनाओं को तबाह कर दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 1 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, वहीं यह आकंड़ा बढ़ सकता है। इसके साथ ही 105 भारतीय नागरिकों समेत 500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल में आई इस तबाही का असर भारत के सीमावर्ती राज्यों बिहार और उत्तर प्रदेश पर भी दिखने लगा है, दोनों राज्यों के कई जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। नेपाल में तबाही का मंजर : नेपाल टूरिज्म बोर्ड (NTB) के अनुसार, रसुवा और उसके आसपसा के इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन के बाद 500 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें 291 विदेशी पर्यटक और 93 नेपाली नागरिक शामिल हैं।

### पीएम ने बालेन शाह को दिया मदद भेजने का भरोसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का पड़ोसी नेपाल इस वक्त एक भयावह त्रासदी से गुजर रहा है। रसुवागढ़ी इलाके में हिमस्खलन और अचानक आई भीषण फ्लैश फ्लड के कारण न केवल स्थानीय बस्तियां तबाह हुई हैं, बल्कि कई घर, रास्ते और पुल भी पानी के प्रचंड बहाव में बह गए हैं। इस मुश्किल घड़ी में भारत अपना पड़ोसी धर्म निभाने वाला है। सरकारी सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आ रही है कि भारत सरकार नेपाल में आई इस भीषण आपदा से निपटने के लिए जल्द से जल्द बड़े पैमाने पर राहत सामग्री भेजने की पूरी तैयारी कर रही है। दिल्ली से नेपाल में आई इस आपातकालीन स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी लगातार नेपाली अधिकारियों के संपर्क में हैं, ताकि बिना किसी देरी के राहत और बचाव की सामग्री प्रभावित इलाकों तक पहुंचाई जा सके. नेपाल के प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री भेजने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**भागलपुर में फ्लड फाइटिंग के दौरान बड़ा हादसा**

## 21 मजदूरों से भरी नाव पलटी

**भागलपुर (एनएसबी)।** भागलपुर के नवगछिया से बड़े हादसे की खबर सामने आई है. नवगछिया के राघोपुर में तटबंध की फ्लड फाइटिंग में लगे मजदूरों से भरी नाव अचानक तेज बहाव में पलट गई. नाव पर कुल 21 मजदूर सवार थे। हादसे के बाद 19 मजदूरों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि दो मजदूर अभी भी लापता बताये जा रहे हैं. लापता मजदूरों की तलाश में एसडीआरएफ की टीम लगातार अभियान चला रही है.नाव पलटते ही मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई. हादसे के बाद कई मजदूरों ने पानी में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई. कुछ मजदूर तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया. टीम ने 19 मजदूरों को तेज बहाव के बीच सुरक्षित बाहर निकाल लिया. हालांकि दो मजदूरों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. बताया जा रहा है कि राघोपुर में तटबंध टूटने के बाद उसकी मरम्मत और बचाव कार्य के लिए मजदूरों को लगाया गया था. इसी दौरान मजदूर नाव के जरिए फ्लड फाइटिंग के काम में जा रहे थे। नाव पर 21 मजदूर सवार थे. तेज बहाव के बीच अचानक नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पानी में पलट गई।



## बिहार की बहनें बदलेंगी बिहार की तकदीर : सम्राट

### सीएम ने महिलाओं के लिए की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत

**पटना (एनएसबी)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहार की बेटियों और बहनों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की। राजधानी के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुलिस दीदी के लिए 4,700 दोपहिया वाहनों का लोकार्पण एवं फ्लैग ऑफ, मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप और बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अभया ब्रिगेड की महिला पुलिसकर्मियों ने सीएम को राखी बांधी।

सीएम सम्राट ने कहा कि बिहार में करीब 40 हजार महिला पुलिस बल में है। महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या देश के किसी भी राज्य की पुलिस बल में नहीं है। सरकार का लक्ष्य है कि बिहार की महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता के बल पर राज्य की तकदीर बदलें तथा समृद्ध बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदार बनें। वहीं मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप' का शुभारंभ के मौके पर कहा कि इसके तहत लगभग 1,000 छात्राओं को चार वर्षों तक 10,000 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा और शोध के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना का भी शुभारंभ के दौरान सीएम ने कहा कि इसके अंतर्गत महिला उद्यमियों को अपने नवाचार एवं उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए 50,000 से 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 2100 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इससे बेटियों में उद्यमिता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सीएम ने कहा कि आपातकालीन सेवा 112 का रिस्पॉन्स टाइम 10 मिनट से कम हो गया है। नई व्यवस्थाओं के लागू होने के बाद इसे 5-7 मिनट से भी कम करने का लक्ष्य है, ताकि जरूरत के समय महिलाओं सहित सभी नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उन्नति ही बिहार की प्रगति है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री संजय सिंह टाइगर, मिथिलेश तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, विधि व्यवस्था एवं कमजोर वर्ग की एडीजी केएस अनुपम, डीएम कुंदन कुमार, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



## पंडित चाणक्य मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की होगी स्थापना : सीएम

### समाज जब दिग्भ्रमित होता है तो सनातन दिखाता है राह : मिथिलेश

**पटना (एनएसबी)।** सनातन संस्कृति चेतना परिषद् के संरक्षक और राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय रवीन्द्र भवन सभागार में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर 'तुलसी के राम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गोस्वामी तुलसीदास जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि के साथ ही दीप प्रज्वलित कर किया। चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर सनातनियों की बहुत बड़ी जीत है। उसी तरह बिहार में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण सरकार के सनातनी संकल्प को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री जी की पंडित चाणक्य के नाम पर शोध संस्थान की मांग चौदह करोड़ बिहार की जनता के हित में है। राज्य सरकार पंडित चाणक्य के नाम पर चाणक्य मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के संचालन का काम करेगी। परिषद् के संरक्षक व माननीय शिक्षा मंत्री तिवारी ने कहा कि समाज जब-जब दिग्भ्रमित होता है तब सनातन ही राह दिखाता है। उन्होंने रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम की शुरूआत में वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा मंगलाचरण का पाठ किया गया। सनातन के सोलह संस्कार के सभी लोगों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रामचरितमानस, शॉल और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया। समारोह को मुख्य रूप से बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी, बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, माननीय विधायक श्री मुरारी मोहन झा, सुश्री मैथिली ठाकुर, ई. राकेश ओझा, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, बिहार राज्य खाद्य संरक्षण बोर्ड के सदस्य जय कृष्ण झा और भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश झा राजू समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता सनातन संस्कृति चेतना परिषद् के अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने की। समारोह में सनातन संस्कृति चेतना परिषद् के उपाध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा, उपाध्यक्ष शैलेश त्रिपाठी, सचिव विंध्याचल पाठक, कोषाध्यक्ष नित्यानंद ओझा, सह कोषाध्यक्ष आनंद मिश्रा, संयुक्त सचिव अमित मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनीष तिवारी, सदस्य चाँदनी पाण्डेय, सदस्य विपिन भारती, अधिवक्ता अजीत कुमार शुक्ला, सदस्य अर्चना ठाकुर, संजय चतुर्वेदी, अमित मिश्रा, अनिल दुबे समेत हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सनातनी उपस्थित थे।




**गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर राजधानी में लगा सनातनियों का जमावड़ा तुलसी के राम कार्यक्रम में रामचरितमानस को अपने जीवन में उतारने का संकल्प**

## बिहार प्रशासनिक सेवा में फेरबदल, नौ अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के नौ पदाधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई। इसके मुताबिक गोपालगंज के वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्ता, दरभंगा, सीतामढ़ी के जिला पंचायत राज पदाधिकारी विशाल को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), हाजीपुर भेजा गया है। जहानाबाद के जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजीत कुमार को एसडीओ, अरेराज, रोहतास के वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल को एसडीओ, जगदीशपुर, बिक्रमगंज के भूमि सुधार उप समाहर्ता संतोष कुमार को एसडीओ, मधुबनी सदर बना कर भेजा गया है।

## देश कोई धर्मशाला नहीं : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। यहां रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य देश को इन घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज (ठरर) कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में सभी बॉर्डर स्टेट का दौरा किया है। उन्होंने इन राज्यों के साथ सीमा सुरक्षा की रणनीति से जुड़ा दस्तावेज भी साझा किया। शाह ने आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने और उसके 360 डिग्री नेटवर्क को तोड़ने के लिए PRAHAR रणनीति को रोज की कार्रवाई में उतारने की बात कही। नक्सलवाद, आतंक और उग्रवाद की चुनौतियां खत्म- सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के तीन बड़े केंद्रों- नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर का आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियां खत्म कर दी हैं। इसका श्रेय सभी राज्यों की पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों को जाता है। अगर पिछली सरकारों ने नशीले पदार्थों, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर की समस्याओं को गंभीर होने से पहले समझ लिया होता, तो देश को दशकों तक इनका खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता।



**यहां रहने का अधिकार सिर्फ नागरिकों को, घुसपैठिए भारत की सुरक्षा के लिए खतरा**

# महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए काम करूंगी : निशा सिंह

दैनिक नवसंदेश

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में समारोह आयोजित, विधायक निशा सिंह ने संभाली भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी**

**मंडल स्तर तक महिला मोर्चा को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता : संजय सरावगी**

**महिलाओं की भागीदारी से संगठन को मिलेगी नई मजबूती : संजय सरावगी**

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित समारोह में नवनियुक्त महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसानिया, मंत्री श्रेयसी सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने निशा सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला मोर्चा को प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व का अवसर दिया है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन को बूथ, मंडल और जिला स्तर तक और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने निशा सिंह के नेतृत्व में महिला मोर्चा के नए उत्साह और ऊर्जा के साथ काम करने का विश्वास जताया।

सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बिहार में भी महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। महिला मोर्चा इन योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का स्वागत किया।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करना, अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ना और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि महिला कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और क्षमता का उपयोग संगठन को और मजबूत बनाने में किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दिव्या गुंजन ने किया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा डा. धर्मशिला गुप्ता, प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर, विधान पार्षद शिला प्रजापति, निवेदिता सिंह, महिला आयोग सदस्य एवं पूर्व प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा सजल झा, पिंकी कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान, शोभा सिंह एवं शिला सिंह कुशवाहा, सुषमा साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा हेमलता वर्मा, लाजवंती झा, प्रदेश मंत्री डा. रागिनी रानी, अंजनी निषाद, सीमा झा, पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा सहित कुमकुम देवी, शशि बलदीयार और चेतना सिंह उपस्थित रहीं।

## खबरें खास-खास

### एलएनएमआई पटना के छात्रों ने बिहार का नाम किया रोशन एनआईएसएम क्विज प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता के ईस्ट रीजनल राउंड में एलएनएमआई पटना के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं बिहार का नाम रोशन किया है। कोलकाता में आयोजित क्षेत्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में एलएनएमआई पटना की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 30,000 का नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

एलएनएमआई पटना के शिव शंभू पांडे, तृतीय सेमेस्टर, एमबीए फाइनेंस एवं सुधांशु कुमार, तृतीय सेमेस्टर, एमबीए जनरल (एसईसी-डी) ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ दोनों छात्रों ने मुंबई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया है।




कोलकाता में आयोजित क्षेत्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में एलएनएमआई पटना की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 30,000 का नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

कोलकाता में आयोजित इस ईस्ट रीजनल राउंड में 60 से अधिक कालेजों एवं विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, कल्याणी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूबी)ने प्राप्त किया, जबकि एलएनएमआई पटना की टीम द्वितीय तथा आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल,कोलकाता की टीम तृतीय स्थान पर रही। छात्रों के मेंटर एवं एलएनएमआई के सहायक प्राध्यापक डा. नीरज राज एवं डा. श्वेता जायसवाल ने दोनों छात्रों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए छात्रों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर संस्थान की निदेशक डा. एन. विजयलक्ष्मी, कुलसचिव सुधीर कुमार, उप कुलसचिव डा. प्रीति सिंह, संस्थान की मीडिया प्रभारी डा. मनीषा श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### साहित्य की सुरमयी शाम में याद किये गये स्व. पं. रामयज्ञ पाण्डेय

**प्रतापगढ़ / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्व. पं. रामयज्ञ पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य के स्मृति दिवस पर उनके सुपुत्र शिक्षक पं. राकेश पाण्डेय के द्वारा आयोजित एवं कई शिक्षण संस्थान के प्रबन्धक पं. अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात के संयोजन में उनके निवास स्थान सैलखा पट्टी में भव्य विचार गोष्ठी के साथ कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि स्व. पं. रामयज्ञ पाण्डेय समाज सुधारक और गरीबों की मदद के साथ शिक्षा जगत के बेताज बादशाह थे। स्व. पंडित जी चाहते थे कि हर परिवार के बच्चे शिक्षित हों । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार सिंह (पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक, भारत सिंह इण्टर कलेज कुम्हिया पट्टी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पवन कुमार सिंह ने कहा कि पं. जी बहुत ही नेक दिल इंसान के साथ साथ युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत थे उनके व्यक्तित्व पर लिखी गई एक किताब कम पड़ जायेगी। विशिष्ट अतिथि रहे बद्री नारायण मिश्र (पूर्व प्राचार्य मुनीश्वरदत्त संस्कृत महाविद्यालय गौरामाफी ने कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य पं. जी संघर्षपूर्ण व्यक्ति थे उनका स्वभाव हर व्यक्ति के लिए बहुत अच्छा था। उसी क्रम में ओंकार नाथ मिश्र (पूर्व उप ब्लाक प्रमुख ने कहा कि प्रधानाचार्य अपने आप में एक बेमिसाल व्यक्ति थे उनका कोई तोड़ या जोड़ नहीं था ।

वहीं उद्घाटन अतिथि रहे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य स्व. पं. रामयज्ञ पाण्डेय एक आदर्श शिक्षक ही नहीं बल्कि एक अच्छे



कार्यक्रम के आयोजक रहे राकेश कुमार पाण्डेय ने आये हुए कवियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर किया एवं आये हुये सभी अतिथिओं का आभार व्यक्त किया।

व्यक्ति भी थे । आचार्य नरेंद्र देव माध्यमिक विद्यालय नरेन्द्र नगर विनैका प्रतापगढ़ गवाह है कि समाज व शिक्षा के प्रति कितने जिम्मेदार थे ऐसे महामानव को मैं बार बार नमन करता हूं। वहीं कार्यक्रम का संयोजन कर रहे पं. अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने कहा कि स्व. पं. जी संघर्ष करने वाले व्यक्ति थे उनका जीवन सदा संघर्षशील रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत कल्पना तिवारी के वाणी वंदना से हुई। इसी क्रम में अयोध्या से पधारी पूनम मिश्रा ने पढ़ा, इनसे थोड़ी प्रीत लगाकर देखो तो, तुमको सारे दर्द मुहैय्या कर देंगे। वहीं अंबेडकर नगर से आई हुई कवयित्री प्रतिमा तिवारी ने पढ़ा खामोश सारे दिल के अरमान हो गए ऐसा लगा हम रेत के मकान हो गये,वहीं प्रतापगढ़ की कवयित्री चाँदनी दुबे ने पढ़ा, मिलता है अगर दोस्त के हाथों से तुझे, तो जहरे हलाहल कर ले ,प्रतापगढ़ जनपद के कवियों में,प्रेम कुमार त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय गड़बड़, दिनेश चन्द्र त्रिपाठी,हमदम प्रतापगढ़ी, योगेश सिंह, राकेश कुमार पाण्डेय, एवं नियाज प्रतापगढ़ी ने अपनी रचना आज कल मन उदास रहता है,सारा सावन उदास रहता है,आप क्या छोड़कर गए आँगन,घर का आँगन उदास रहता है रचना के माध्यम से स्व पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. हरि प्रसाद मिश्रा (पूर्व एयर फोर्स अफिसर) ने किया। वहीं अपने कुशल संचालन से रविन्द्र अजनबी ने शमां बांध दिया। इसी अवसर पर अंजनी कुमार सिंह, बसंत प्रसाद पाण्डेय, कैलाश नाथ तिवारी, प्रभाकर त्रिपाठी, विजय प्रताप त्रिपाठी, अजीत प्रताप त्रिपाठी, रफीक खान, काशी नारायण मिश्रा, रत्मेश रावत, पवन पाण्डेय, भुनेश्वर विश्वकर्मा, बलराम पाण्डेय, राम लवट यादव, नेता कांग्रेस, राकेश त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, छोटे लाल निषाद, हरिकेश पाण्डेय, अखिल नारायण सिंह, सुरेश मिश्रा, रविकांत पाण्डेय एवं पुजारी जी उपस्थित रहे एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजक रहे राकेश कुमार पाण्डेय ने आये हुए कवियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर किया एवं आये हुये सभी अतिथिओं का आभार व्यक्त किया।

## खबरें : एक नजर में

### नेपाल में फ्लैश फ्लड से बिहार सरकार को सचेत व सतर्क रहना होगा : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि नेपाल में आकस्मिक बाढ़ के कारण बिहार में जलप्रवाह बढ़ने की संभावना के मद्देनजर संबंधित तटवर्ती जिलों के संवेदनशील व प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सजग एवं विशेषकर बिहार सरकार को सचेत व सतर्क रहना होगा।



तेजस्वी यादव।

प्रशासन को किसी भी प्रतिकूल आपात परिस्थिति और खतरे से निपटने के लिए लगातार निगरानी तथा राहत-बचाव कार्यो के अलावा सभी जरूरी प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियां रखनी चाहिए। सरकार बांध एवं तटबंधों की 24 गुना 7 निगरानी रख उनकी मजबूती एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पार्टी कार्यकर्ताओं से हमारा आग्रह है कि विशेषकर गंडक नदी से जुड़े जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली के स्थानीय लोगों को आवश्यक सूचना और चेतावनी देकर जागरूक करते रहें।

### नाशे में धुत्त बदमाशों ने दुकानदार और उसके साथी को चाकू मारकर जख्मी किया

**पटना/ एनएसबी।** एसके पूरी थाना के नेहरू नगर नाला पर एसबीआई के समीप बुधवार की सुबह एक दुकानदार नीतीश और उसके साथी को बदमाश ने चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने जनता की मदद से दोनों जख्मी को अस्पताल में भर्ती करा दिया। इधर घटना को अंजाम देकर भाग रहे दो बादाशों में एक बदमाश को स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी भीड़ ने धुनाई कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पकड़े गए बदमाश को अपने कब्जे में लेकर थाना चली गई। बताया गया है कि पैसे के लेनदेन में झड़प होने के बाद बदमाश ने दुकानदार को चाकू मार दिया, उसे बचाने गए साथी को भी बदमाश ने चाकू मारकर कर जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगो के मुताबिक दोनो बादमाश नशे में धुत्त थे।

### नागरिक अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री द्वारा गठित कमेटी का किया स्वागत, कहा-यह जनता की जीत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नगर निगम द्वारा आवासीय एवं गैर-आवासीय क्षेत्रों का उचित वर्गीकरण किए बिना नागरिकों को नोटिस दिए जाने के विरोध में नागरिक अधिकार मंच, पटना द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के फलस्वरूप आज बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित किए जाने का नागरिक अधिकार मंच ने स्वागत किया है। मंच ने इसे जनता की जीत बताया है।

पटना नगर निगम के पूर्व उप महापौर सह पार्षद विनय कुमार पप्पू, नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, पार्षद श्रीमती शोभा देवी, श्रीमती तरुणा राय,मनोज मेहता, श्रीमती सोनी देवी, जय प्रकाश यादव, श्रीमती पिंकी यादव एवं पूर्व पार्षद मुकेश पासवान ने मुख्यमंत्री द्वारा गठित कमेटी का स्वागत करते हुए कहा कि नागरिकों के हित में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

नेताओं ने मांग की कि पटना नगर निगम द्वारा नागरिकों को दिए गए नोटिस के आधार पर की जा रही कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि जांच एवं कमेटी की रिपोर्ट आने तक आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नागरिक अधिकार मंच ने पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा, कुम्हरार के विधायक संजय गुप्ता, दीघा के विधायक संजीव चौरसिया एवं बांकीपुर के विधायक प्रशांत किशोर से भी आग्रह किया है कि दिनांक 27-08-2026 को होने वाली पटना नगर निगम बोर्ड की बैठक में उपस्थित होकर पटना के नागरिकों की समस्याओं एवं नगर निगम द्वारा जारी नोटिस के मामले में स्थिति स्पष्ट करें तथा नागरिकों के हित में आवाज उठाएं।

मंच के देवरतन प्रसाद, राम नारायण सिंह, मो. जावेद, अमोद कुमार, राजीव रंजन, अजित सिंह कुशवाहा, मुन्ना जायसवाल, बबलू जायसवाल एवं एजाजुद्दीन उर्फ सानू ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गठित कमेटी में पटना की महापौर एवं उप महापौर को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नगर निगम से संबंधित विषयों पर उनकी भी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। नागरिक अधिकार मंच ने कहा कि मंच का संघर्ष किसी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नहीं, बल्कि पटना के आम नागरिकों के अधिकारों एवं न्याय के लिए है। मंच आगे भी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से नागरिकों की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा।

## नारायण हेल्थ और माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** माँ वैष्णो देवी सेवा समिति एवं माँ ब्लड सेंटर परिवार के मानवतावादी और सामाजिक सेवा कार्यो को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हुए परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने समिति को अपना विशेष आशीर्वचन दिया।

गुरुदेव ने समिति द्वारा चलाए जा रहे सेवा अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि मानव कल्याण का यह पुण्य कार्य निर्बाध गति से आगे बढ़ता रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ध्यान और मेडिटेशन के माध्यम से बिहार के नागरिकों को मानसिक तनाव और चिंता से मुक्त करने की दिशा में भी सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया।

इस विशेष अवसर पर समिति की ओर से नारायण हेल्थ के संस्थापक एवं अध्यक्ष (पद्म श्री व पद्म भूषण से सम्मानित) डा. देवी प्रसाद शेट्टी तथा डा. सुनील भट्ट को सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु में बिहार के 33 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार के 90 से अधिक अन्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों जिनके सगे भाई-बहनों का बोन मैरो 100 प्रतिशत मैच हो चुका है के सुरक्षित एवं त्वरित बोन मैरो ट्रांसप्लांट की योजना पर डा. शेट्टी, डा. भट्ट और उनकी विशेषज्ञ टीम के साथ विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।



नारायण हेल्थ के संस्थापक एवं अध्यक्ष (पद्म श्री व पद्म भूषण से सम्मानित) डा. देवी प्रसाद शेट्टी तथा डा. सुनील भट्ट को सम्मानित किया गया।

**नारायण हेल्थ के साथ ऐतिहासिक एमओयू :** समिति ने जानकारी दी कि इस अवसर पर नारायण हेल्थ, बेंगलुरु के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत माँ वैष्णो देवी सेवा समिति और माँ ब्लड सेंटर में निस्वार्थ सेवा दे रहे स्वयंसेवकों एवं उनके परिजनों को नारायण हेल्थ में इलाज में प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में समिति की ओर से मुकेश हिसारिया, रामकृष्ण कुमार, राजकमल और सूरज भारती उपस्थित रहे। समिति परिवार ने पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी, डा. देवी प्रसाद शेट्टी, डा. सुनील भट्ट और नारायण हेल्थ की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। अंत में समिति ने संकल्प दोहराया कि रक्तदान, थैलेसीमिया उन्मूलन और जनसेवा के इस अभियान को भविष्य में और अधिक व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

## बीपीएससी एवं टीआरई-4 अभ्यर्थियों की न्यायपूर्ण मांगों का तत्काल समाधान करे सरकार : पप्पू वर्मा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में बीपीएससी एवं टीआरई-4 को लेकर आंदोलनरत छात्र-युवाओं और अभ्यर्थियों की न्यायपूर्ण मांगों के समर्थन में पटना विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य पप्पू वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों, भर्ती प्रक्रियाओं में लगातार हो रही देरी और स्पष्टता के अभाव के कारण आज बिहार का युवा अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। रोजगार, शिक्षक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर सरकार की उदासीनता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि बीपीएससी एवं टीआरई-4 को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन केवल किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बिहार की पूरी भर्ती व्यवस्था में व्याप्त अनिश्चितता, देरी और पारदर्शिता की कमी के खिलाफ छात्र-युवाओं का आक्रोश है। टीआरई-4 अभ्यर्थी परीक्षा प्रक्रिया में स्पष्टता, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, परीक्षा से जुड़े नियमों पर स्पष्ट निर्णय तथा अभ्यर्थियों की न्यायपूर्ण मांगों के समाधान की मांग कर रहे हैं।

## पटना के महावीर कालोनी की प्रेरणा बनी कंपनी सेक्रेटरी



प्रेरणा चौधरी बनी कंपनी सेक्रेटरी।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) की परीक्षा पास कर राजधानी पटना के महावीर कालोनी की रहने वाली प्रेरणा चौधरी कंपनी सेक्रेटरी बन गयी है। आईसीएसआई ने इससे संबंधित परिणाम मंगलवार को जारी किया है। मुकेश कुमार चौधरी और भावना चौधरी की पुत्री प्रेरणा मूलरूप से समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड के निकसपुर गांव की रहने वाली है। प्रेरणा ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा पटना से पास की है जबकि स्नातक की डिग्री उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से हासिल की है। प्रेरणा इन दिनों दिल्ली में रहकर वहां की एक फर्म में इंटर्नशिप कर रही है। प्रेरणा की सफलता से उसके परिवार और शुभचिंतको में खुशी का माहौल है।

## गोपीकृष्ण गोआश्रम के संचालक पंडित राजकुमार शुक्ल समाजसेवी शिखर सम्मान से सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्था द्वारा 151 वीं जयंती समारोह के अवसर पर गोपीकृष्ण गोआश्रम के संचालक गोपाल कृष्ण मोदी को समाजसेवी शिखर सम्मान से शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने सम्मानित किया गया। मोदी अपने गोआश्रम मे 33 बूढ़ी बीमार जो दूध नही देती हैं उनको रखकर उनकी सेवा करते है। उनके गो आश्रम में गौमाता की सुविधा के लिए गर्मियों में कूलर एवं सर्दियों में हीतत चलाने की व्यवस्था है। गोमाता की देखभाल के लिए पांच कर्मचारी हैं तथा दो पशु चिकित्सक इन गायों की देखभाल करते हैं। गोआश्रम में चारो ओर से महीन तार की जाली लगी हुई है जिससे मख्खी गोमाता को परेशान न कर सके। मोदी प्रतिदिन प्रातःकाल चार बजे से गोमाता को भजन सुनवाते हैं। मोदी का कहना है कि यह सम्मान मुझे नही गोमाता को मिला है। मोदी द्वारा एक रोटी वैन बैंक भी बनवाया गया है जिसके द्वारा वे लोगों के घरों से पहली रोटी इकट्ठा कर गोमाता को खिलवाते हैं।




गोपीकृष्ण गोआश्रम के संचालक गोपाल कृष्ण मोदी को समाजसेवी शिखर सम्मान से शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने सम्मानित किया ।

## एसकेएफआई के मंच पर प्रदान किया गया कई विभूतियों को राष्ट्र गौरव अवार्ड

दैनिक नवसंदेश

**हिमाचल प्रदेश के विलासपुर में सम्पन्न हुआ 9वां राष्ट्र गौरव सम्मान**

**सम्मानित हुए छपरा के वरिष्ठ पत्रकार डा. विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं समाजसेवी डा. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव**

**छपरा।** भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया का 9वां राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह बिलासपुर में संपन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त (डीएम बिलासपुर) आईएएस राहुल कुमार ने समारोह में 32 विभूतियों को 'राष्ट्र गौरव' अवार्ड एवं नौ अन्य अलग-अलग प्रतिभाओं को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए 'राष्ट्रीय प्रतिभा' सम्मान से नवाजा है।

भव्य सम्मान समारोह का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसकेएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन, विशिष्ट अतिथि कर्नल (रि.) जसवंत सिंह चंदेल और जिला भाषा अधिकारी श्रीमती नीलम चंदेल ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर फेडरेशन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर और बिहार के प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार तथा कायस्थ परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष डा.विद्या भूषण श्रीवास्तव बतौर अतिथि उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष ललिता कश्यप और बिलासपुर जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने सभी अतिथियों का हिमाचली टोपी पहनाकर शल एवं पुषुच्छ के साथ उनका स्वागत-सत्कार किया।

मुख्य अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार ने जहां कुल सम्मानित 41 प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से अन्य लोगों को भी सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है, वहीं कार्यक्रम की अतिथि जिला भाषा अधिकारी (डीएलओ) श्रीमती नीलम चंदेल ने समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यो की प्रशंसा की है। विशिष्ट अतिथि कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की भी सराहना करते हुए भविष्य में पूर्ण सहयोग देने की घोषणा की ।

इसके पूर्व फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र बच्चन ने संस्था के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमो की चर्चा करते हुए कहा कि 77 सामाजिक सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को जोड़ते हुए फेडरेशन देश के करीब दर्जन भर राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है । विगत 5 मार्च 2019 से प्रारम्भ होकर देश के कई राज्यो में इस तरह के आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभूतियों को राष्ट्र गौरव से नवाजा है तथा दलगत भावना से ऊपर उठकर ज्वलन्त समस्याओ पर चर्चा किया है। यही नहीं सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं को आम लोगो तक पहुंचने में सहयोग भी प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक कार्य के रूप में समाज के वंचितों असहायों गरीब लोगों की सेवा करते आया है।



बिहार प्रदेश अध्यक्ष डा. विद्या भूषण श्रीवास्तव को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष डा. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डा. विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जबकि छपरा के जिला अध्यक्ष कमल किशोर सहाय एवं जिला संगठन मंत्री ओम प्रकाश सिंह पराशर को भी उनके प्रतिनिधि के माध्यम से अंगवस्त्र एवं हिमालयी टोपी देकर सम्मानित किया गया।

इस आशय की जानकारी समारोह में शरीक होकर छपरा लौटने पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष डा. विद्या भूषण श्रीवास्तव ने दी तथा कहा कि कार्यक्रम होने से पहले कई लोगों ने एसकेएफआई की सदस्यता ग्रहण की और प्रदेश अध्यक्ष ललिता कश्यप ने प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी की थी, जिससे इस अवसर पर पदाधिकारियों और सदस्यों में दोगुना उत्साह और जोश देखने को मिला। उन्होंने एक स्वर में कहा कि वे सभी संस्था के कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में शीघ्र ही एसकेएफआई की इकाई गठित की जाएगी।

कार्यक्रम का सफल संचालन रविन्द्र कुमार शर्मा ने किया। आयोजक व प्रदेश अध्यक्ष ललिता कश्यप ने अपने सभी सहयोगियों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद और अतिथियों के प्रति अभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में एसकेएफआई को लेकर कई साहित्यकारों, कवियों और समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही महिला मंडल ने सांसतिक प्रस्तुति देकर मन मोह लिया।

इस अवसर पर पत्रकार हेमन्त कुमार ,सौरभ तिवारी एवं पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के केमिकल इंजीनियरिंग छात्र विभास भूषण को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर मंच पर सम्मानित किया गया।

वहीं शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा, कला-संस्कृति, सेना, पुलिस और पत्रकारिता से जुड़े कई गणमान्य उपस्थित रहे। अंत मे दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डा अभिजीत कुमार श्रीवास्तव ने घोषणा की कि फेडरेशन के स्थान दिवस आगामी 5 मार्च 2027 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कुशेश्वरस्थान में दो दिवसीय अष्टयाम संकीर्तन संपन्न

**कुशेश्वरस्थान(एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बेर पंचायत स्थित अंबेडकर भवन के निकट महावीर मंदिर परिसर में सावन की अंतिम सोमवारी के उपरांत आयोजित दो दिवसीय अष्टयाम संकीर्तन आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।पिछले दो दिनों से मंदिर परिसर "हरे राम- हरे कृष्ण" के जयघोष से गूंज रहा था। अष्टयाम के दौरान दिन-रात अखंड हरी कीर्तन किया गया। जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडलियों के साथ-साथ बाहर से आए किर्तनकारों ने भी भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव और हनुमान जी की आराधना के लिए प्रत्येक वर्ष इस अष्टयाम का आयोजन किया जाता है। अंतिम सोमवारी के बाद इस आयोजन का विशेष महत्व माना जाता है। अष्टयाम के समापन पर आज सुबह हवन पूजन और महा आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान आसपास के कुशेश्वरस्थान सुल्तानपुर बिशनपुर नवटोलिया बथनाहा सहित कई गांव से बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचे थे। पूरे आयोजन के दौरान शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजन समिति के कार्यकर्ता सक्रिय रहे।



### 4 - 0 जीतकर दर्ज कर फाइनल में पहुंचीं मिथिला सपोर्टिंग क्लब दरभंगा की टीम

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बहुआरा स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में मिथिला सपोर्टिंग क्लब दरभंगा की टीम ने पहला सेमीफाइनल जीतकर फाइनल मैच में जगह पक्की कर ली। उसने आजाद फुटबॉल क्लब भौवारा मधुबनी की टीम को 4 - 0 से पराजित किया। हाफ टाइम से पहले पहला गोल दागने में जर्सी नम्बर 15 मो सद्दाम वहीं हाफ टाइम के बाद दुसरा गोल दागने में जर्सी नम्बर नौ मनीष कुमार सफल रहे। इसके बाद तीसरा गोल शमीर कुमार ने दागा। चौथा गोल जर्सी नम्बर 19 गौतम कुमार ने दागकर इस मैच को अपने नाम कर लिया। मिथिला सपोर्टिंग क्लब दरभंगा ने 4 - 0 जीरो से इस मैच को जीत लिया। आजाद फुटबॉल क्लब भौवारा मधुबनी की टीम ने भी खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। सचिव मीर मो शहनवाज, मो दिलशाद, मो अफजल, मो जाकिर ने जानकारी देते हुए बताया कि दुसरा सेमीफाइनल मैच एनएससी बहुआरा और मिल्लत स्पोर्ट्स क्लब कुम्हरौली के बीच 27 अगस्त को होगा।



### अमर शहीद रामफल मंडल की स्मृति में हो अकादमीक चेयर की स्थापना

**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला के अमर शहीद स्व.रामफल मंडल जी की पावन स्मृति में दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में उच्चस्तरीय अकादमिक 'चेयर' की स्थापना किया जाए। सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड अंतर्गत मधुरापुर ग्रामवासी रामफल मंडल ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी शहादत दी थी।अमर शहीदों के पुण्यस्मृति में शिक्षण संस्थानों अथवा विश्वविद्यालयों में अकादमिक चेयर की स्थापना होती रही है। उक्त बातें ग्रामीण विधानसभा के विधायक ईश्वर मंडल ने को ज्ञापन सौंपते हुए डॉ.अरुण कुमार मंडल ने कहीं। आगे ज्ञापन में डॉ.मंडल ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक चेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समकालीन व उत्तरवर्ती पीढ़ियों के युवाओं को उस शहीद की जीवन यात्रा तथा शहादत के विषय में विस्तार से जानने व समझने के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर उज्जवल कुमार ने कहा कि ऐसे चेयर द्वारा समय-समय पर प्रख्यात विद्वानों के अकादमिक उद्बोधन से युवाओं को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया जाता है।साथ ही स्व.रामफल मंडल जी की पुण्यस्मृति में स्थानीय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में एक अकादमिक चेयर स्थापित किए जाने की मांगों को दोहराते हुए कहा कि इसके लिए मिथिला सदैव आपका आभारी रहेगा। ज्ञापन मिलने के उपरांत विधायक ईश्वर मण्डल ने कहा कि जल्द ही इसको लेकर मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर मांग को आगे बढ़ाऊंगा।



### समृद्ध शास्त्र-परंपरा को निर्मित और संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी : प्रो. प्रो. पुरेन्द्र वारिक


**संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के दूसरे दिन शास्त्रों पर खूब हुई चर्चा**

**दरभंगा(एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित स्नातकोत्तर विभाग, शिक्षाशास्त्र विभाग, म.अ.रमेशवरलता संस्कृत विश्वविद्यालय एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सप्ताह समारोह के अंतर्गत दूसरे दिन बुधवार को स्नातकोत्तर सभाभवन में शास्त्रचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएसडब्ल्यू प्रो. पुरेन्द्र वारिक ने "स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्" का संदर्भ देते हुए कहा कि हमारे आचार्यों ने निरंतर अथक परिश्रम करके इस समृद्ध शास्त्र-परंपरा को निर्मित और संरक्षित किया है। इसे हमें अक्षुण्ण रखना होगा ।वहीं, सारस्वत अतिथि के रूप में शास्त्र चर्चा में उपस्थित स्नातकोत्तर व्याकरण के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश्वर झा ने अपने सम्बोधन में शास्त्रचर्चा के साम्प्रतिक प्रयोजन पर प्रकाश डालते हुए शास्त्र के वास्तविक स्वरूप को परिभाषित किया। उन्होंने प्रतिपादित किया कि प्रवृत्ति, निवृत्ति और नित्यता जैसे मूलभूत लक्षणों एवं विशेषताओं से युक्त रचना ही वस्तुतः शास्त्र है। शास्त्र मानव को किस कार्य में प्रवृत्त होना चाहिए और किससे निवृत्त होना चाहिए, इसका विवेक प्रदान करता है। साथ ही, शास्त्र की प्रामाणिकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्राचीन परंपरा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि "शास्त्र कैसा होना चाहिए, इसके लिए प्राचीन काल में शास्त्रकार-परीक्षा की कठोर व्यवस्था होती थी। ठीक उसी प्रकार काव्य के मानदंड तय करने के लिए काव्यकार-परीक्षा ली जाती थी।



### पारा विधिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा।**बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर प्रमंडलीय स्तर पर पारा विधिक स्वयंसेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में दरभंगा प्रमंडल के तीनों जिले दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के लगभग 300 पारा विधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रुप में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त सचिव अविनाश कुमार मौजूद थे। दरभंगा सदर के पारा विधिक स्वयंसेवकों ने तथा विधिक साक्षरता क्लब के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्वागत भाषण के दौरान सभी पीएलवी को निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन की बात कही। संयुक्त सचिव अविनाश कुमार ने पीएलवी से वातार्लाप कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।प्राधिकार सचिव आरती कुमारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद सौरव ने किया। सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के अभिजीत एवं यूनिसेफ के अजय कुमार ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार समस्तीपुर के सचिव मनोज कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के रामविनय कुमार आदि मौजूद थे।



# मखाना की गुणवत्ता बनाए रखने हेतू बेहतर पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग बेहद जरूरी: साकेत कुमार

**मखाना प्रसंस्करण को अधिक वैज्ञानिक, गुणवत्तापूर्ण एवं बाजारोन्मुख बनाने पर दिया जोर**

**मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण**

**मखाना की खेती से लेकर हार्वेस्टिंग, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग एवं निर्यात तक की पूरी श्रृंखला का लिया जायजा**

**दरभंगा(एनएसबी)।** वाणिज्य विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव साकेत कुमार एवं जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार द्वारा दरभंगा जिला अंतर्गत ह्यश्री मिथिला मखाना किसान उत्पादक संगठन सहकारी समितिह्न का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने मखाना उत्पादन, जल प्रबंधन, हार्वेस्टिंग, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, एकीकृत कृषि प्रणाली तथा मखाना के निर्यात से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया।निरीक्षण के अवसर पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी नीरज कुमार झा, डॉ. सी.वी. सिंह, उप महाप्रबंधक एपीडा, समिति के अध्यक्ष महेश मुखिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कृषक एवं संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।निरीक्षण के क्रम में खेत प्रणाली एवं पारंपरिक तालाब प्रणाली से मखाना उत्पादन की पूरी कार्यप्रणाली को समझा।



निरीक्षण करते संयुक्त सचिव, जिलाधिकारी एवं अन्य

किसानों द्वारा मखाना के रोपण की प्रक्रिया, फसल के विभिन्न चरणों में जल की आवश्यकता, जल प्रबंधन तथा फसल चक्र के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। बगल के तालाब में चल रहे मखाना हार्वेस्टिंग कार्य का अधिकारियों ने प्रत्यक्ष अवलोकन किया। समिति के सदस्यों एवं किसानों द्वारा जल से मखाना बीज (गुड़ी) निकालने की पारंपरिक एवं दक्ष तकनीक का प्रदर्शन किया गया। हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को बारीकी से देखा तथा किसानों से इस कार्य में लगने वाले श्रम, समय, लागत एवं व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों ने गुड़ी से मखाना लावा तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने मखाना प्रसंस्करण को अधिक वैज्ञानिक, गुणवत्तापूर्ण एवं बाजारोन्मुख बनाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में मखाना की गुणवत्ता आधारित ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विभिन्न गुणवत्ता एवं आकार के मखाना की ग्रेडिंग, पैकेजिंग की प्रक्रिया तथा तैयार उत्पाद की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने मखाना उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, बेहतर पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के माध्यम से देश-विदेश के बाजार में उत्पाद की मांग बढ़ाने तथा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

***मखाना-सह-मछली पालनह्न मॉडल का भी किया अवलोकन***

अधिकारियों ने किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से अपनाए जा रहे ह्यमखाना-सह-मछली पालनह्न मॉडल का भी अवलोकन किया। इसके अंतर्गत एक ही जल क्षेत्र में मखाना उत्पादन के साथ मछली पालन से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।साथ ही, हैचरी प्रबंधन एवं एकीकृत कृषि मॉडल से संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी ली गई। संयुक्त सचिव एवं जिलाधिकारी ने किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में इस मॉडल को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।इसके पश्चात संयुक्त सचिव साकेत कुमार एवं जिलाधिकारी श कौशल कुमार ने दोनार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सी फूड प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। उक्त इकाई द्वारा मखाना के निर्यात से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाती हैं। अधिकारियों ने यहां मखाना के निर्यात की प्रक्रिया, बाजार, गुणवत्ता मानकों एवं उत्पाद की पैकेजिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की।इसके बाद अधिकारियों द्वारा बेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आदिया एग्रीटेक का भी निरीक्षण किया गया, जहां ऑर्गेनिक मखाना उत्पादों से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस दौरान मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता, ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग तथा निर्यात की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।उन्होंने किसानों, उत्पादक संगठन , प्रसंस्करणकताओं एवं निर्यातकों के साथ संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं व्यावहारिक समस्याओं को समझा। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में मखाना उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, बेहतर प्रसंस्करण, ग्रेडिंग-पैकेजिंग एवं बाजार की सुविधा उपलब्ध कराकर मखाना की मूल्य श्रृंखला को और मजबूत किया जा सकता है।

# रक्तदान शिविर इंसानियत की खूबसूरत मिसाल :डॉ. मुन्ना खान

**पानी,शरबत और जूस के साथ साथ डॉ. मुन्ना खान के द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन**

**दरभंगा(एनएसबी)।** जशन ए ईद मिलादुन्नबी 2 रवि अब्बल के इस मोबारक मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन खान चौक स्थित मदयान डेंटल क्लिनिक पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़चढ़ कर पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लेकर जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने के अपनी ओर से एक और नेक मकसद से रक्तदान किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर कांग्रेस नेता सह सामाजिक कार्यकर्त्ता, डॉ. मुन्ना खान के नेतृत्व में किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि जुलुस ए मोहम्मदी पर पहली बार आयोजित इस रक्तदान शिविर की सबसे खूबसूरत बात यह रही के हमारे एक हिंदू भाई कुणाल पांडेय ने भी आगे बढ़कर अपना रक्तदान किया। भाई कुणाल पांडेय का यह कदम सिर्फ रक्तदान नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव, इंसानियत की सबसे बड़ी मिशाल के साथ उनका रक्तदान करना मजबूत संदेश समाज को दे गया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से कुणाल पांडे,नसीम खान, मिनतुल्लाह अंसारी, आदिल खान, अजमतउल्लाह अंसारी, अल्ताफ अनवर खान, एमडी परवेज शेख, अदनान खान, बिलाल अहमद अंसारी, दस्तगीर अंसारी, एमडी इमदाद, नजीब खान, इल्हाम खान, आतिफ असलम,डा शब्बीर,डॉ वारिस शोहरवादर्दी, कासिफ इकबाल,अब्दुल्ला खान, नाजिर खान,मो. साबिर , सलेहीम खान, इरफान आलम,मकसूद आलम, मो कैफ आलम,मो फुरकान सहित 26 लोगों ने रक्तदान कर मिसाल कायम किया। साथ-साथ जुलूस में आए लोगों को जूस, पीने के पानी और शरबत पिलाते देखे दिए।



कार्यक्रम में डॉक्टर मुन्ना खान एवं अन्य

# स्कूल कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती का निर्णय ऐतिहासिक कदम : डा. गोपाल जी ठाकुर

**आधी आबादी को पीएचडी फेलोशिप तथा स्टार्टअप के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा पर सांसद ने जताया हर्ष**

दरभंगा(एनएसबी)। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया जा रहा है। स्कूल कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती तथा महिलाओं को पीएचडी, फेलोशिप तथा स्टार्टअप शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बुधवार को रक्षाबंधन के अवसर पर ज्ञान भवन, पटना में गृह विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार की बहनों की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर शुरू किए गए पहल की सराहना करते हुए कहा है कि महिलाओं की उच्च शिक्षा एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 1,000 महिलाओं को पीएचडी हेतु प्रतिमाह 10,000 की फेलोशिप तथा 2,100 महिलाओं को स्टार्टअप के लिए 50 हजार से 2 लाख तक की सहायता की शुरूआत किए जाने तथा महिला सुरक्षा के लिए पुलिस दीदी योजना के तहत पूरे बिहार में करीब 2,700 स्कूटी एवं 2,000 से अधिक मोटरसाइकिल से स्कूल-कॉलेज के आसपास तैनाती के फैसलों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से स्कूल-कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती से छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और मजबूत होगी तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्ग की महिलाओं को उच्च शिक्षा का सपना साकार होगा। सांसद डा ठाकुर ने बिहार सरकार द्वारा शुरू किए गए पहल को सुरक्षित, शिक्षित तथा महिलाओं के आत्मनिर्भरता का मजबूत संकल्प बताते हुए कहा कि बिहार की करीब 1.81 करोड़ महिलाएं जीविका से जुड़ी हैं और लगभग 43 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अगले दो वर्षों में एक लाख और जीविका दीदियों को लखपति बनाने के लक्ष्य को पूरा कर महिला सशक्तिकरण का नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बिहार में सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में एनडीए गठबन्धन की सरकार संकल्पित है।सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं ही सुरक्षित, समृद्ध एवं विकसित बिहार की पहचान बनेंगी।



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा

### पूर्व पार्षद ने सड़क एवं नाला निर्माण कार्य में लगाया अनियमितता का आरोप

**दरभंगा(एनएसबी)।** पूर्व पार्षद सुनील बिहारी सहित मोहल्लेवासियों ने दरभंगा नगर आयुक्त को एक ज्ञापन देकर वार्ड संख्या 13 कटहलबाड़ी में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा की गई अनियमिता की जांच की मांग की है। अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि कटहलबाड़ी दुर्गा मंदिर के पास की सड़क सुनील बिहारी के घर से लेकर डॉ. सुनील कुमार थापर के घर के निकट तक जो सड़क ढलाई कार्य कराया जा रहा है उसमें कहीं भी थिकनेस एवं चौराई मेंटेनेंस का ध्यान नहीं रखा गया है। वही दीवानी तकिया निवासी मदन महासेठ के घर से पार्षद के घर होते हुए राजू लाला जी के घर तक एवं रविंद्र झा के मकान तक सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता है। निर्माण स्थल पर प्राक्कलन संबंधित कोई भी सूचना पट नहीं लगा हुआ है। नगर आयुक्त से अभिलंब स्थल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने बालों में मिठू शाह,अविनाश कुमार झा,संतोष कुमार, राजाराम शर्मा, सुधीर कुमार महासेठ, राजा महासेठ, मोहम्मद अमजद, गणेश पासवान, ललित कुमार, कृष्ण कुमार, निरूपेंद्र नाथ झा, अंशु कुमारी, सुधीर कुमार महासेठ सहित पांच दर्जन से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।



### शास्त्र चर्चा कार्यक्रम में शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन

**दरभंगा(एनएसबी)।** शास्त्रचर्चा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न शास्त्रों एवं विषयों के विशेषज्ञ विद्वानों द्वारा क्रमशः शास्त्रों का उपस्थापन किया गया । उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकान्त ने बताया कि गुरुवार कार्यक्रम के तीसरे दिन स्कूली बच्चों एवं उच्चतर कक्षाओं के छात्रों के लिए अलग अलग शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। वहीं शस्त्र चर्चा के क्रम में सर्वप्रथम व्याकरण विभाग से डॉ. साधना शर्मा ने अथशब्दानुशासनम् पर अथ शास्त्र के मंगलमय आरम्भ का तथा शब्दानुशासनम् शब्दों के शास्त्रीय एवं व्याकरण सम्मत अनुशासन का बोध कराते हुए व्याकरण शास्त्र के विषय, प्रयोजन और अध्ययन-परम्परा पर चर्चा की । साहित्य विभाग से डॉ. निशा ने रसास्वादन प्रक्रिया विषय पर भारतीय काव्य शास्त्र में रसास्वादन का अर्थ -काव्य, नाटक अथवा कलात्मक प्रस्तुति के माध्यम से उत्पन्न होने वाले रस के विभिन्न प्रकारों का विवेचन की। ज्योतिष विभाग से डॉ. अवधेश श्रोत्रिय ने ग्रहणविमर्शः विषय पर खगोलीय एवं धार्मिक दृष्टि का समन्वय करते हुए ग्रहण के स्वरूप का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने पौराणिक तथा गणितीय सिद्धांतों के आधार पर सूतक, धर्मशास्त्रीय नियमों और इसके प्राकृतिक व आध्यात्मिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। वहीं,दर्शन विभाग से डॉ. छविलाल न्यौपाने ने न्याय दर्शन दिशा मोक्षोपायस्वरूपम् विषय पर न्याय दर्शन के आलोक में अपवर्ग (मोक्ष) के साधनों का प्रतिपादन करते हुए दुःखात्यन्तनिवृत्ति को ही मोक्ष बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि तत्त्वज्ञान द्वारा मिथ्याज्ञान का नाश होने से दोष, प्रवृत्ति, जन्म और दुःख की आत्यंतिक निवृत्ति संभव होती है।धर्मशास्त्र विभाग से प्रो. पुरेन्द्र वारिक ने व्यवहारविमर्श विषय का प्रतिपादन करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विवाद अर्थात मुकदमा का निष्पादन शास्त्रोचित प्रक्रिया से कैसे किया जाता है इसका विवेचन किया । वेद विभाग से डॉ. श्यामसुन्दर ठाकुर ने अग्निहोत्रस्वरूपम् विषय पर अग्निहोत्र के वास्तविक स्वरूप और उसकी नित्य-कर्तव्यता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अग्निहोत्र केवल एक याज्ञिक विधि न होकर पर्यावरण शोधन, आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्म-समर्पण का सशक्त अनुष्ठान है। शिक्षाशास्त्र विभाग से डॉ. प्रीतिरानी ने शिक्षण विधियों का शिक्षा पर प्रभाव विषय पर शिक्षाशास्त्र की दृष्टि से विचार रखते हुए ज्ञान संचरण में शिक्षण पद्धतियों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि प्रभावी और छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियाँ बालक के सर्वांगीण, मानसिक और नैतिक विकास में मुख्य भूमिका निभाती हैं। विभागीय शोध छात्र राजेश कुमार ने साहित्य शास्त्र की उपयोगिता विषय का प्रतिपादन किया ।

# विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत 47 प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया

**दरभंगा में निर्यातक कार्यशाला का आयोजन**

**दरभंगा(एनएसबी)।** विदेश व्यापार महानिदेशालय , भारत सरकार, क्षेत्रीय प्राधिकरण, कोलकाता के तत्वावधान में समाहरणालय परिसर स्थित अम्बेदकर सभागार, दरभंगा में निर्यातक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दरभंगा जिले के प्रमुख निर्यातकों एवं उद्यमियों को भारत सरकार की विदेश व्यापार नीति-2023 तथा निर्यात संवर्धन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, प्रक्रियाओं एवं डिजिटल पहलों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें निर्यात के क्षेत्र में अधिक सक्षम एवं जागरूक बनाना।कार्यशाला में पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विदेश व्यापार नीति-2023 की प्रमुख विशेषताओं, नई योजनाओं, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा निर्यात संवर्धन से जुड़ी डिजिटल पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि सरकार द्वारा निर्यातकों के लिए व्यापार प्रक्रिया को सरल, तीव्र एवं अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यशाला के दौरान निर्यातकों को प्रमुख निर्यात संवर्धन योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इनमें निर्यात उत्पादों पर शुल्क एवं कर छूट योजना, शुल्क छूट/माफी योजना , निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल योजना तथा स्टेटस होल्डर सर्टिफिकेट आदि प्रमुख रहे। इन योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में भी प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई। विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत 47 प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है तथा निर्यात संवर्धन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इससे निर्यातकों को प्रक्रियागत सुविधा मिलने के साथ-साथ समय एवं लागत में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। कोलकाता के प्रतिनिधियों द्वारा उनके प्रश्नों का विस्तारपूर्वक समाधान किया गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर डी जी एफ टी की ऑनलाइन सेवाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दरभंगा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिले के प्रमुख मखाना निर्यातक, उद्यमी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यशाला में भाग लेते डीएम एवं अन्य

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में मारपीट, चार लोग घायल

**कल्याणपुर (एनएसबी)**कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। घायलों में अजना गांव निवासी 50 वर्षीय हिरा देवी, शिवनंदनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय गनौरी देवी तथा लदौरा गांव निवासी 27 वर्षीय अंकित कुमार और 26 वर्षीय अजीत कुमार शामिल हैं। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट में घायल महिला और पुरुषों का सीएचसी में इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर निगरानी रख रही है।

### नर्सरी मैदान में भी हुआ कार्यक्रम, दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

वहीं वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित नर्सरी मैदान में भी बुधवार को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, उनके आदर्शों और मानवता के प्रति दिए गए संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में हाजी अब्दुल माजिद, मौलाना कारी हैदर बरकाती, मौलाना तनवीर, गुलाम जाबिर अमजदी, मौलाना अताउल्लाह रिजवी, मौलाना इम्तियाज अहमद मिस्बाही, मौलाना फैसल मिस्बाही, अब्दुल कादिर, मो. तमन्ने, मो. अरमान, मो. सिराज, मो. सितारे, मो. साबिर, मो. मुन्ना, मो. एखलाक, फूल शरीफ, मुखिया पवन राय, मो. इजहारुल हक, अली इमाम, आजाद पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मोहन राम, मुकेश राम, दीपक पासवान, कर्मवीर राय, राकेश कुमार, मसरूर आजमी, जिला पार्षद मो. आफताब आलम, हेमंत राय, मो. तबरेज, मो. जाहिर, आमिर दिलकश और मो. अरमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी अवसर पर ताजुशरिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नर्सरी मैदान में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

### आपसी विवाद में विभिन्न गांवों में मारपीट, महिला समेत चार घायल

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान अजना गांव निवासी 50 वर्षीय हिरा देवी, शिवनंदनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय गनौरी देवी तथा लदौरा गांव निवासी 27 वर्षीय अंकित कुमार और 26 वर्षीय अजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि अलग-अलग स्थानों पर आपसी विवाद को लेकर विवाद बढ़ने के बाद मारपीट की घटनाएं हुईं। इसमें चारों लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि घायल महिला एवं पुरुष का इलाज सीएचसी में चल रहा है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। घटना को लेकर संबंधित पक्षों की ओर से स्थानीय स्तर पर पुलिस को जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### पूर्व उप प्रमुख स्व. धीरेन्द्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा में उमड़े लोग, विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** मोहिउद्दीननगर प्रखंड के बलुआही स्थित नगर भवन में क्षत्रिय चेतना मंच के तत्वावधान में रसलपुर निवासी एवं मोहनपुर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख और चर्चित समाजसेवी स्व. धीरेन्द्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर दिवंगत समाजसेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह ने पहुंचकर स्व. धीरेन्द्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि स्व. धीरेन्द्र सिंह का समाज के प्रति सेवाभाव हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वे समाज के हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे। विधायक ने उनके सरल और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनके सामाजिक कार्य और लोगों के साथ उनका आत्मीय व्यवहार हमेशा स्मरण किया जाता रहेगा। उनका व्यक्तित्व लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में क्षत्रिय चेतना मंच के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह गुल्लू, मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने स्व. धीरेन्द्र सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर रिंकू सिंह, अंजनी सिंह, सुरेंद्र पटेल, अमरेंद्र कुमार, राणा संजीव कुमार, जदयू नेता धर्मेंद्र साह, वीर बहादुर सिंह, मनोज सिंह, अमित कुमार सिंह, कुणाल सिंह, सुभाष सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत समाजसेवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

### जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान ट्रेन की चपेट में आया बालक, मौके पर मौत

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** विद्यापतिनगर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से करीब 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद जुलूस में अफरातफरी मच गई और कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। मृतक की पहचान कलिमिनगर निवासी मो. महबूब के पुत्र मो. फरीद के रूप में बताई गई है। बताया जाता है कि जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इसी दौरान कुछ लोग रेलवे गुमटी के रास्ते से जाने के बजाय रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी क्रम में बरौनी की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में बालक आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। परिजन और जुलूस में शामिल लोग बालक के शव को लेकर घर चले गए। घटना की सूचना के बाद इलाके में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार मृत बालक के पिता सऊदी अरब में काम करते हैं और फरीद अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। स्थानीय लोगों ने बताया कि जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। ग्रामीणों के अनुसार यदि रेलवे गुमटी से होकर जुलूस को पार कराया जाता तो ऐसी घटना से बचा जा सकता था। घटना ने रेलवे लाइन पार करते समय सुरक्षा और सावधानी बरतने की आवश्यकता को एक बार फिर सामने ला दिया है।

### पारिवारिक विवाद में पति पर पत्नी की गोली मारकर हत्या का आरोप, पुलिस छानबीन में जुटी

**समस्तीपुर कार्यालय।** हलई थाना क्षेत्र के चकलालशाही गांव में बुधवार को पारिवारिक विवाद के बीच एक महिला की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान चकलालशाही गांव निवासी सूरज सहनी की 26 वर्षीय पत्नी मंजुला कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। बताया गया कि जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान घर में ही मृतका की बच्ची का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था। वहां काफी तादाद में लोग मौजूद थे। इसी बीच उक्त महिला को गोली मारी गई। हालांकि इस दौरान किसी को गोली चलने की भनक नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा मंजुला को इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंजुला के तीन बच्चे हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। सूचना मिलने पर हलई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।परिजनों के अनुसार, मंजुला और उसके पति के बीच पहले से विवाद चल रहा था। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उसके पति ने पूर्व में भी मंजुला को गोली मारने की धमकी दी थी। हालांकि हत्या के वास्तविक कारणों की पुलिस जांच कर रही है। हलई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में पति पर ही गोली मारने का आरोप सामने आया है। आरोपी की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घटना के बाद गांव में तनाव और शोक का माहौल है। परिजनों ने आरोपी पति की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही हलई थाने में तैनात एएसआई दिनेश साह ने बताया कि चकलालशाही गांव की मंजुला कुमारी को गोली लगने की सूचना मिली थी, जिससे उसकी मौत हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला के पति पर ही गोली मारने का आरोप है. पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतका के भाई, जो वैशाली जिले के रहने वाले हैं, ने बताया कि मंजुला और उसके पति के बीच पहले से विवाद चल रहा था. भाई का आरोप है कि उसके पति ने पहले भी मंजुला को गोली मारने की धमकी दी थी।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी, जुलूस में गूंजा अमन और भाईचारे का संदेश

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर ईद मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। वारिसनगर प्रखंड के नगर निगम सारी स्थित जामिया मखदूमिया तेगिया मोईनुल उलूम मखदूम नगर मदरसा से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रामनगर पहुंचकर जलसे में तब्दील हो गया। जुलूस मदरसा परिसर से शुरू होकर रामनगर, मथुरापुर घाट, मगरदही घाट, गणेश चौक, गोला रोड, बहादुरपुर, बंगाली टोला, शेखटोली, स्टेशन चौक, राम बाबू चौक, पीके दास रोड और चीनी मिल चौक होते हुए पुनः रामनगर पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस दौरान लोग धार्मिक नारों एवं नात-ए-पाक के माध्यम से पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद कर रहे थे। जुलूस के दौरान "आका की आमद मरहबा", "दाता की आमद मरहबा", "मुख्तार की आमद मरहबा", "दिलदार की आमद मरहबा" और "पुरनूर की आमद मरहबा" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की विलादत-ए-मुबारक की याद का अवसर है। उनकी शिक्षाओं में अमन, मोहब्बत, भाईचारा, इंसानियत, रहम, न्याय और जरूरतमंदों की मदद का संदेश प्रमुख है। लोगों ने कहा कि मिलादुन्नबी का उद्देश्य केवल खुशी मनाना नहीं, बल्कि पैगंबर साहब की सीरत और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना तथा समाज में शांति एवं सौहार्द कायम करना भी है। जुलूस में मदरसा के संस्थापक कारी मोतीउर्रहमान अशरफी, मुफ्ती नसीमुल कादरी, हाफिज आफताब आलम, मौलाना अफजल हुसैन, तारिक रहमान बॉबी, समाजसेवी बेलाल राजा, मो. तौहीद अंसारी उर्फ नन्हें, आदिल खान, मो. मसीउर रहमान उर्फ पिंटू, अकील अख्तर, मो. अजीम उर्फ मुन्ना, मो. कमालुद्दीन, मो. फजले करीम उर्फ बब्लू, मो. हैदर अंसारी, मो. राजा अंसारी और मो. असगर अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


जुलूस में शामिल लोग।

## संत मेरीस इंग्लिश स्कूल में ओणम पर रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** विद्यापतिनगर के बाजिदपुर स्थित संत मेरीस इंग्लिश स्कूल में ओणम पर्व के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और फूलों एवं पत्तियों से आकर्षक रंगोलियां तैयार कर अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यार्थियों ने प्राकृतिक फूलों और पत्तियों का उपयोग कर ओणम की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक भावना को रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। अलग-अलग समूहों द्वारा तैयार की गई रंगोलियों में रचनात्मकता, टीमवर्क, कलात्मक कौशल और भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि देखने को मिली।प्रतियोगिता में रंगोली की रचनात्मकता, सुंदरता, विषय-वस्तु, स्वच्छता, प्रस्तुति तथा प्राकृतिक सामग्री के उपयोग को आधार बनाकर मूल्यांकन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन किया गया और उन्हें पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिजी थॉमस ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने में सहायक होती हैं।विद्यालय के निदेशक थॉमस के. ए ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में शिक्षक राजीव सिंह, स्वास्तिक कुमार, नन्दन कुमार, बिनॉय के. ए, मनीष कुमार, रौशन कुमार, सुन्देश्वर कुमार, मंजीता कुमारी, हिना कुमारी, करिश्मा कुमारी, अंशू कुमारी एवं रश्मी कुमारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



मौके पर मौजूद बच्चे व शिक्षक।

## डरफकॉलेज बचाने की मांग को लेकर छह दिन से जारी भूख हड़ताल समाप्त, सांसद पप्पू यादव ने दिया समर्थन

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** डरफ कॉलेज को बचाने और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर एनएसयूआई की ओर से चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल बुधवार को छठे दिन समाप्त हो गई। आंदोलन के दौरान सांसद पप्पू यादव धरनास्थल पर पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों से मुलाकात कर उनके संघर्ष को समर्थन दिया।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि डरफ कॉलेज को बचाने की लड़ाई केवल एक शिक्षण संस्थान की लड़ाई नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा के अधिकार से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर किसी शिक्षण संस्थान को उजाड़ना उचित नहीं है। सरकार को छात्रों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा समाधान निकालना चाहिए, जिससे कॉलेज सुरक्षित रहे और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

आंदोलन के छठे दिन समस्तीपुर के अनुमंडल पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी भी धरनास्थल पर पहुंचे। एनएसयूआई के अनुसार, प्रशासन की ओर से छात्रों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया और मांगों को स्वीकार करने की सहमति व्यक्त की गई। इसके बाद एसडीओ एवं डीईओ ने भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने कहा कि यह छात्रों की एकजुटता और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत है। उन्होंने आंदोलन में सहयोग एवं समर्थन देने वाले छात्र-युवा संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के क्रियान्वयन पर संगठन की नजर रहेगी। मांगों को लागू करने में लापरवाही हुई तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में राजद नेता ललन यादव, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर, माले के जिला स्थाई सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह, जिला कांग्रेस कमिटी शहरी अध्यक्ष अनिता राम, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ क्षत्रीय, पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रंजन शर्मा, आइसा जिला सचिव सुनील कुमार सिंह, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अभिनव अंशु, जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव मुकेश कुमार चौधरी सहित कई नेता, कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे।


सभा को संबोधित करते पप्पू यादव।

## दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व दिवस कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मुख्य प्रशासिका डॉ. दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपसी भाईचारे, शांति और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। राज्य कर संयुक्त आयुक्त कृष्णा मोहन सिंह ने कहा कि विश्व बंधुत्व का अर्थ जाति, धर्म और भौगोलिक सीमाओं से ऊपर उठकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को अपनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कार एवं संस्कृति भी इसी भावना का संदेश देती है। हसनपुर शुगर मिल के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने संस्थान के सदस्यों द्वारा दादी प्रकाशमणि से प्रेरणा लेकर विश्व बंधुत्व का संदेश आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की।बीके तरुण ने कहा कि विभिन्न धर्मों के धर्मग्रंथों, प्रकृति, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और भारतीय संविधान में बंधुत्व एवं आपसी भाईचारे की भावना पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आपसी भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने दादी प्रकाशमणि के जीवन को शांति, प्रेम, सहनशीलता, उदारता, नम्रता, मधुरता और क्षमाशीलता जैसे गुणों की प्रेरणा का स्रोत बताया। कार्यक्रम को होमगार्ड एवं फायर इंस्पेक्टर राजीव कुमार, हसनपुर शुगर मिल के डिप्टी मैनेजर सरबजीत एवं सुधा डेयरी के डिप्टी मैनेजर अभिषेक कुमार ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन कृष्णा भाई ने किया। सविता बहन ने स्वागत भाषण दिया, जबकि ओम प्रकाश भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में उपस्थित लोगों ने दादी प्रकाशमणि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार अग्रवाल, डीपी सिंह, विनय भाई, प्रणय भाई, सुशील भाई, कन्हैया भाई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## राखी बांधकर बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन, एसडीओ और डीएसपी ने बताए पर्व के सामाजिक मायने

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** दलसिंहसराय नगर क्षेत्र में बुधवार को लिटिल लर्नर्स एवं केदार इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार और डीएसपी विवेक कुमार शर्मा को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर पर्व के महत्व और सामाजिक मूल्यों की जानकारी दी।कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की प्रिंसिपल नेहा सुमन ने एसडीओ एवं डीएसपी को पाग, चादर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके बाद बच्चों ने दोनों अधिकारियों को राखी बांधी।एसडीओ किशन कुमार ने बच्चों को बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और एक-दूसरे की सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपसी सम्मान, स्नेह और जिम्मेदारी का संदेश भी देता है। उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व के बारे में बताया।डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन, मेहनत और अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



## किसानों की समृद्धि के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध : राम सुमिरन सिंह

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** किसानों की समस्याओं के समाधान, सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को शहर के हरपुर ऐलौथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह सहित मंचासीन नेताओं का पाग, शॉल एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में राम सुमिरन सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण समाज की मजबूती किसानों की समृद्धि से जुड़ी है। बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है और किसानों को मजबूत किए बिना विकसित बिहार की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादन, सिंचाई, आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि अवसंरचना, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकारी योजनाओं की जानकारी पात्र किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने, सिंचाई सुविधा बढ़ाने, उन्नत बीज एवं खाद उपलब्ध कराने, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित रोजगार, भंडारण और बाजार की सुविधा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक कृषि पद्धति और कृषि आधारित स्वरोजगार से जोड़ना जरूरी है। संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रदेश के प्रभारी नीरज नयन, निर्भय प्रताप सिंह एवं शौर्य सुमन मौर्य ने किसान मोर्चा की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। बैठक में किसान मोर्चा दक्षिणी जिलाध्यक्ष सतीश झा, भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, भाजपा दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते नेता।

### बम्बैया हरलाल में 206 लीटर विदेशी शराब बरामद, बाइक जब्त

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** दलसिंहसराय पुलिस ने सोमवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बम्बैया हरलाल क्षेत्र से 206 लीटर विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।थानाध्यक्ष के अनुसार दलसिंहसराय थाना पुलिस और एएलटीएफ की टीम ने सूचना के आधार पर बम्बैया हरलाल स्थित एक बगीचे में छापेमारी की। वहां बोरे में छिपाकर रखी गई विदेशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसके संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में दर्ला[ रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। जब्त शराब और मोटरसाइकिल के संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राथमिक विद्यालय तीसी नरसाम मुसहरी में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** एक पेड़ मां के नाम के तहत प्राथमिक विद्यालय तीसी नरसाम मुसहरी में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार मे प्रधान शिक्षक विभा कुमारी की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे भी ंविपासा कुमारी, स्वाति कुमारी, शिवानी कुमारी, मनीष



कुमार शर्मा, अभिलाषा कुमारी, चांदनी कुमारी, अनुष्का कुमारी, सायमा, साजिया परवीन, कृष्ण कुमार एक दर्जन को शामिल किया गया.. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए राजेंद्र पासवान, प्रमिला कुमारी, नाजरीना खातून, रामसागर पंडित, राघे साह का चयन किया गया. प्रधान शिक्षक विभा कुमारी ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.

### एक अवैध देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 24 अगस्त को बाबुबरही थाना की गश्ती टीम द्वारा रात्रि गश्ती के क्रम में रास्ते में सामने की तरफ से एक मोटरसाईकिल चालक बाबुबरही मस्जीद की ओर से अंचल कार्यालय की तरफ तेज गती से आ रहा था तभी पुलिस वाहन




को देखते हीं वह अपना मोटरसाईकिल घुमाकर भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम / पता पूछने पर उसने अपना नाम आशुतोष कुमार, पे०-मुनेश्वर दास, सा०-दत्तुआर, थाना-खजौली, जिला-मधुबनी बाताया। भागने का कारण पुछने पर उसके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। शक के आधार पर उसके शरीर / मोटरसाईकिल की विधिवत तलाशी के क्रम में उक्त व्यक्ति के पहने हुए जींस के सहारे कमर में खोसा हुआ 01 देशी कट्टा बरामद हुआ। बरामद देशी कट्टा के संबंध में आशुतोष कुमार से पूछ-ताछ करने पर उनके द्वारा कोई भी कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया और नाही हंथियार से संबंधी कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत किया गया। बरामद देशी कट्टा एवं मोटरसाईकिल कों विधिवत जप्ती सूची तैयार किया जप्त किया गया एवं उक्त व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध "अवैध हथियार रखना कानूनी अपराध है" का बोध कराते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं इस घटना के संदर्भ में बाबुबरही थाना कांड सं0-466/26 आर्म्स एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकि दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### साइबर जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार पुलिस उपाधीक्षक, (साइबर) के नेतृत्व में आर०के० कॉलेज, मधुबनी में " साइबर स्मार्ट " साइबर जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों द्वारा कॉलेज में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन ठगी से बचाव, साइबर सुरक्षा के उपाय तथा संदिग्ध लिंक,कॉल से सतर्क रहने के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही. साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### दर्जनों लोगों ने ग्रहण की कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** मंगलवार को बेनीपट्टी स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नलिनी रंजन झा (पूर्वी) के समक्ष सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।सदस्यता ग्रहण करने वालों में पुरुषोत्तम झा, कृष्ण चंद्र झा, संदीप झा, सुदीप ठाकुर, प्रशांत कुमार झा, राजीव कुमार झा सहित अन्य लोग शामिल थे।इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कालिचरण झा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज मिश्र सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पार्थिव शिवलिंग पूजन को लेकर पूजा समिति गठित

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** गाण्डीवेश्वरनाथ महादेव स्थान परिसर में आगामी 18 दिसंबर को सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर मंदिर परिसर में श्रवण कुमार झा की अध्यक्षता में पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का पूजन कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी किया गया। समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी श्रवण कुमार झा को सौंपी गई।
बैठक में आयोजन को सफल बनाने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने पूजन कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

### शराब के नशे मे एक युवक गिरफ्तार

**बिस्फी (एनएसबी)।** शराब पीने के आरोप में एक युवक को पतौना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि बीते देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी .सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और अरोपी को गिरफ्तार कर लिया .थाने लाकर उसकी जांच की गई जिसमे शराब पिने की पुष्टि हुई. जानकारी के अनुसार अरोपी थाना क्षेत्र के कठैला गांव निवासी मो. जहांगीर पिता नाजिम है .आगे थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से की गई है।

# जनता का स्नेह मेरी सबसे बड़ी शक्तिः मधुबनी में जनसंवाद कार्यक्रमः विधायक माधव आनंद

**मधुबनी। (एनएसबी)।** जिला अतिथि गृह, मधुबनी में क्षेत्र की जनता के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, बुजुर्ग, युवा, किसान, व्यवसायी एवं अन्य गणमान्य नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को साझा किया।कार्यक्रम के दौरान जनता से आत्मीय संवाद करते हुए कहा गया कि जनता का स्नेह और विश्वास ही जनसेवा की सबसे बड़ी शक्ति है। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को उन्होंने स्नेह, आशीर्वाद के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास बताया।उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद जितना मजबूत होगा, विकास की दिशा उतनी ही सार्थक होगी। राजनीति में विचार और मतभेद अलग हो सकते हैं, लेकिन जनता का हित और मधुबनी का विकास सभी की साझा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे किसी के विरोध में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास के पक्ष में राजनीति करने में विश्वास रखते हैं। शब्दों और दावों से अधिक महत्वपूर्ण काम और उसके परिणाम हैं। जनता की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने तथा मधुबनी के विकास को नई गति देने का संकल्प व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के अंत



आम लोगों से मिलते विधायक

में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्नेह, विश्वास एवं आशीर्वाद देने वाले सभी नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनके लिए सम्मान भी है और जिम्मेदारी भी, जबकि जनता का आशीर्वाद उनकी शक्ति और मधुबनी की सेवा उनका संकल्प है।

## महिला समानता दिवस पर महिला सम्मान समारोह आयोजित



सम्मानित होते महिला

मधुबनी(एनएसबी)। महिला समानता दिवस के अवसर पर मिथिला मधुबनी की आवाज सेवा संस्थान की ओर से गौशाला चौक, मधुबनी में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, समानता, सामाजिक योगदान एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संतोष कुमार झा रहे, जबकि अध्यक्षता पी.सी. झा ने की। मंच संचालन अमित कुमार झा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार राजू कुमार झा रहे। इस अवसर पर सुमन कुमार झा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।समारोह में महिलाओं की उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान डॉ. अनीता झा, निर्मला देवी, सुनीता गुप्ता, नीतू देवी, सरोज झा, विजेता झा, प्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, अंकिता कुमारी, शिल्पी कुमारी एवं रंजना कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देकर ही समाज को सशक्त एवं विकसित बनाया जा सकता है। महिला समानता दिवस केवल महिलाओं के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण दिन है। समारोह में उपस्थित लोगों ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर ही बनेगा सशक्त मधुबनीः विधायक माधव आनंद



लोगों के बीच विधायक माधव आनंद

**मधुबनी(एनएसबी)।** नगर निगम मधुबनी के वार्ड-29 में नवनीत कुमार के आवास पर विधायक माधव आनंद ने सम्मानित शिक्षक साथियों से आत्मीय मुलाकात कर शिक्षा, समाज और मधुबनी के भविष्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। इस दौरान शिक्षकों के अनुभव, सुझाव और विचारों को उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना।विधायक माधव आनंद ने कहा कि ह्लशिक्षा वह शक्ति है, जो व्यक्ति का भविष्य ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की दिशा भी बदल देती है।ह्व उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे व्यक्ति में विवेक, संस्कार, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों को समझने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि बच्चों में सपने देखने का साहस, सही-गलत में अंतर करने की समझ और जीवन की चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास पैदा करते हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके विद्यालयों और शिक्षकों की गुणवत्ता से गहराई से जुड़ी होती है।विधायक ने कहा कि विकसित, शिक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर मधुबनी के निर्माण के लिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखना होगा। साथ ही शिक्षकों को सम्मान, सहयोग और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ यह संवाद महज एक मुलाकात नहीं, बल्कि मधुबनी के बेहतर शैक्षणिक भविष्य के लिए विचार-विमर्श और संकल्प का अवसर है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों के स्नेह, मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा, शिक्षक सशक्त होंगे तो नई पीढ़ी सशक्त होगी और नई पीढ़ी सशक्त होगी तो मधुबनी एवं बिहार का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

## 1.40 लाख की लूट की झूठी कहानी रचकर राशि हड़पने की साजिश का पदार्फाश

**1,39,540/-रूपया के साथ स्टाफ सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया है कि थानाध्यक्ष, लखनौर थाना को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें आवेदक प्रवीण कुमार खेतान अपने घर पर बिस्कुट का थोक व्यापार करते है एवं अपना दुकान पर रूपया की वसुली के लिए एक स्टाफ मो० अमजद, पे०-अबुल हसन, सा०+ पो०- कन्हौली, थाना-झंझारपुर को एक वर्ष से अपने दुकान पर रखा हुए थे। दिनांक-23.08.2026 को प्रवीण कुमार खेतान द्वारा अपने स्टाफ मो० अमजद को पैसा वसुली के लिए ग्राम बेलही स्थित किराना दुकानदार गुलाब यादव के दुकान पर भेजा गया था एवं 1,40,000/- रूपया वसुली करके प्रवीण कुमार के पास आया और बताया कि रूपया लेकर वापस आते समय रास्ता में दैयाखरबार एवं बलभद्रपुर के बीच कमला नदी के पूर्वी तटबंध पर जबरदस्ती दो-तीन लड़का पिस्टल का भय दिखाकर मुझसे रूपया छीन लिया हैं। प्रवीण कुमार को शक हुआ कि उनका स्टाफ उनसे झुठ बोल रहा है या कोई षडयंत्र रच रहा है। इस घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई कर लिखित आवेदन के आधार पर लखनौर थाना कांड सं0-141/26 तहत प्राथमिकि दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी।तपश्चात अनुसंधान के क्रम में स्टाफ मो०



जानकारी देते डीएसपी

अमजद से पुछ-ताछ किया गया तो उनके द्वारा उनके द्वारा अपने साथी 01. चंदु राउत उर्फ गुनेश्वर कुमार राउत, पे० रूद्रनाथ राउत, सा०-नंदेश्वर तमुरिया, थाना-लखनौर एवं 02. मो० समीर, पे० शहादत मंसुरी, सा०-नुरानी चौक कन्हौली, थाना-झंझारपुर के साथ षड़यंत्र रचकर रूपया गायब करने का प्लान करने की बात बताया गया एवं इस घटना में संलिप्त होना स्वीकार किया गया। स्वीकारोक्ति बयान एवं उनके निशानदेही स्थान से चंदु कुमार राउत उर्फ गुनेश्वर एवं 02. मो० समीर को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं चंदु कुमार राउत के पास से 1,37,800/- रू0 एवं 02. समीर के पास से 1740/- रूपया बरामद हुआ। अतः कुल-139540/- रूपया बरामद कर लिया गया है। उक्त घटना के संदर्भमें तिनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**मुजफ्फरपुर : रक्षाबंधन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आधा दर्जन से अधिक मिठाई और डेयरी उत्पाद की दुकानों में की छापेमारी**

# 105 किलो नकली पनीर समेत सड़ी मिठाइयां जब्त, जांच के लिए भेजे गए नमूने

**दुकानों से लिए गए नमूने जांच के लिए भेजे गए, जांच रिपोर्ट आने पर दुकान मालिक पर कार्रवाई तय**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रक्षाबंधन त्योहार से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को नकली मिठाईयों तथा मिलावटी खोआ पनीर आदि की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुजफ्फरपुर नगर आधा दर्जन से अधिक मिठाइयाँ एवं डेयरी उत्पाद के प्रतिष्ठानों मे छापामारी कर बिकी के लिए भंडारण किए जा रहे मिठाईयों एवं डेयरी उत्पाद खाद्य सामग्रीयों की जांच की।

जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के दौरान नगर के कई दुकानों से भारी मात्रा में संदिग्ध पनीर, खराब खोआ, फफूंदी लगे पेड़े और दूषित मिठाइयां बरामद की। मोतीझील स्थित पीएन रॉय गली में छापामारी के दौरान टीम को भवानी खोआ भंडार में कई गड़बड़ियाँ मिलीं। दुकान के अंदर गंदगी के बीच फर्श पर खोआ रखा मिला, वहीं डिब्बों में रखे गए पेड़े मे फफूंदी लगी थी।जबकि पनीर से दुर्गंध आ रही थी। पास के हीं गोविंद खोआ भंडार में भी टीम के सदस्यों ने जब दुकान मे रखी गई मिठाइयाँ और डेयरी उत्पाद की जांच की। जांच के दौरान वहां भी खराब पेड़े, पनीर और मिठाइयां देखकर विभागीय अधिकारी दंग रह गए। अधिकारियों ने जब दुकानदार से खराब खाद्य सामग्री के बारे में पूछताछ की तो दुकानदार ने कहा कि यह सामान खराब हो चुका है और त्योहार के बाद इसे फेंकने की तैयारी थी।


मिठाई दुकानों मे खराब और मिलावटी खाद्य सामग्रियों की जांच करती टीम।

जांच के दौरान दुकान के किचेन और भंडार मे गंदगी तथा नकली उत्पादों के धड़ल्ले से उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। वही विभागीय टीम ने कई दुकानों मे मिले खराब मिठाइयाँ और नकली मिलावटी डेयरी उत्पाद का नमूना जांच के लिए जब्त किया। इस मामले मे टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पीएन रॉय गली स्थित दुकानों से लगभग 105 किलो मिलावटी पनीर जब्त किया गया है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में खराब मिठाइयां और खोआ और मिलावटी छेना भी बरामद कर जांच के लिए जब्त किया गया है। वहीं खाध सुरक्षा विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए खाध सामग्रीयों को नियमानुसार नष्ट करने कि कार्रवाई की जा रही है, वहीं मिलावटी और खराब खाद्य सामग्रीयों और उत्पादों के नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए है। जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकानदारों के बिरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व त्यौहार मे मिठाईयों और डेयरी उत्पादों कि मांग अधिक बढ़ने की स्थिति मे बाजार मे खराब और मिलावटी खाद्य सामग्रीयां धड़ल्ले से बेचीं जाती है, जिसका उपयोग कर उपभोक्ता बीमार होते हैं और कभी कभी फूड पोवायजनिंग के केस में बड़ी घटना भी घट जाती है।

पर्व त्यौहार का क्रम शुरू होने की स्थिति को देखते हुए विशेषकर रक्षाबंधन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शहर के अलग-अलग इलाकों में खाद्य पदार्थों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि मिलावट या खराब खाद्य सामग्री की बिक्री पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियो ने बताया कि मिठाई दुकानों, होटेलों, रेस्टोरेंट तथा डेयरी उत्पाद की दुकानों मे छापामारी और सर्च अभियान लगातार जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय प्रभारी सचिव ने की आकांक्षी जिला योजनाओं की समीक्षा, जिले की प्रगति को बताया सराहनीय

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अपर सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार सह प्रभारी सचिव सुनील कुमार ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की गई। ढसमीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिला विकास कार्यों में प्रगतिशील एवं अग्रणी जिलों में शामिल है। निर्धारित लक्ष्य और बेसलाइन की तुलना में जिले की वर्तमान उपलब्धि काफी सराहनीय है। उन्होंने विकास योजनाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी करने और जिन क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि कम है,


आकांक्षी जिला योजनाओं की समाहरणालय सभागार मे समीक्षा बैठक करते केंद्रीय प्रभारी सचिव सुनील कुमार

वहां विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही विभागीय समन्वय के साथ योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता बताई। बैठक में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान प्रगति और निर्धारित लक्ष्यों को लेकर जानकारी प्रस्तुत की। प्रभारी सचिव ने जिले की उपलब्धियों को बनाए रखने के साथ-साथ शेष लक्ष्यों को भी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए क्षेत्र स्तर पर योजनाओं की नियमित समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के पांच साल पुराने मामले में आरोपी दोषी, 20 वर्ष की कठोर सजा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के करीब पांच साल पुराने मामले में अहम फैसला सुनाया है। विशेष पॉक्सो एक्ट संख्या-3 की न्यायाधीश नूर सुल्ताना की अदालत ने मामले की अंतिम सुनवाई के बाद आरोपित संतोष कुमार को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतने का प्रावधान किया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजीव रंजन राजू ने मजबूत पैरवी की, जिसमें अधिवक्ता मिकी ने सहयोग किया। अभियोजन पक्ष ने दोष साबित करने के लिए अदालत के समक्ष कुल सात महत्वपूर्ण गवाहों को पेश किया। गवाहों के बयान और चिकित्सीय साक्ष्यों को आधार बनाते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। मामले के अनुसंधान के बाद पुलिस विवेचक ने 4 जुलाई 2021 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए गए। मामले को लेकर पीड़िता ने 24 मई 2021 को सकरा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 24 अप्रैल 2020 को पीड़िता का दूर का रिश्तेदार संतोष कुमार उसे शादी का झांसा देकर पास के एक खाली कमरे में ले गया था। आरोप है कि वहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया था कि घटना के बाद वह गर्भवती हो गई थी। करीब पांच साल पुराने इस मामले में अदालत के फैसले के बाद पीड़ित पक्ष को न्याय मिला है। सजा के इस फैसले को नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराध करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है।

**नेपाल में बाढ़ से मुजफ्फरपुर में मचा हड़कंप, जिला प्रशासन ने गंडक नदी के बाँध का किया निरीक्षण**

# सरैया, पारु व साहेबगंज में हाई अलर्ट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नेपाल में बादल फटने से मची तबाही तथ ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में अत्यधिक जलप्रवाह और संभावित GLOF की सूचना के बाद उतर बिहार के इलाके मे हड़कंप मच गया है। गंडक नदी मे नेपाल द्वारा पानी छोड़े जाने के कारण नेपाल से सटे उतर बिहार के 6 जिले मे हाई अलर्ट किया गया है।

वही मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को जिले के पश्चिमी क्षेत्र स्थित साहेबगंज, पारु एवं सरैया प्रखंड अंतर्गत गंडक नदी के पूर्वी बाँध का निरिक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं पदाधिकारीयों के साथ वर्तमान की संभावित स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियो के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रशासन के अनुसार नेपाल से आने वाली नदियों के जलप्रवाह में अगले 2-3 दिनों के दौरान अचानक वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी को देखते हुए गंडक नदी के किनारे स्थित इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई है। मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज, सरैया और पारू प्रखंडों में संभावित प्रभाव को देखते हुए अधिकारियों को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा औराई, कटरा और गायघाट सहित संवेदनशील क्षेत्रों में भी नदी के जलस्तर और निचले इलाकों पर नजर रखने को कहा गया है। जल संसाधन विभाग को फ्लैश फ्लड की आशंका को देखते हुए तटबंधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने संवेदनशील पुल-पुलियों, नदी किनारे के इलाकों और आवागमन वाले मार्गों की लगातार निगरानी करने को कहा है।

जरूरत पड़ने पर बांधों और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। राहत की स्थिति में कम्युनिटी किचन, मेडिकल कैंप और पशु चारा शिविर जैसी व्यवस्थाएं सक्रिय रखने को कहा गया है। वही जिला प्रशासन द्वारा गंडक नदी किनारे के क्षेत्रों मे माईकिंग कराया जा रहा है। लोगों से जिला प्रशासन माईकिंग द्वारा लोगों से


पश्चिमी अनुमंडल क्षेत्र के गंडक नदी बांध का निरीक्षण करने पहुँचे डीएम और एसएसपी।

अपील की है कि वे नदी की धार, घाट, अस्थायी पुल, निचले और कटाव-प्रवण क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं। नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने या तेज धारा दिखाई देने पर तत्काल ऊंचे और सुरक्षित स्थान की ओर जल्दी पहुंच जाएं। बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने को कहा गया है। पशुओं को भी निचले इलाकों में खुला नहीं छोड़ने की अपील की गई है।

वही जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट संदेशों को आगे न बढ़ाएं। नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि, तटबंध या सड़क में कटाव, पुल-पुलिया पर अत्यधिक पानी अथवा किसी अन्य असामान्य स्थिति की जानकारी मिलने पर स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचना देने की अपील की गई है। इसके लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष का नंबर 8544010249 / 0621-2212007 जारी किया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए संबंधित विभागों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन नदी और निचले इलाकों को लेकर पूरी सावधानी बरतें।

## एनटीपीसी कांटी के प्रतिबंधित क्षेत्र में कोठियां गाँव के श्रमिक की दिनदहाड़े गोली मार हत्या

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के कोठियां गांव स्थित एनटीपीसी के प्रतिबंधित क्षेत्र एस डाईक लैगून-1 में बुधवार को दिनदहाड़े एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं एस डाईक लैगून-1 के झाड़ियों के बीच गोली चलने की घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कांटी कोठियां मजार के समीप रहने वाले लगभग 45 वर्षीय शंभू सहनी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कांटी थानेदार रविकांत पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेते हुए मामले की जांच शुरू की। इसके बाद एसडीपीओ पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी भी घटनास्थल पर पहुंचीं और पूरे मामले की छानबीन की।


घटनास्थल पर लगी भीड़ और मामले की जांच करती पुलिस।

वहीं, एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच में जुट गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हर पहलू से मामले की जांच में जुट गई है। हत्या के पीछे के कारणों, आपसी रंजिश और घटना में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की तथा विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लैगून-1 में छाई के उठाव पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद आरोप है कि कुछ छाई माफिया रात के समय चोरी-छिपे छाई की कटाई करवाते हैं। बताया जा रहा है कि शंभू सहनी भी मजदूरी के लिए वहां जाता था। आशंका जताई जा रही है कि मंगलवार की रात भी वह प्रतिबंधित क्षेत्र में छाई काटने के लिए गया होगा। इसी दौरान उसके साथ हादसा हुआ या किसी विवाद के बाद उसकी हत्या की गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर और सिर पर चोट के निशान भी देखे गए हैं, जिसके मद्देनजर हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। हालांकि पुलिस की जांच पूरी होने से पहले घटना को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है। वही मामले की जांच के दौरान पुलिस पुलिस तथा मृतक के परिजनों से जानकारी जुटाने के साथ हीं आसपास के लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मजदूर शंभू सहनी आखिरी बार कब और किसके साथ देखा गया था। इधर, मृतक के परिजनों ने भी घटना को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के आरोपों को भी पुलिस जांच के दायरे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। वही दिनदहाड़े हुई हत्या की इस घटना से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

वही, एसडीपीओ पश्मी वन सुचित्रा कुमारी ने बताया कि पुलिस इस घटना की हर एल एंगल से जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान प्रथम दृष्टया गोली लगने से मजदूर की मौत होने की बात प्रतीत होती हैं। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल की रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत आपसी विवाद में हुई या फिर उसके साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

## स्कूल से गायब आठवीं के तीन छात्र बरामद, अमृतसर के लिए निकले थे

**मुजफ्फरपुर।** बोचहा थाना क्षेत्र से स्कूल की छुट्टी के बाद गायब हुए आठवीं कक्षा के तीन छात्रों को बुधवार को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद छात्रों की पहचान कार्तिक, वैभव और आदर्श के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने तीनों छात्रों को गरहां ओवरब्रिज के नीचे से बरामद कर बोचहा पुलिस के हवाले कर दिया।


पुलिस के साथ तीनो नाबालिग छात्र।

बताया गया कि मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद तीनों छात्र अपने घर नहीं पहुंचे थे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन की अनुमति से बच्चों का वीडियो भी प्रसारित कराया। वीडियो सामने आने के बाद स्कूल प्रबंधन को सूचना मिली कि तीनों छात्रों को बखरी स्थित एक होटल में खाना खाते हुए देखा गया है। इसके बाद परिजन और स्कूल प्रबंधन अलग-अलग स्थानों पर उनकी तलाश में जुट गये।

तलाश के दौरान ग्रामीणों को जानकारी मिली कि तीनों बच्चे गरहां ओवरब्रिज के नीचे मौजूद हैं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर तीनों को सकुशल बरामद किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बच्चों को बोचहा पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी पूर्वी आलय वत्स ने भी पूरे मामले की जांच की। पुलिस पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे स्कूल से सीधे अमृतसर जाने के लिए निकले थे। पहले रेलवे स्टेशन पहुंचकर बरौनी जाने वाली ट्रेन पकड़ी। बरौनी पहुंचने के बाद तीनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इनमें से एक बच्चा अमृतसर जाने के लिए तैयार नहीं था। इसके बाद तीनों बस से छपरा पहुंचे और वहां से बस पकड़कर मुजफ्फरपुर लौट आये। मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद उन्होंने एक होटल में खाना खाया। बच्चों का वीडियो प्रसारित होने के बाद लोगों से मिली सूचनाओं के आधार पर तलाश तेज की गयी। इसी दौरान गरहां ओवरब्रिज के नीचे तीनों बच्चों के होने की जानकारी मिली और उन्हें सकुशल बरामद कर लिया गया। बोचहा थानाध्यक्ष यशवंत कुमार सिन्हा ने बताया कि तीनों बच्चे सकुशल बरामद हो गये हैं।

# सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर रेल लाइन दोहरीकरण के लिए भू–अधिग्रहण प्रक्रिया तेज, पांच सदस्यीय समिति गठित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेल लाइन दोहरीकरण विशेष रेल परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। अधिग्रहित की जाने वाली जमीनों की वास्तविक प्रकृति और उचित मुआवजा दर निर्धारित करने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति संबंधित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट जिला भू-अर्जन कार्यालय को सौंपेगी। पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के उप मुख्य अभियंता (निर्माण-01) द्वारा 17 जुलाई को भूमि अधिग्रहण का आधिकारिक प्रस्ताव भेजा गया था।


प्रतिकात्मक फोटो।

इसके बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की प्रक्रिया शुरू की गई है। नई व्यवस्था के तहत जमीन का मुआवजा पुराने खतियान के आधार पर नहीं, बल्कि उसके वर्तमान उपयोग और वास्तविक स्वरूप के आधार पर तय किया जाएगा। समिति भौतिक सत्यापन कर यह जांच करेगी कि संबंधित भूमि आवासीय, व्यावसायिक या कृषि उपयोग में है। इसके आधार पर रैयतों को उचित और पारदर्शी बाजार मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा। रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना के लिए बोचहां अंचल के झपहां मौजा (थाना संख्या-594), औराई अंचल के धरहरवा उर्फ परी धरहरवा मौजा (थाना संख्या-01), तथा मीनापुर अंचल के छपरा मोबारक (थाना संख्या-596) और शाहपुर मुतालुके अहियापुर (थाना संख्या-597) मौजों में भूमि अधिग्रहण किया जाना है।

मूल्यांकन और जांच के लिए गठित समिति में अपर समाहर्ता (राजस्व) को अध्यक्ष बनाया गया है। उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) को समिति का सदस्य बनाया गया है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। अधिकारियों के अनुसार समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित आंकड़ों को केंद्र सरकार के भूमि राशि पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके पश्चात भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा-20ए के तहत अधिसूचना जारी कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को उत्तर बिहार की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं में माना जा रहा है। इसके पूरा होने से रेल परिचालन में सुधार होगा और क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## इश्क में युवक की ईंट-पत्थर से मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र के बेदौल ओपी इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। शव पर चोट के कई गंभीर निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। शव मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और इलाके में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म हो गया। मृतक की पहचान लगभग 36 वर्षीय अशोक राय के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम लगभग सात बजे अशोक किसी काम से अपने घर से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों की बेचैनी बढ़ गई। परिवार के लोगों ने आसपास और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन रात में उसका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार की अहले सुबह गांव का एक व्यक्ति शौच के लिए निकला था। इसी दौरान उसकी नजर सड़क किनारे पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। शव देखते ही उसने शोर मचाकर लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने जब शव को करीब से देखा तो शरीर पर चोट के कई निशान नजर आए। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि अशोक का शव उसके घर से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर मिला। जिस युवक के रात में घर से निकलने के बाद अचानक गायब होने की बात सामने आई थी, उसका शव घर से कुछ ही दूरी पर मिलने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर अशोक को रास्ते


मृतक के दरवाजे पर लगी भीड़ और जांच को पहुंची पुलिस।

में किसने रोका? क्या किसी ने पहले से घात लगाकर वारदात को अंजाम दिया? या फिर किसी विवाद के बाद उसकी बेरहमी से पिटाई की गई ? घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हत्या की वजह और वारदात में शामिल आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी संभावित एंगल पर जांच कर रही है। वहीं ग्रामीणों के बीच प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह से जोड़कर भी चर्चा चल रही है।

हालांकि, यह महज स्थानीय स्तर पर चल रही चर्चा है और पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही हत्या की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने किसी निष्कर्ष की पुष्टि नहीं की है।अशोक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घर से निकले युवक की कुछ घंटों बाद खून से लथपथ शव मिलने की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या की इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश, विवाद, लूट या कथित प्रेम प्रसंग कौन सा कारण छिपा है।

## संभावित बाढ़ को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, प्रशासन अलर्ट मोड में

# सीतामढ़ी जिले में बाढ़ की कोई स्थिति नहीं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में अत्यधिक जलप्रवाह से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले प्रखंडों के बीडीओ एवं सीओ के साथ स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जल संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नदी के जलस्तर, निचले एवं कटाव-प्रवण क्षेत्रों, तटबंधों तथा आवागमन के मार्गों पर सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता से कार्य करने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से संभावित प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक एवं राहत तैयारियों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था, पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए सुरक्षित स्थान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं तथा संबंधित अधिकारियों को राहत शिविरों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सीतामढ़ी जिले में बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है। बागमती नदी का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है। नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों तथा नदियों के जलस्तर में संभावित अचानक वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन अलर्ट मोड में है और नदियों के जलस्तर एवं परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**बागमती का जलस्तर खतरे की निशान से नीचे**

**अफवाहों से बचने की की गई अपील, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही आमलोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। संभावित रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को नदी की धारा, घाट, चचरी/अस्थायी पुल एवं निचले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा जलस्तर में अचानक वृद्धि दिखाई देने पर तत्काल सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों की ओर जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन द्वारा लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडे उपस्थित थे।

**रात्रि गश्ती एवं चौकसी बढ़ी :** बागमती नदी के बाएँ तटबंध वाले गाँव मीनापुर बलहा सहित अन्य स्थलों पर रात्रि गश्ती लगातार की जा रही है। सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, तटबंध मजदूर तथा मोबाइल एम्बुलेंस के साथ बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत रात्रि गश्ती एवं चौकसी बढ़ा दी गई है।

## परिहार में ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकले जुलूसे मोहम्मदी में कांग्रेस मो. शम्स ने की शिरकत

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मो. शम्स शाहनवाज ने परिहार विधानसभा क्षेत्र के सुतिहारा, मुशहरनिया, अंदौली, परवाहा, झपहा, बराही सहित विभिन्न पंचायतों में आयोजित जुलूसे मोहम्मदी कार्यक्रम में शामिल होकर मुबारकबाद पेश किया।



जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल कांग्रेस नेता व अन्य।

परिहार मुख्यालय पर इस्लामी यतीमखाना मदरसा अहले सुन्नत के बैनर तले आयोजित जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद (स.) इंसानियत के सबसे बड़े एंबेसडर थे। उनकी पूरी जिंदगी सेवा, सद्भाव और सम्मान की मिसाल है, जो हमें एकता, समानता और भाईचारा का संदेश देता है। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। मौके पर यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मो. अजहरुद्दीन अंसारी, महमूद अंसारी, मो. मकसूद, मो. गुलाब सिद्दीकी, अब्दुल्लाह यूसुफ, मो. नौशाद, मो. तनवीर अख्तर खान, मौलाना खुर्शीद साफी, आफताब हमजा, विनय राय, मो. साबिर, अनिल महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिथिलांचल में 'बज्जिका मन-गंध' का लोकार्पण, सविता राज शम्भु अगेही शिखर सम्मान 2026 से हुईं सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हिन्दी समाहार मंच, दरभंगा में साहित्यकार एवं कवयित्री सविता राज द्वारा संपादित पुस्तक 'बज्जिका मन-गंध' का लोकार्पण




'बज्जिका मन गंध' पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बज्जिका भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं लोकजीवन से जुड़े साहित्यकारों तथा साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति रही।
कार्यक्रम में शारदा चरण, चितरंजन सिन्हा 'कनक', विनोद कुमार सिन्हा, ज्वाला सांध्यपुष्प, मणिभूषण प्रसाद सिंह अवशेष त्रिषित एवं प्रेम कुमार वर्मा सहित कई साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक अमिताभ कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्रीय भाषा और साहित्य को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सविता राज को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित साहित्यकारों ने उनके साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। वक्ताओं ने कहा कि 'बज्जिका मन-गंध' में बज्जिका भाषा, लोकजीवन, संस्कृति, परंपरा और माटी की सुगंध को साहित्यिक अभिव्यक्ति देने का प्रयास किया गया है। पुस्तक के माध्यम से बज्जिका की समृद्ध लोकभाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी तक पहुँचाने की पहल की गई है। सविता राज ने कहा कि 'बज्जिका केवल एक भाषा नहीं, बल्कि क्षेत्र की लोकसंस्कृति, परंपरा और जीवन-मूल्यों की पहचान है।' उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से बज्जिका के साहित्यिक स्वरूप को व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है। समारोह में उपस्थित साहित्यकारों ने 'बज्जिका मन-गंध' को बज्जिका भाषा एवं साहित्य के लिए एक महत्वपूर्ण साहित्यिक प्रयास बताया। कार्यक्रम में हिंदी एवं बज्जिका के साहित्यकार एन.के. साहू, सतीश चंद्र भगत, ब्रजेश राणा, संदीप कुमार मिश्रा, ज्योति सिन्हा, रुपम सिन्हा, सुषमा सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### आरव चौधरी को सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स में मिला गोल्ड मेडल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 23 से 27 अगस्त को विकास विद्यालय रांची में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स मीट 2026 में आरव चौधरी ने डिस्कस थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जी डी मदर इंटरनेशनल स्कूल के आठवी के छात्र आरव चौधरी शहर के पंकज मार्केट रोड निवासी अक्षय राज चौधरी एवं रंगीला चौधरी के पुत्र है। आरव के कोच सह शारीरिक शिक्षक दिलमोहन झा ने बताया कि डिस्कस थ्रो स्पर्धा में बिहार एवं झारखंड के कुल 48 प्रतिभागी ने भाग लिया था, जिसमे आरव चौधरी ने 45.53 मीटर थ्रो कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आरव ने सीबीएसई क्लस्टर बिहार झारखंड डिस्कस थ्रो में नया रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा उपलब्ध संसाधन एवं कड़ी मेहनत का यह परिणाम है। उपलब्धि पर विद्यालय के प्रशासिका कविता प्रसाद साह, संयुक्त निदेशक प्रीति रानी, प्राचार्य नीलम सिंह, ब्लॉक इंचार्ज डॉ यशोधानंद झा, रूपाली मजूमदार, सविता अंबष्ठ, बैशाली चौधरी, टीम मैनेजर रानी कुमारी एवं समस्त शिक्षकगण ने उन्हें बधाई दी।




अपने कोच व अन्य अतिथियों के साथ गोल्ड मेडल विजेता आरव चौधरी।

### माता की रसोई में 80 जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार, 25 अगस्त 2026 को अगस्त माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माता की रसोई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संध्या 7:30 बजे मंदिर सदस्यों, लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा परम मंगलमयी माताश्री की विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती से हुई। इसके बाद माता को चावल, दाल, आलू-चना की रसेदार सब्जी एवं भुनी हुई मिर्च का भोग लगाया गया। भोग के बाद मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर श्रद्धापूर्वक करीब 80 जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कराया गया। लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों ने रिलीविंग हंगर परियोजना के अंतर्गत माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा की। कार्यक्रम में लायन लक्ष्मी सिंह, लायन अभिषेक कुमार, लायन रंजन कुमार, लायन राजीव रंजन, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के महासचिव एवं भाजपा नेता राजीव कुमार राजा, सेवा मंडल के सदस्य अमित कुमार रवि तथा समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

## संभावित बाढ़ के मद्देनजर डीएम-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिले में की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण कर जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संवेदनशील स्थलों एवं तटबंधों का निरीक्षण करते हुए बाढ़ निरोधक एवं सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सुप्पी प्रखंड के जमला गांव पहुंचकर वहां कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री तथा कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद जिलाधिकारी ने बैरगनिया बांध का निरीक्षण कर उसकी स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बेलसंड क्षेत्र स्थित चंदौली बांध का भी जायजा लिया तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बागमती तटबंध पर चल रहे उच्चीकरण, सुरक्षात्मक एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी आवश्यक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में तटबंधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



संवेदनशील स्थलों एवं तटबंधों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन व अन्य।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संभावित बाढ़ को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहने, संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दें। इधर आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता श्री बृज किशोर पांडे ने बताया कि जिले में अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

## पुनौरा धाम पहुंचीं प्रख्यात लेखिका, समाजसेवी व राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, श्रीराम-जानकी के किए दर्शन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारत की प्रख्यात लेखिका, समाजसेवी एवं राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति बुधवार को सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के साथ मां जानकी की पावन जन्मभूमि पुनौरा धाम पहुंचीं। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्रीराम एवं माता जानकी के विग्रह का दर्शन कर विधिवत आरती की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के महंत कौशल किशोर दास से आशीर्वाद भी लिया।



पुनौरा धाम में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति व अन्य।

सुधा मूर्ति ने प्राचीन मंदिर के दर्शन के साथ पवित्र कुंड के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सीतामढ़ी और पुनौरा धाम के इतिहास, धार्मिक महत्व तथा माता जानकी से जुड़े प्रसंगों में विशेष रुचि दिखाई। पुनौरा धाम की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को लेकर उन्होंने सकारात्मक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आएंगे। उनके आगमन पर भाजपा नेता विशाल कुमार, अंशुल प्रकाश, श्यामबाबू साह, संजय साह, हरिकिशोर कुमार, ज्योति शर्मा, नीरा गुप्ता एवं आशीष कुमार सहित स्थानीय लोगों और कार्यकताओं ने आत्मीय स्वागत किया। लोगों ने उनके आगमन को सीतामढ़ी के लिए गौरव और सौभाग्य का अवसर बताया।

सुधा मूर्ति के पुनौरा धाम आगमन से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया। लोगों का मानना है कि प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के यहां आने से पुनौरा धाम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान देश-दुनिया में और मजबूत होगी तथा इसे प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाओं को बल मिलेगा।

## गिरफ्तार किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग, केस वापस नहीं हुआ तो राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीएम सैटेलाइट सिटी परियोजना के विरोध में पटना में शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रदर्शन कर रहे किसानों की गिरफ्तारी और उन पर मामला दर्ज किए जाने पर संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति, सीतामढ़ी ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के नेताओं ने मुख्यमंत्री से गिरफ्तार किसानों को बिना शर्त रिहा करने तथा उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की है। साथ ही सैटेलाइट सिटी परियोजना को वापस लेने के लिए किसानों से वार्ता करने की मांग की गई है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए ई-मेल में संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के नेताओं डॉ. आनंद किशोर, जालंधर यादवबंशी, वैद्यनाथ हाथी एवं अवधेश यादव ने आरोप लगाया कि पुनपुन के अंचलाधिकारी तथा कोतवाली पुलिस अधिकारियों ने अपनी विफलता छिपाने के लिए किसानों, महिला किसानों एवं आंदोलन के नेताओं पर दमनात्मक कार्रवाई की तथा लाठीचार्ज किया।

नेताओं ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार किसानों को कोतवाली थाना में भोजन तक नहीं दिया गया। भोजन की मांग को लेकर नारेबाजी करने पर उन्हें सबक सिखाने तथा विभिन्न मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि 39 किसानों के विरुद्ध कोतवाली थाना में मामला संख्या 630/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 190, 126(2), 115(2), 352 सहित अन्य धाराओं में आरोपित किया गया है। संगठन ने कहा कि गिरफ्तार किसानों में महिलाएं, जेपी सेनानी, युवा एवं बुजुर्ग भी शामिल हैं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि गिरफ्तार किसानों को रिहा कर मामले वापस नहीं लिए गए और सैटेलाइट सिटी परियोजना पर किसानों से संवाद नहीं किया गया तो आंदोलन को राज्यव्यापी स्वरूप दिया जाएगा।

## ईद-मिलाद-उन-नबी परकड़ी सुरक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सीतामढ़ी पुलिस ने जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में जुलूस एवं अन्य आयोजनों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पुलिस के अनुसार संवेदनशील स्थलों, जुलूस मार्गों, मस्जिदों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं, वरीय पुलिस पदाधिकारी क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। सीतामढ़ी पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने परिजनों एवं शुभचिंतकों के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष को देने की अपील की गई है।



चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी व विधि-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद पुलिस व अन्य।

### औराई में सैनिक स्कूल की पहल तेज, जिला प्रशासन से प्रस्ताव भेजने को कहा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार में मुजफ्फरपुर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उम्मीद जगी है। केंद्र सरकार की देश में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने की योजना के तहत मुजफ्फरपुर जिले के औराई में भी सैनिक स्कूल स्थापित करने की पहल शुरू हो गई है। राज्य के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद ने जिला प्रशासन से इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा है। प्रस्ताव भेजे जाने के बाद केंद्र स्तर पर आगे की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। औराई में सैनिक स्कूल खोलने को लेकर मंत्री रमा निषाद पहले ही पहल कर चुकी हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजकर पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में प्रस्तावित सैनिक स्कूल के लिए औराई का चयन करने का आग्रह किया था।

## ईद-मिलादुन्नबी पर सीतामढ़ी में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश ईद-मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदिया, सीतामढ़ी की ओर से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने उत्साह के साथ शिरकत की। इस दौरान शहर में अमन, शांति, प्रेम, मानवता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों की सेवा के लिए पूर्व नगर निगम मेयर पद के प्रत्याशी एवं इंजीनियर तौकीर अनवर उर्फ सिकंदर की ओर से मेहसौल चौक पर विशेष इंतजाम किए गए। यहां जुलूस में शामिल लोगों के लिए निःशुल्क पानी, शरबत, नाश्ता सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। साथ ही लोगों की सुविधा को देखते हुए चिकित्सा सुविधा का भी इंतजाम किया गया, ताकि जुलूस में शामिल किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल सहायता मिल सके।




जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़ी संख्या में शामिल अकीदतमंद।

तौकीर अनवर उर्फ सिकंदर अनवर स्वयं सेवा व्यवस्था की निगरानी करते रहे और जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का स्वागत किया। उनकी ओर से किए गए इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर तौकीर अनवर उर्फ सिकंदर अनवर ने कहा कि ईद-मिलादुन्नबी केवल खुशी मनाने का अवसर नहीं, बल्कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के प्रेम, दया, मानवता, अमन और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में उतारने का भी अवसर है। समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जुलूस के दौरान अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। आयोजन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आयोजकों ने आभार जताया। इस मौके पर मौलाना मुफ्ती असलमुल कादरी, मौलाना तय्यब आलम नूरी, सरफराज आलम, मो नियाज, मो अफरोज आलम, मो अरमान अली,मो सद्दाम हुसैन, डॉ तौहीद अनवर, नियाज खान, औरंगजेब खान, अफजल राणा, आफताब खान, मो बशारत करीम गुलाब, मो अलीम उर्फ. आरजू सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# ओवरलोडिंग किसी भी नाव के लिए गंभीर खतरा

नदियां हमारी सभ्यता की पहचान हैं। इनके किनारे गांव बसे, खेतों को पानी मिला, रोजगार के रास्ते खुले और पीढ़ियों ने इनकी धाराओं के साथ जीवन जीना सीखा। लेकिन यही नदी जब उफान पर होती है तो उसका स्वभाव बदल जाता है। शांत दिखाई देने वाली जलधारा अचानक बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। बरसात और बाढ़ के मौसम में नाव दुर्घटनाओं तथा पानी में डूबने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। हर ऐसी घटना के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, प्रशासनिक स्तर पर जांच और सावधानी की अपील होती है, लेकिन समय बीतते ही वही लापरवाही फिर लौट आती है।

सवाल यह है कि आखिर हर साल पानी में डूबने से होने वाली मौतों को हम कब तक महज हादसा मानते रहेंगे हर दुर्घटना को किस्मत का नाम देकर जिम्मेदारी से बचना आसान है, लेकिन अधिकांश घटनाओं के पीछे कहीं न कहीं असावधानी, सुरक्षा नियमों की अनदेखी, जोखिम का गलत आकलन और समय पर बचाव व्यवस्था का अभाव होता है। नाव नदी पार करने का साधन है, जीवन को जोखिम में डालने का माध्यम नहीं। नाव पर क्षमता से अधिक लोगों को बैठाना, पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बिना यात्रा करना, खराब मौसम में नदी में उतरना, तेज धारा के बीच नाव चलाना और अनुभवी नाविक की जगह गैर-प्रशिक्षित व्यक्ति पर निर्भर रहनाये सभी छोटी लगने वाली गलतियां बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती हैं। नाव की यात्रा को कभी भी सामान्य सड़क यात्रा की तरह नहीं लेना चाहिए। नदी का पानी स्थिर नहीं होता। जलस्तर, धारा, हवा और मौसम के अनुसार परिस्थितियां लगातार बदलती रहती हैं। नाव में बैठने से पहले यह देखना जरूरी है कि नाव सुरक्षित है या नहीं और उसमें निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही यात्री सवार हैं या नहीं। ओवरलोडिंग किसी भी नाव के लिए गंभीर खतरा है। नाव में जितने अधिक लोग होंगे, उसका संतुलन उतना ही प्रभावित हो सकता है। थोड़ी-सी तेज लहर, अचानक हवा या यात्रियों की एक साथ हलचल नाव का संतुलन बिगाड़ सकती है। इसलिए नाविक और यात्रियों दोनों की जिम्मेदारी है कि क्षमता से अधिक लोगों को नाव पर सवार न होने दें। नाव पर उपलब्ध लाइफ जैकेट या अन्य स्वीत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गो और ऐसे लोगों के लिए जो तैरना नहीं जानते, अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। नदी में तैरना आने का दावा भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। तेज बहाव में अनुभवी तैराक भी मुश्किल में पड़ सकता है।

पानी के प्रति बच्चों में स्वाभाविक आकर्षण होता है, लेकिन उनके लिए नदी, तालाब, नहर, गड्ढे और बाढ़ का पानी बेहद जोखिमपूर्ण हो सकता है। अभिभावकों को बच्चों को कभी भी नदी या गहरे पानी के आसपास अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। बाढ़ के दौरान घरों, सड़कों और खेतों के आसपास जमा पानी भी खतरनाक हो सकता है। पानी की गहराई ऊपर से देखकर पता नहीं चलती। जहां सड़क या खेत दिखाई दे रहा हो, वहां नीचे गड्ढा, नाला या तेज बहाव हो सकता है। इसलिए अनजान पानी में उतरना या उसे पार करने की कोशिश करना जानलेवा जोखिम बन सकता है। बच्चों को यह समझाना भी जरूरी है कि पानी में गिरा सामान निकालने के लिए स्वयं पानी में न उतरें। पहले किसी बड़े व्यक्ति को सूचना दें और सुरक्षित तरीके से सहायता लें।

आज मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के दौर में जोखिम भरी जगहों पर फोटो या वीडियो बनाने की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। नदी का तेज बहाव, पुल, घाट या बाढ़ का पानी सेल्फी और वीडियो बनाने की जगह नहीं है। किसी भी व्यक्ति को नदी के किनारे खतरनाक ढलान, फिसलन वाले घाट या तेज धारा के बिल्कुल पास खड़े होकर फोटो खींचने से बचना चाहिए। एक क्षण की लापरवाही जीवनभर का पछतावा बन सकती है। बाढ़ के पानी में वाहन लेकर उतरना भी खतरनाक है। पानी की गहराई और सड़क की स्थिति का अनुमान लगाना कठिन होता है। बहाव तेज होने पर वाहन का नियंत्रण बिगड़ सकता है। प्रशासन द्वारा बंद किए गए मार्गो और चेतावनी वाले क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करना चाहिए। सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी केवल यात्रियों की नहीं हो सकती। नाविकों को भी नियमों का गंभीरता से पालन करना होगा। नाव की क्षमता, मौसम की स्थिति, नदी के जलस्तर और धारा की जानकारी के बिना यात्रियों को लेकर निकलना जोखिमपूर्ण है। नाव में आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। खराब मौसम, अत्यधिक तेज धारा या असुरक्षित परिस्थितियों में नाव संचालन से बचना चाहिए। नाविकों को यात्रियों को भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश देने चाहिए। नदी को चुनौती नहीं, सम्मान दीजिए। नाव को साधन समझिए, जोखिम नहीं।

# रक्षा बंधन : साधारण धागा-असाधारण भावनाएं



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

रक्षा बंधन भारतीय संस्कृति के उन पर्वो में शामिल है, जो रिश्तों की भावनात्मक गहराई, पारिवारिक अपनापन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। सावन की पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई उसकी सुरक्षा, सम्मान तथा हर परिस्थिति में साथ देने का संकल्प लेता है।

हालांकि बदलते समय के साथ रक्षा बंधन के अर्थ और स्वरूप में भी विस्तार हुआ है। आज यह पर्व केवल भाई की ओर से बहन की रक्षा के वचन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि परस्पर सम्मान, सहयोग और जिम्मेदारी का उत्सव बनता जा रहा है।

रक्षा बंधन की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें रिश्तों की मजबूती का आधार किसी औपचारिकता में नहीं, बल्कि भावनाओं में दिखाई देता है। राखी का धागा बहुत साधारण होता है, लेकिन उसके साथ जुड़ी भावनाएं असाधारण होती हैं। यही कारण है कि दूर-दराज के शहरों में रहने वाले भाई-बहन भी इस दिन एक-दूसरे से मिलने, शुभकामनाएं देने और अपने रिश्ते को याद करने का प्रयास करते हैं। कई परिवारों में यह अवसर वर्षो से चली आ रही परंपराओं को आगे बढ़ाने का माध्यम भी बनता है।

लेकिन किसी भी पर्व की सार्थकता केवल उसके आयोजन, खरीदारी और दिखावे से तय नहीं होती। त्योहार का वास्तविक महत्व उस संदेश में होता है, जिसे वह समाज तक पहुंचाता है। रक्षा बंधन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम वास्तव में अपने परिवार और समाज की बेटियों, बहनों और महिलाओं के सम्मान तथा सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार हैं यदि राखी बांधने के बाद भी महिलाओं के सम्मान, समान अवसर और गरिमा को लेकर हमारी सोच में बदलाव नहीं आता, तो पर्व की मूल भावना अधूरी रह जाती है।

आज के दौर में भाई-बहन दोनों अपने-अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। बहन शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही है। ऐसे में भाई का दायित्व केवल बहन की रक्षा करना नहीं, बल्कि उसकी स्वतंत्रता, निर्णय लेने के अधिकार और सपनों का सम्मान करना भी है। इसी तरह बहन भी भाई के सुख-दुख में साथ खड़ी होती है। इसलिए रक्षा का अर्थ अब एकतरफा नहीं, बल्कि परस्पर सहयोग और विश्वास के रूप में समझा जाना चाहिए।

भारतीय समाज में परिवार की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। संयुक्त परिवारों से लेकर बदलते एकल परिवारों तक रिश्तों की संरचना में काफी परिवर्तन आया है। व्यस्त जीवन, रोजगार की तलाश में पलायन, महानगरों की दूरी और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने पारिवारिक मेल-जोल के तरीके बदल दिए हैं। ऐसे समय में रक्षा बंधन जैसे पर्व रिश्तों को फिर से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। एक फोन कल, वीडियो कल या संदेश भी दूर बैठे भाई-बहन को भावनात्मक रूप से करीब ला सकता है।

यह भी आवश्यक है कि पर्वो की खुशी आर्थिक दबाव का कारण न बने। बाजार ने त्योहारों को आकर्षक बनाने के साथ-साथ उन्हें खर्चीला भी बना दिया है। महंगी राखियां, उपहार और सजावट त्योहार का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन उन्हें पर्व की अनिवार्य शर्त नहीं बनाया जाना चाहिए। स्नेह की कीमत बाजार तय नहीं कर सकता। एक साधारण राखी और दिल से दिया गया आशीर्वाद कई बार महंगे उपहार से कहीं अधिक मूल्यवान होता है।



रक्षा बंधन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने का अवसर भी बन सकता है। प्राकृतिक और स्थानीय सामग्री से बनी राखियों को बढ़ावा देना, अनावश्यक प्लास्टिक का उपयोग कम करना और त्योहार के बाद कचरा न फैलाना सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि परंपरा के साथ पर्यावरण संरक्षण की सोच जुड़ जाए, तो पर्व का सामाजिक महत्व और बढ़ सकता है।

इस अवसर पर समाज को एक व्यापक संदेश देने की भी आवश्यकता है। सुरक्षा केवल परिवार के भीतर की जिम्मेदारी नहीं है। सड़क, विद्यालय, कार्यस्थल, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पूरे समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। महिलाओं और बच्चों के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किसी एक दिन की भावना नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

विद्यालयों में भी रक्षा बंधन को केवल राखी बांधने के कार्यक्रम तक सीमित करने के बजाय इसके सामाजिक और नैतिक पक्ष पर चर्चा की जा सकती है। विद्यार्थियों को बताया जा सकता है कि भाई-बहन का रिश्ता समानता, सहयोग, संवेदनशीलता और सम्मान पर आधारित है। इससे नई पीढ़ी को परंपरा के साथ उसके मूल मूल्य भी समझने का अवसर मिलेगा।

रक्षा बंधन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह हमें उन लोगों को याद करने का अवसर देता है, जो अपने परिवार से दूर रहकर समाज और देश की सेवा में लगे हैं। सैनिक सीमा पर, चिकित्सक अस्पतालों में, पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था में और अनेक कर्मचारी आवश्यक सेवाओं में अपने दायित्व निभाते हैं। पर्व की खुशी तभी व्यापक हो सकती है, जब समाज में जिम्मेदारी निभाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के योगदान का सम्मान किया जाए।

समय के साथ त्योहारों की परंपराएं बदल सकती हैं, लेकिन उनकी मूल भावना बनी रहनी चाहिए। रक्षा बंधन का मूल संदेश प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी है। यदि राखी की डोर हमें एक-दूसरे के अधिकारों और भावनाओं का सम्मान करना सिखाती है, तो यही इस पर्व की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

आज जब जीवन की गति तेज है और लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है, ऐसे पर्व हमें रुककर रिश्तों को देखने और उन्हें मजबूत करने का अवसर देते हैं। जरूरी नहीं कि भाई-बहन हर दिन साथ रहें, जरूरी यह है कि जरूरत के समय वे एक-दूसरे के साथ खड़े रहें। रिश्ते दूरी से कमजोर नहीं होते, बल्कि संवाद और विश्वास की कमी से कमजोर होते हैं।

इसलिए रक्षा बंधन पर केवल कलाई पर राखी बांधने की परंपरा निभाना पर्याप्त नहीं है। हमें अपने व्यवहार में भी उस धागे की मजबूती लानी होगी। बहन के सम्मान, भाई के विश्वास, परिवार के सहयोग और समाज की संवेदनशीलता को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

रक्षा बंधन की असली ताकत राखी के धागे में नहीं, उस भावना में है जो दो दिलों को जोड़ती है। यदि यह भावना परिवार से निकलकर पूरे समाज तक पहुंच सके, तो रक्षा बंधन केवल एक पर्व नहीं रहेगा, बल्कि परस्पर सम्मान, समानता और मानवीय संवेदना का संदेश बन जाएगा। यही इस पवित्र पर्व की वास्तविक सार्थकता है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और जेड फोल्ड8 की कीमतें बढ़ सकती हैं, मेमोरी की बढ़ती कीमत बनी वजह

**देश के प्रमुख** रिटेलर्स के मुताबिक सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की कीमतें भारत में जल्द बढ़ सकती हैं। इन सैमसंग फोल्डेबल फोन की कीमत 125 लाख से 2.6 लाख रुपये के बीच है, और ये अब तक का सबसे बेहतरीन फोल्डेबल एक्सपीरियंस देते हैं, जिसमें खास तौर पर बनाया गया गैलेक्सी एआई और हिंज डिजाइन, डिस्प्ले, मजबूती व परफर्मेंस में की गई बड़ी इंजीनियरिंग तरक्की शामिल है।


खुलने पर सिर्फ 4.1 मिमी मोटाई के साथ गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी जेड फोल्ड फोन है। वहीं दूसरी तरफ गैलेक्सी जेड फोल्ड8 का वजन सिर्फ 201 ग्राम है, जिससे यह सैमसंग का अब तक का सबसे हल्का फोल्ड फोन बन जाता है।

सैमसंग इंडिया के मुताबिक गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 को भारत में रिकर्ड प्री-अर्डर मिले हैं, जिसमें लॉन्च के सिर्फ 72 घंटों के भीतर करीब 2.71 लाख लोगों ने इन स्मार्टफोन के लिए प्री-ऑर्डर किया। इस महीने की शुरुआत में इन डिवाइस की बिक्री तेजी से शुरू हुई थी, लेकिन रिटेलर्स को डर है कि जल्द ही कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है, क्योंकि स्मार्टफोन के लिए एक अहम कंपोनेंट माने जाने वाले मेमोरी चिप की मांग पहले कभी इतनी नहीं रही।

सैमसंग ने पिछले महीने कहा था कि वह ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए स्मार्टफोन की बढ़ती लागत के बड़े हिस्से का बोझ खुद उठा रही है। कंपनी ने भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 खरीदने वालों के लिए एक लंबी अवधि की जीरो कस्ट ईएमआई भी शुरू की है।

सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने लंदन में नए गैलेक्सी फोल्डेबल फोन के लॉन्च पर कहा, अगर आप देखें कि प्रतिस्पर्धी कंपनियों ने अपनी कीमतें कितनी बढ़ाई हैं, तो सैमसंग की बढ़ोतरी उनके मुकाबले काफी कम है, क्योंकि हम खुद यह बढ़ी हुई लागत उठा रहे हैं।

# रक्षाबंधन : शक्ति, संरक्षण और परंपरा का उत्सव



बी. कृष्णा

भारतीय समाज में रक्षाबंधन को सामान्यतः भाई द्वारा बहन की रक्षा के वचन के रूप में देखा जाता है। लोकपरंपरा में यह स्वरूप अत्यंत लोकप्रिय है और आज अधिकांश लोगों के लिए यही इस पर्व की पहचान भी बन चुका है। परिणामस्वरूप रक्षाबंधन की व्याख्या प्रायः इस रूप में की जाती है कि भाई रक्षक है और बहन संरक्षण की अपेक्षा रखने वाली।

किन्तु प्रश्न यह है कि क्या यही रक्षाबंधन का मूल शास्त्रीय स्वरूप भी है । क्या भारतीय वाड्मय में रक्षासूत्र का प्रथम प्रसंग वास्तव में भाई बहन का है अथवा रक्षाबंधन का वैदिक आधार संरक्षण, शक्ति और उत्तरदायित्व की कहीं अधिक व्यापक अवधारणा प्रस्तुत करता है उपलब्ध शास्त्रीय साक्ष्यों के आलोक में इन प्रश्नों का पुनर्विचार आवश्यक प्रतीत होता है।

उपलब्ध वैदिक एवं पौराणिक साक्ष्यों को क्रम से देखने पर रक्षासूत्र की परंपरा का एक ऐसा व्यापक स्वरूप सामने आता है, जिसमें रक्षा केवल किसी एक व्यक्ति द्वारा दूसरे की रक्षा करने का विषय नहीं, बल्कि शक्ति, मंगल और संरक्षण के संकल्प से जुड़ा संस्कार है।

### रक्षा की वैदिक अवधारणा : आयु, बल और वर्चस्

अथर्ववेद में रक्षात्मक बंधन के प्रसंग में कहा गया है-

**यदाबधन्दाक्षायणा हिरण्यं शतानीकाय सुमनस्यमानाः।**
**तत्ते बधाम्यायुषे वर्चसे बलाय दीर्घायुत्वाय शतशारदाय।।**

इस मंत्र में बंधन का उद्देश्य आयु, वर्चस्, बल और दीर्घायु की कामना है।

### भविष्य पुराण में रक्षाबंधन का विधान

भविष्य पुराण के उत्तरपर्व के 137वें अध्याय में श्रावण पूर्णिमा से संबंधित रक्षाबंधन-विधान का विस्तृत वर्णन मिलता है। यहाँ रक्षासूत्र का संबंध राजा से स्थापित किया गया है। पुरोहित विधिपूर्वक उसे रक्षा बाँधता है-

**तदनु पुरोधा नृपतिं रक्षां बधीत मन्त्रेण।**

इसके बाद रक्षासूत्र मंत्र,

**येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।**
**तेन त्वामभिबधामि रक्षे मा चल मा चल।।**

अर्थात् जिस रक्षासूत्र से महाबली दानवराज बलि बँधे थे, उसी से तुम्हें बाँधता हूँ, हे रक्षा! तुम विचलित न हो, अचल रहो।

यहाँ रक्षासूत्र का संदर्भ न भाई-बहन का है और न स्त्री की सुरक्षा का। यहाँ राजा के लिए रक्षा विधान है।

इसी क्रम में भविष्य पुराण आगे कहता है-

**ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्वैश्यैः शूद्रैश्चान्यैश्च मानवैः।**
**कर्तव्यो रक्षिकाबन्धो द्विजान्सम्पूज्य भक्तितः।।**

अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा अन्य मनुष्यों द्वारा भी द्विजों का भक्तिपूर्वक पूजन करके रक्षिकाबंध किया जाना चाहिए।

यह श्लोक विशेष रूप से महवपूर्ण है, क्योंकि इससे रक्षिकाबंध का सामाजिक विस्तार सामने आता है। रक्षासूत्र किसी एक पारिवारिक संबंध का निजी प्रतीक मात्र नहीं हैय वह धार्मिक, सामाजिक और दायित्वपरक संबंधों में प्रयुक्त होने वाला संस्कार है।

### *इन्द्राणी : रक्षा पाने वाली नहीं, रक्षा करने वाली*

रक्षाबंधन के प्राचीन शास्त्रीय साक्ष्यों में भविष्य पुराण के उत्तरपर्व का 137वाँ अध्याय विशेष महव रखता है। श्रीकृष्ण युधिष्ठिर संवाद में वर्णित इस प्रसंग में रक्षाबंधन-व्रत की उत्पत्ति, विधि और महव का उल्लेख मिलता है। यहाँ रक्षासूत्र का स्वरूप आज की प्रचलित भाई बहन की परंपरा से भिन्न दिखाई देता है। देवासुर संग्राम में जब देवताओं की स्थिति कमजोर पड़ने लगी, तब दैत्यराज बलि ने अपने गुरु शुक्राचार्य से परामर्श किया। शुक्राचार्य ने उन्हें एक वर्ष तक इन्द्र से संधि करने की सलाह दी और बताया कि इन्द्र की विजय का एक प्रमुख आधार उनकी पत्नी शची (इन्द्राणी) द्वारा विधिपूर्वक बाँधा गया रक्षासूत्र है। अतः तत्काल युद्ध करने के बजाय एक वर्ष प्रतीक्षा कर पुनः युद्ध करना ही उचित होगा।

देवासुर संग्राम के प्रसंग में इन्द्राणी अपने पति इन्द्र के लिए रक्षासूत्र का विधान करती हैं। इन्द्र के युद्ध के लिए प्रस्थान से पूर्व वह उनके रक्षण और विजय की कामना करती हैं और रक्षासूत्र बाँधती हैं। यहाँ संबंध पति-पत्नी का है।

यह प्रसंग रक्षासूत्र की प्राचीन परंपरा को समझने के लिए विशेष महव रखता है। इन्द्राणी अपने पति इन्द्र के लिए रक्षासूत्र का विधान करती हैं और उनके शत्रुओं पर विजय तथा सुरक्षित रहने की कामना करती हैं।

### वर्तमान नैरेटिव

आज रक्षाबंधन की सबसे प्रचलित व्याख्या में भाई रक्षक है और बहन रक्षित। राखी को बहन की सुरक्षा के लिए भाई के वचन के रूप में देखा जाता है। इस लोकप्रचलित रूप में धीरे-धीरे स्त्री की छवि ऐसी बना दी गई, मानो उसकी सुरक्षा का दायित्व किसी पुरुष पर हो और उसकी अपनी शक्ति सामर्थ्य गौण हो। यहीं से वह मानसिकता जन्म लेती है, जो स्त्री को 'अबला' अर्थात् स्वयं अपनी रक्षा करने में असमर्थ मानने लगती है।

लेकिन शास्त्रीय परंपरा का रक्षासूत्र इस एकरेखीय विभाजन को स्वीकार नहीं करता। अथर्ववेद में रक्षा का संबंध आयु, वर्चस्, बल और दीर्घायु से जोड़ा गया है।

भविष्य पुराण में पुरोहित द्वारा राजा को रक्षासूत्र बाँधने का प्रसंग मिलता है और रक्षिकाबंध का विधान भी व्यापक सामाजिक संदर्भ में सामने आता है। सबसे उल्लेखनीय प्रसंग इन्द्राणी का है, जहाँ वह स्वयं इन्द्र के लिए रक्षासूत्र बाँधती हैं और उनके रक्षण तथा विजय की कामना करती हैं।

इन प्रसंगों को एक साथ देखने पर रक्षासूत्र का अर्थ किसी एक रिश्ते तक सीमित नहीं रहता। रक्षा यहाँ कोई ऐसी भूमिका नहीं है, जो स्वभावतः पुरुष के हिस्से और संरक्षण पाने की भूमिका स्त्री के हिस्से में रख दी गई हो।


यही वह बिंदु है जहाँ वर्तमान 'भाई रक्षक, बहन रक्षित' नैरेटिव का पुनर्पाठ आवश्यक हो जाता है। इन्द्राणी का प्रसंग इसलिए महवपूर्ण है कि वह किसी आधुनिक विचारधारा का आरोपित उदाहरण नहीं, बल्कि हमारी अपनी शास्त्रीय परंपरा का हिस्सा है। वहाँ स्त्री किसी पुरुष से अपनी रक्षा की याचना नहीं कर रहीय वह स्वयं रक्षासूत्र बाँध रही है और इन्द्र के रक्षण तथा विजय का संकल्प कर रही है।

इसलिए रक्षाबंधन को केवल 'पुरुष रक्षक और स्त्री रक्षित' के सूत्र में बाँध देना उसके अर्थ को छोटा करना है। परंपरा का पुनर्पाठ स्त्री को 'अबला' सिद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि यह देखने के लिए होना चाहिए कि हमने अपनी ही परंपरा में मौजूद स्त्री के शक्ति-संपन्न रूप को कहाँ और कैसे भुला दिया। सांस्कृतिक परंपराओं की आधुनिक व्याख्या यदि उनके मूल संदर्भो को पीछे छोड़ देती है, तो वह केवल अर्थ का परिवर्तन नहीं करती, वह समाज की स्त्री छवि को भी प्रभावित करती है।

*(लेखक ज्योतिषी, योग और आध्यात्मिक चिंतक हैं)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# कई भाषाएँ, कई जॉनर, एक बड़ा विजन : 2026-27 में जी स्टूडियोज की दमदार कंटेंट स्लेट

**भारतीय सिनेमा** अब सिर्फ भाषा या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गया है। इसी बदलते दौर को ध्यान में रखते हुए जी स्टूडियोज ने 2026-27 के लिए अपनी कंटेंट स्ट्रैटेजी को और मजबूत किया है। स्टूडियो की आने वाली फिल्मों की स्लेट हिंदी, मराठी, तेलुगु, तमिल, मलयालम, गुजराती, कन्नड़ और अन्य भारतीय भाषाओं में फैली हुई है। इस स्लेट में कमर्शियल एंटरटेनर्स, एक्शन, रोमांस, थ्रिलर, माइथोलजी, सस्पेंस और कई अलग तरह की कहानियाँ शामिल हैं।



जी स्टूडियोज की यह स्ट्रैटेजी भारत के अलग-अलग दर्शकों और उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। जी के ब्रांड प्रॉमिस योर्स ट्रूली के साथ आगे बढ़ते हुए स्टूडियो ऐसी कहानियों पर फोकस कर रहा है, जो अपनी संस्कृति और स्थानीय जड़ों से जुड़ी हों, लेकिन साथ ही अलग-अलग भाषा और क्षेत्र के दर्शकों तक भी पहुंच सकें।

हिंदी सिनेमा में जी स्टूडियोज की स्लेट में बाप, रामभूमि, दिल्ली 2021, ब्लाइंड बाबू जैसे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इन फिल्मों में बड़े पैमाने का एंटरटेनमेंट, एक्शन, सस्पेंस और मॉडर्न स्टोरीटेलिंग देखने को मिलेगी।

साउथ में भी जी स्टूडियोज अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। तेलुगु में इंद्रपुत्र, एनबीके 111, कनका दुर्गा और अनसूया जनरल स्टोर्स जैसे प्रोजेक्ट्स हैं। वहीं कन्नड़ में अन्ना फ्रॉम मेक्सिको और तमिल में हाई और सत्यवान सावित्री जैसी फिल्में शामिल हैं। स्टूडियो ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉम एंड चेरी के साथ गुजराती सिनेमा में भी कदम रखा है।

मराठी सिनेमा भी जी स्टूडियोज की स्ट्रैटेजी का एक अहम् हिस्सा है। आत्मपैम्फलेट को राष्ट्रीय पुरस्कारों में मिली सराहना के बाद स्टूडियो की नई स्लेट में झेप, फुलवारा, मान, जोगाई जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों के जरिए अलग-अलग मार्केट और ऑडियंस तक पहुँचने की कोशिश की जा रही है।

जी स्टूडियोज की फिल्मों की रेंज सिर्फ भाषाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जॉनर के स्तर पर भी काफी अलग है। सिला, सत्यवान सावित्री, हाई, ब्लाइंड गेम, एनबीके111, जनवरी 12 विदुदला, एनकेआरएआर2 और दिल्ली 2021 जैसी फिल्में स्टूडियो की अलग-अलग तरह की कहानियों को प्रदर्शित करती हैं। इसका फोकस किसी एक रीजन या ऑडियंस तक सीमित रहने के बजाय ऐसी फिल्मों पर है, जो अलग-अलग मार्केट के दर्शकों को पसंद आएँ।

जी स्टूडियोज के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारी पोर्टफोलियो स्ट्रैटेजी इस सोच पर आधारित है कि भारत को सिर्फ एक तरह की कहानी, एक भाषा या एक सिनेमाई नजरिए से नहीं दिखाया जा सकता। हर मार्केट की अपनी ऑडियंस, टैलेंट और एंटरटेनमेंट की अलग पसंद है। हमारा उद्देश्य इसी विविधता को अपनी फिल्मों के जरिए प्रदर्शित करना है। हिंदी, मराठी, मलयालम और गुजराती से लेकर तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और दूसरी भाषाओं तक, हम अलग तरह की कहानियों के साथ एक मजबूत और अलग कंटेंट इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारे लिए एंटरटेनमेंट बहुभाषी और मल्टी-जॉनर सिनेमा का सबसे अहम् हिस्सा है। हम ऐसी कहानियाँ दर्शकों तक लाना चाहते हैं, जो संपूर्ण भारत और देश के बाहर भी लोगों से कनेक्ट कर सकें।

जॉनर की बात करें, तो बाप और सिला बड़े पैमाने के कमर्शियल एक्शन एंटरटेनमेंट को दिखाते हैं। वहीं ब्लाइंड गेम, ब्लाइंड बाबू और दिल्ली 2021 में साइकोलॉजिकल और थ्रिलर एलिमेंट्स देखने को मिलेंगे। इंद्रपुत्र और रामभूमि भारतीय माइथोलजी और इतिहास से प्रेरित बड़े सिनेमाई संसार को सामने लाएँगे।

वहीं टॉम एंड चेरी, हाई, सत्यवान सावित्री, अन्ना फ्रॉम मेक्सिको, झेप, फुलवारा, जोगाई, कनका दुर्गा और अनसूया जनरल स्टोर्स जैसी फिल्में अलग-अलग भाषाओं और मार्केट में जी स्टूडियोज की कंटेंट रेंज को और मजबूत करती हैं।

## पर्व-त्योहार

# भाई-बहन के प्रेम को सुदृढ़ करता है रक्षाबंधन : आचार्य राकेश झा

### 28 को सावन शुक्ल पूर्णिमा में पूरे दिन बंधेगी राखी



ज्योतिषाचार्य राकेश झा।

भाई-बहनों के त्योहार के रूप में स्थापित यह रक्षाबंधन का पर्व हमारे धार्मिक, ज्योतिषीय एवं पौराणिक मार्ग से ही गतिमान हुआ है । शास्त्रीय मान्यता के अनुसार इस दिन विधिवत किये गये रक्षाविधान से सालभर तक व्यक्ति पर किसी तरह के कुप्रभाव नहीं आती है । रक्षाबंधन में भाई-बहन के परस्पर रक्षा की भावना से दोनों का आत्मबल पुष्ट होता है । भाई की कलाई में राखी के धागे बांध जहां बहन उसके दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख, सौमनस्य की कामना करती है, वही भाई भी बहन के सम्यक रक्षणार्थ प्रतिबद्ध होता है । राखी की डोर पारस्परिक प्रेम को सुदुढ़ करती है ।

### सावन पूर्णिमा में दिनभर बंधेगी राखी

ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि सावन शुक्ल पूर्णिमा 28 अगस्त शुक्रवार की सुबह 9 : 27 बजे तक ही पूर्णिमा तिथि रहेगी। परंतु उदयातिथि से पूरे दिन पूर्णिमा का मान होगा। भद्रा भी 27 अगस्त गुरुवार को ही खत्म हो जाएगा । इसीलिए रक्षाबंधन पर 28 अगस्त शुक्रवार को शतभिषा नक्षत्र में बहने पूरे दिन अपने भाई को राखी बांध सकती है । भद्रा रहित काल में राखी बांधने से सौभाग्य में बढ़ोत्तरी होती है। शुभ योग में रक्षाबंधन का पर्व मनाने से ऐश्वर्य व सौभाग्य की वृद्धि होती है ।

### शास्त्रीय राखी बांधने से होगा सर्वदा मंगल

आचार्य राकेश झा ने भविष्योत्तर पुराण के हवाले से बताया कि सावन पूर्णिमा को अक्षत, पीला सरसों, दूब व स्वर्ण खण्ड या पीला सिक्का को नए पीला रेशमी या सूती वस्त्र में बांधकर कलाई में बांधने तक वस्त्र या मौली को जोड़कर रखे । फिर नमो नारायणाय व नमो भगवते वासुदेवाय इस मंत्र से उस राखी की रोली, अक्षत, फूल, धूप, दीप एवं प्रसाद से पूजा कर मंत्रोच्चार करते हुए बांधने से सर्वदा मंगल होता है ।

### सावन पूर्णिमा को ही रक्षाबंधन का तात्पर्य

बरसात के मौसम में विविध जीव-जंतुओं तथा रोगो से जीवन को अधिक खतरा रहा है। बाढ़, कीचड़, जलजमाव आदि के कारण रास्ते भी दुर्गम्य होते थे। वैद्यो के पास उपचार के लिए जाना संभव नहीं था। पग-पग पर परेशानियां ही परेशानियां होती थी । ऐसे में मांत्रिक उपचार के रूप में रक्षाबंधन यह विश्वास दिलाता रहा कि हम सब सुरक्षित है । घर-परिवार के मुखिया के मन में भी यह आस्था दृढ हो जाती कि हम सभी सुख-शांति से रह सकेंगे ।

### भाइयों के संरक्षण का संदेश है राखी

भाई चाहे शारीरिक या आर्थिक रूप से कितना भी मजबूत हो, उसे कही न कही कुछ सुरक्षा की आवश्यकता होती है और यह उनकी बहन की दृढ इच्छाशक्ति व मनोभाव से आता है । इसीलिए बहने अपने भाई को राखी बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लेती है । यह मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है । प्रचलित अवधारणा में पुरुष ही सशक्त है, महिला दुर्बल है, उनमे शक्ति नहीं है । जबकि महिला ही शक्ति है । पुरुष बाहुबल से संरक्षण देता है तो महिला मनोबल से संरक्षण देती है । महिलायें भावनात्मक, वैचारिक व आत्मबल देकर संरक्षण करती है । महिलाओं या फिर बहनों में संकल्प शक्ति बहुत मजबूत होती है । वे अपनी संकल्प शक्ति से भाइयों और पुरुषों को संरक्षण देती है ।

### राखी बांधने का शास्त्रीय मंत्र

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।
तेन त्वां प्रति बधामि रक्षे मा चल मा चल।।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

### गंडक नदी में जलस्तर बढ़ने की आशंका, अरेराज-संग्रामपुर समेत चार अंचलों में अलर्ट

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नेपाल से होकर बहने वाली नदियों के जलस्तर में अचानक वृद्धि की संभावना को देखते हुए वाल्मीकिनगर बैराज पर दबाव बढ़ने और वहां से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने की आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए गंडक नदी से जुड़े पूर्वी चंपारण के अरेराज, संग्रामपुर, केसरिया और पहाड़पुर अंचलों में प्रशासन को अलर्ट किया गया है।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने आपदा प्रबंधन शाखा एवं बाढ़ प्रमंडल, मोतिहारी के पदाधिकारियों तथा स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गंडक नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने और बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने गंडक तटबंध एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक एवं सतर्क करने को कहा। संबंधित अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमों को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, सिविल सर्जन एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को पर्याप्त दवाओं के साथ मेडिकल टीम तैयार रखने तथा आवश्यकता वाले चिन्हित स्थानों पर टीमों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया है।जिला पंचायत राज पदाधिकारी को संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में लोग समय रहते सतर्क हो सकें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की मुकम्मल तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

### बेतिया राज की जमीन को लेकर डीएम के समक्ष धरना देगी भाकपा माले

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** कवलपुर स्थित कामरेड नीलम देवी के आवास पर भाकपा (माले) प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड सचिव विशेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने की, जबकि संचालन शंभू लाल यादव ने किया। बैठक में संगठन विस्तार सहित विभिन्न जन मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में गांव-गांव पार्टी सदस्यता अभियान चलाकर नई कमेटियों के गठन का निर्णय लिया गया। महिलाओं, छात्रों और युवाओं को संगठित करने के साथ चरमराती शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ अभिभावकों की बैठक आयोजित करने पर भी सहमति बनी।बेतिया राज से खरीदी गई किसानों व रैयतों की जमीन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि किसानों से जमीन छीने जाने के सरकारी प्रयास के विरोध में 27 अगस्त को जिलाधिकारी के समक्ष धरना दिया जाएगा। नेताओं ने कहा कि वर्षो से बेतिया राज की जमीन खरीदकर खेती कर रहे किसानों को उनकी जमीन से बेदखल करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।जिला सचिव संजय कुमार ने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान और महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 'पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और सरकारी स्कूलों की स्थिति भी चिंताजनक है।' उन्होंने बताया कि छह सितंबर को पटना में आयोजित छात्र-युवा संसद में तुरकौलिया से बड़ी संख्या में छात्रों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगीस मौके पर किसान महासभा के जिला सचिव शंभू लाल यादव, विशेश्वर प्रसाद कुशवाहा, रामप्रवेश सहनी, सुरेंद्र महतो, नीलम देवी, परमशीला देवी, रामदेनी सहनी सहित अन्य मौजूद थे।

# गंडक नदी में बढ़ेगा जलस्तर, चार अंचलों में अलर्ट वाल्मीकिनगर बैराज से 1.05 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

## गंडक किनारे के निचले इलाकों में माइकिंग, बुजुर्ग-बच्चे व गर्भवती महिलाएं सुरक्षित स्थानों पर भेजे जा रहे

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नेपाल से होकर बहने वाली नदियों के जलस्तर में अचानक वृद्धि के कारण वाल्मीकिनगर बैराज पर पानी का दबाव बढ़ गया है। बुधवार शाम चार बजे वाल्मीकिनगर बैराज से 105 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि और पानी के फैलाव की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने अरेराज, पहाड़पुर, संग्रामपुर और केसरिया अंचल में अलर्ट जारी किया है।समाहरणालय स्थित एनआईसी में मीडिया से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन शाखा, बाढ़ प्रमंडल के अभियंताओं, स्थानीय पदाधिकारियों एवं सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। सभी संबंधित पदाधिकारियों की छुट्टी रद्द कर उन्हें मुख्यालय एवं क्षेत्र में बने रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नदी में अचानक पानी बढ़ने से पानी के फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि गंडक तटबंध एवं निचले इलाकों में माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से निचले इलाकों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की अपील की गई है। चारों अंचलों के सीओ एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चिन्हित शरण स्थलों पर मुकम्मल इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया है।एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है।



पत्रकारों को संबोधित करते डीएम व एडीएम

सिविल सर्जन एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को पर्याप्त दवाओं के साथ मेडिकल टीम तैयार रखने और चिन्हित स्थानों पर प्रतिनियुक्त करने को कहा गया है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण स्तर पर बैठक कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिले में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए जिले में चार सरकारी नाव, 165 निजी नाव, सात मोटर बोट, 25,281 पलिथीन शीट, 436 लाइफ जैकेट, एक इनफ्लैटेबल लाइटिंग सिस्टम और चार जीपीएस सेट उपलब्ध हैं। जिले में 244 शरण स्थल एवं सामुदायिक रसोई केंद्र चिन्हित किए गए हैं। एनडीआरएफ की एक और एसडीआरएफ की एक टीम भी जिले में मौजूद है। एनडीआरएफ टीम को पहाड़पुर - अरेराज-संग्रामपुर तथा एसडीआरएफ टीम को केसरिया क्षेत्र के लिए लगाया गया है।जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि निचले इलाकों में रहने वाले लोग सतर्क एवं जागरूक रहें। वर्तमान स्थिति में पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।प्रेस वार्ता के बाद जिलाधिकारी ने जिला आपातकालीन संचालन केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे 06252-242418 पर क्रियाशील है, जिस पर आपदा से संबंधित सूचना दी जा सकती है। प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता, पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में मेहसी में डी वाई एफ आई का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**मेहसी(एनएसबी)।** पटना में 70वीं ठच्ैब् परीक्षा में कथित अनियमितताओं, निगेटिव मार्किंग समाप्त करने, ठैब् परीक्षाओं को नियमित कराने, संविदा प्रथा समाप्त करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को मेहसी में भारत की जनवादी नौजवान सभा (क्ल्थ्) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला फूंका तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने छात्र-युवाओं की मांगों पर सरकार से गंभीरता से विचार करने और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए क्ल्थ् राज्य कमिटी सदस्य इम्तियाज अहमद ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने के अधिकार का दमन है। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, रोजगार की गारंटी, संविदा प्रथा की समाप्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा युवाओं की प्रमुख मांगें हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनसे बातचीत करनी चाहिए। ब्च्प्ड राज्य कमिटी सदस्य एवं पिपरा विधानसभा से महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी राजमंगल प्रसाद ने




प्रदर्शन को समर्थन देते हुए कहा कि छात्र अपने भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठच्ैब् और ठैब् जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से दमन की कार्रवाई के बजाय छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में क्ल्थ् जिला अध्यक्ष विक्की कुमार, अमन यादव, राजेश राम, जहीर आलम, शफीकुर रहमान, चिरागुद्दीन, मुकेश राम तथा क्ल्थ् के पूर्व राज्य अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई और आंदोलनकारियों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई जारी रही, तो संगठन आंदोलन को और व्यापक करने की दिशा में कदम उठाएगा।

## खेलो इंडिया संवाद को लेकर एलएनडी कॉलेज में तैयारी तेज

### आज पीएम मोदी खिलाड़ियों से करेंगे संवाद

**मोतिहारी(एनएसबी)।** माई भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण दुबे कलेज परिसर में 27 अगस्त को आयोजित होने वाले श्खेलो इंडिया संवादश को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। 27 अगस्त 2026 को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्खेल की बात पीएम मोदी के साथश संवाद के माध्यम से देशभर के युवा खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से सीधे जुड़ेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर के लिए पूर्वी चंपारण जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान एलएनडी कलेज, मोतिहारी का चयन किया गया है, जिसे लेकर कलेज प्रशासन और विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी उत्ष्ट प्रतिभा का परचम लहराया है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह संवाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें खेल जगत में नई उंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि परिसर में तकनीकी और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राएं और खिलाड़ी निर्बाध रूप से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुन सकें और इस डिजिटल संवाद का हिस्सा बन सकें। कलेज प्रशासन और एनएसएस इकाई ने जिले के सभी विद्यार्थियों, युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पैगम्बर का संदेश है कि मानवता को मानने वाला ही महान होता है

**चकिया।** शहर से लेकर गांव तक बुधवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बारह रबी उल अव्वल का जुलूश निकाला गया। विभिन्न मस्जिद व मदरसा से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक जुलूश मे शामिल हुए। जुलूस पूरे क्षेत्र से निकलकर चकिया गांधी मैदान पहुंचा जंहा सभा मे तब्दील हो गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की मोहम्मद साहब के याद में लोग जुलूस निकालते हैं। पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म अरब के रेगिस्तान के शहर मक्का में 570 ईस्वी में 12 तारीख को हुआ था। पैगंबर साहब के जन्म से पहले ही उनके पिता का निधन हो चुका था। जब वह 6 वर्ष के थे तो उनकी मां की भी मृत्यु हो गई। मां के निधन के बाद पैगंबर मोहम्मद अपने चाचा अबू तालिब और दादा अबू मुतालिब के साथ रहने लगे। इनके पिता का नाम अब्दुल्लाह और माता का नाम बीबी आमिना था। अल्लाह ने सबसे पहले पैगंबर हजरत मोहम्मद को ही पवित्र कुरान अता की थी। इसके बाद ही पैगंबर साहब ने पवित्र कुरान का संदेश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। साथ ही कहा की हजरत मोहम्मद का एक ही संदेश था कि मानवता को मानने वाला ही महान होता है। मौके पर मौलाना मुस्ताक बुरानी, मौलाना हसमत अली,मौलाना आदिल,मौलाना कयूम, मौलाना मंजर हुसैन,हाफिज मो सलीम,मकशुद आलम, प्रो मो रिजवान,हाफिज आबिद हुसैन, सादिक हुसैन, तौफीक आलम, मुशाहिद, शायरी इस्लाम, गुलाम साबिर, शकील अहमद, मो आफताब हुसैन,मो शकील अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' के संदेश के साथ विद्यार्थियों को कानून व अधिकारों की दी जानकारी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में बुधवार को अभ्यास आईआईटी कोचिंग संस्थान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लियास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 'बच्चों के लिए बाल-मित्र विधिक सेवाएं योजना, 2024' एवं 'जागृति योजना, 2025' के उद्देश्यों और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता केवल न्यायालय या अधिवक्ताओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए यह जरूरी जीवन कौशल है।उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों को समझने और संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा ही सुरक्षित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। ड़ एपीजे अब्दुल कलाम, ड़ भीमराव आंबेडकर सहित अन्य



अभ्यास आईआईटी कोचिंग में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, करीब 100 विद्यार्थी हुए शामिल।

प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को कठिन परिस्थितियों में निरंतर प्रयास करने, असफलताओं से सीखने और लक्ष्य के प्रति ढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।बाल अधिकार व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बच्चों की सुरक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण एवं तस्करी, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा, नशे से बचाव, निःशुल्क विधिक सहायता और न्याय तक समान पहुंच सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

पैनल अधिवक्ता सुश्री आयुषी अमृत ने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग तथा अनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। साथ ही किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में उचित विधिक सहायता लेने की जानकारी दी। सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के साथ समय-समय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपने अधिकारों को जानने, कर्तव्यों का पालन करने, कानून का सम्मान करने तथा समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही हर्षोल्लास माहौल में मनाया गया

**मेहसी(एनएसबी)।** हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत के मुबारक अवसर पर बुधवार को मेहसी प्रखंड क्षेत्र में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही हर्षोल्लास, अकीदत और पाकीजगी के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक उत्सवी माहौल देखने को मिला। जगह-जगह सजावट की गई और जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोगों ने नात और नारों से वातावरण को रूहानी बना दिया। हुजूर की आमद मरहबा, मुस्तफा की आमद मरहबा, ताजदार की आमद मरहबा तथा रबीउल अव्वल आया, खुश नजर सारा जहां आया जैसे नारों से मेहसी की गलियां गूंजती रहीं। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने जुलूस में शामिल होकर अपनी मोहब्बत और अकीदत का इजहार किया। अरबी महीने 12 रबीउल अव्वल के मौके पर दाता अब्दुल हलीम शाह की मजार के निकट सहित करीब एक दर्जन गांवों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस मुगलपुरा, पुरानी मेहसी, मोतीझील, मिर्जापुर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और घरयारी चक होते हुए समदपुरा, चकलालु, बड़ा कुरैशी मोहल्ला तथा काजीचक पहुंचा। इसके बाद जुलूस पुनः दाता अब्दुल हलीम शाह की मजार पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। कई स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। पूरे मार्ग में अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे, मोहब्बत और सौहार्द का संदेश भी दिया गया।जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन जामिया रिजविया बड़ा कुरैशी मोहल्ला, मदरसा तजविदुल कुरान समदपुरा, मदरसा तेगिया दारुल इस्लाम बिशम्भरपुर, नौजवान कमेटी मिर्जापुर, मदरसा हलीमिया जामिया दरगाह शरीफ सहित दामोदरपुर, मुगलपुरा, काजीचक, परतापुर, हरपुर नाग, मैन मेहसी, नया टोला समदपुरा और मोतीझील समेत दर्जनों गांवों के लोगों की ओर से किया गया।कार्यक्रम में मौलाना तस्लीम रजा, अनवर मकरानी, मोहम्मद निसार नूरी, हाजी महबूब अली, नईम-उल-हक, हाफिज इरशाद, मौलाना कौसर, मौलाना सादिक रिजवी, अरकम चम्पारनी, मुफ्ती कुतबुद्दीन, हाफिज अबुजर, सजाद अनसारी,रिजवान अहमद, अल्फाज अली, मोहम्मद चंचल, शाहिद रजा, मेराज अहमद, मकसूद आलम, लाल बाबू,।त रहमान ,सद्दाम अन्सारी मोहम्मद मुराद, शफी अहमद खान, अफजल अंसारी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हसनैन, सैयद शमीम अहमद रिजवी, अबुल कलाम आजाद,जाहिद रजा, जफर इकबाल रजा और कासिम रजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेस जुलूस के दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से अपनी अकीदत का इजहार किया। आयोजन ने मेहसी में धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की खूबसूरत तस्वीर पेश की।

## गांधी मैदान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक

### सांसद राधामोहन सिंह ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का किया आह्वान

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** हरसिद्धि प्रखंड के चड़रहिया स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज के आवास पर सोमवार को हरसिद्धि एवं गोविंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त और समृद्ध बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी एक सितंबर को मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान चंपारण को कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की सौगात मिलने वाली है।भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी धनवती नदी पर मजुराहा से बालगंगा के बीच प्रस्तावित पुल, मरीन ड्राइव सहित कई महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास और आवागमन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटने और गांधी मैदान में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा के वरीय नेता दीपक शर्मा, ई. कुंदन पासवान, राजकिशोर सिंह कुशवाहा, बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश सिंह चौहान, हरेंद्र कुशवाहा, महामंत्री राहुल तिवारी, झुना कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, संजय साह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में शामिल लोग।

## मोतिहारी के बतरौलिया में जश्न-ए-जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया

**मोतिहारी(एन एस बी)।** मोतिहारी के बतरौलिया गांव में जश्ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें मुसलमानों ने प्यारे नबी हजरत मोहम्मद से अपनी गहरी अकीदत (श्रद्धा) का इजहार किया। खबर के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी ब्लक के अंतर्गत आने वाले बतरौलिया गाँव में जश्न-ए-मोहम्मदी का जुलूस बतरौलिया ईह से निकलकर पूरे गाँव से होते हुएसिरसा मस्जिद पहुँचा और फिर सिरसा मस्जिद से वापस बतरौलिया ईह के पास आकर समाप्त हुआ।इस अवसर पर जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद शमीम आलम शम्सी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन आका-ए-काइनात हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की विलादत-ए-बा-सआदत (जन्म) हुई, जिन्होंने पूरी दुनिया को अंधकार से निकालकर मार्गदर्शन का प्रकाश प्रदान किया। प्यारे नबी पूरी दुनिया के लिए अमन और शांति का संदेश लेकर आए थे, इस रास्ते में उन्हें अनगिनत तकलीफें उठानी पड़ीं, लेकिन वे हकघ (सत्य) के रास्ते पर कायम रहे, इसलिए आज उनके संदेश को आम करने की जरूरत है। मास्टर मोहम्मद जहीरुद्दीन ने जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान बातचीत करते हुए कहा कि आज अंतिम पैगंबर के जन्म दिन की खुशी में पूरे इस्लामी जगत में जश्न-ए-मोहम्मदी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उम्मत के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद की शिक्षाओं और उनके संदेशों को आम करना है। उन्होंने आगे कहा कि आज मुसलमान प्यारे नबी के आदेशों से कोसों दूर हो चुके हैं, जिसकी वजह से उनमें विभिन्न कुरीतियाँ फैलती जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नबी-ए-करीम की दुनिया में तशरीफ आवरी (बेअसत) पूरी दुनिया के लिए रहमत का जरिया है, इसलिए हम सबको अपने नबी-ए-पाक से गहरी मोहब्बत और पूरी अकीदत होनी चाहिए।जुलूस-ए-मोहम्मदी में अब्दुल जब्बार अंसारी, अब्दुल कुद्दुस अंसारी, अमानुल्लाह अंसारी, कासिम अंसारी, हाशिम अंसारी, अतहर रजा, मोहम्मद जहीरुद्दीन, आशिक आलम, अलाउद्दीन, अली खान, हसन रजा, अजहर उद्दीन के अलावा गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी प्यार व मोहब्बत को बढ़ावा देने के लिए पैक्स अध्यक्ष उमेश प्रसाद, उत्तरी ढेकहा के सरपंच राजेंद्र प्रसाद, सोमन कुमार समेत संबंधित गाँव के अनगिनत बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे और स्थानीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, मृतक के पुत्र ने मामले की जांच एवं दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बुधवार की अहले सुबह करीब 3,30 बजे अलीनगर वार्ड 37 निवासी रीता देवी की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में उस समय डॉक्टर मौजूद नहीं थे। काफी प्रयास के बावजूद मरीज को चिकित्सकीय जांच नहीं मिल सकी। परिजनों के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में मौजूद कर्मियों के भरोसे ही मरीजों का इलाज चल रहा था। इसी दौरान रीता देवी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। मृतका के पुत्र अमर कुमार ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था



पर भी सवाल उठने लगे हैं। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर चिकित्सक मरीज को देख लेते और आवश्यक उपचार शुरू होता तो शायद स्थिति अलग हो सकती थी। वहीं, भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि सदर अस्पताल की इमरजेंसी जैसी महत्वपूर्ण सेवा में डॉक्टर की अनुपस्थिति गंभीर मामला है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, मरीजों को समय पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने तथा दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली और इमरजेंसी सेवा में चिकित्सकों की उपलब्धता को लेकर लोगों में सवाल उठ रहे हैं।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में मेधावी विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कहरा प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में बायोस्टड इंडिया लिमिटेड द्वारा पढ़ाई में सहारा कर्तव्य हमारा के तहत आयोजित बायोजाईम प्रगति छात्रवृत्ति सह किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिससे दर्जनों दसवीं के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें चयनित 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में 3-3 हजार रुपये की राशि से पुरुस्कृत किया गया। समारोह में क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों एवं किसानों को



खेती में उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जैविक कृषि से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जानकारी के अनुसार ये तत्व मिट्टी की उर्वरता पौधों की जड़ों व उत्पादक शाखाओं के विकास, पोषक तत्वों के अवशोषण, पौधों को तनाव सहने की क्षमता तथा फसल की वृद्धि और गुणवत्ता में सहायक बताए गए। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिन्द्र मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमोद कुमार, टीएसएम बैधनाथ कुमार, एमडीओ दिपक कुमार सिंह, स्थानीय वितरक पो चुनचुन सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहें।

### महिषी प्रखंड के लहुआर गांव के सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण, भारी संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्ति

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** महिषी प्रखंड के लहुआर गांव के सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्ति हुए। अंचल अधिकारी महिषी के पत्रांक 1390-2 दिनांक 07.08.2026 उपर्युक्त विषयक अंचल अधिकारी, महिषी ने प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि मौजा-लहुआर, थाना नं0-94 अंतर्गत खाता-289, खेसरा-105 कुल रकवा-60डी0 अनावाद बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु



कार्यालय पत्रांक 1249-2 दिनांक 11.07.2026 के द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु दिनांक 29.07.2026 की तिथि निर्धारित की गई थी। परंतु पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जा सकी। पुनः अंचल अधिकारी, महिषी के द्वारा उक्त वर्णित भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु दिनांक 25.08.2026 की तिथि निर्धारित करते हुए चार सेक्शन सशस्त्र पुलिस बल, दो सेक्शन महिला पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहें।

### वरिष्ठ पत्रकार बी सिंह पप्पन को मातृ शोक, शोक व्यक्त

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के जाने पहचाने वरिष्ठ पत्रकार बीएन सिह पप्पन की 84 वर्षीय वयोवृद्ध माता गीता देवी के आकस्मिक निधन पर पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है। उनके निधन की समाचार सुनते ही मातमपूर्सी करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। इनका दाह संस्कार सिमरिया स्थित गंगाघाट पर किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र डा दयानंद सिंह के द्वारा नम आंखों से मुखाग्नि दिया गया।



स्वर्गीय गीता देवी अपने पीछे पति लक्ष्मण प्रसाद सिंह, दो पुत्र जिसमें ज्येष्ठ डॉ दयानाथ सिंह, छोटे पुत्र, बुद्धिनाथ सिंह पप्पन, पुत्र वधूरू-रेखा सिंह, डॉली सिंह, पुत्री कंचन देवी, दामादरू विनोद कुमार सिंह, पोतारू देवांश सिंह, ऐकांश सिंह, पोती निवेदिता सिंह, सुश्रुता सिंह सहित पुरा भरा परिवार छोड़ गए है। शोक व्यक्त करने वालों में डॉ भारत भूषण सिंह, रंजन सिंह, मणिभूषण सिंह, ईरा सिंह, अमित कुमार सिंह, मनदीप सिंह, कोमलागिका सिंह, बबन सिंह, डां रंजन सिंह, मनोज सिंह, मनोज कुमार सिंह, आलोक झा, अनु सिंह, सतीश कुमार सिंह, गोपाल सिंह, बेचन प्रसाद, दीपक कुमार, सुमन कुमार सौरभ, संजय कुमार सिंह, मुद्रिका सिंह, विक्की कुमार, रमन कुमार, नन्द प्रसाद सिंह, मनोज झा, सुभाष चंद्र झा, आशीष झा, गौरव कुमार, शिव कुमार, प्रणव कुमार, मथुरेश कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक रामनारायण यादव के सड़क दुघर्टना में मौत पर विधायक ने किया शोक व्यक्त

**कहरा (सहरसा) (एनएसबी)।** कहरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरियाही पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामनारायण यादव के निधन पर विधायक सहित अन्य लोगो ने शोक व्यक्त किया है। बताया जाता हैं कि रामनारायण यादव की मौत मानसी थाना क्षेत्र के सैदपुर में बिते गुरुवार को सड़क दुघर्टना में हों गई थी। इनके मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। रामनारायण यादव सेवानिवृत्त के बाद समाजसेवा कार्य में लगे थे और कहरा प्रखंड प्रमुख रचना प्रकाश के नंदोशी थे। बुधवार को उनके निजी आवास



पर बरियाही पहुंच कर विधायक आईपी गुप्ता और राजद नेता रंजीत यादव, माले नेता कुंदन यादव, मो इमरान, अरविंद शर्मा, टुनटुन शर्मा सहित अन्य शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार यादव, इंजिनियर ललीत यादव, जयकुमार यादव, श्याम सुंदर यादव, रामेश्वर यादव, किशुन देव दास, नरेंद्र सहनी, उमेश चंद्र यादव, दिपक मेहता, अनिल यादव, सीताराम दास सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक ई आई पी गुप्ता ने की शिक्षक और रक्षक को सर्वाधिक वेतन दिए जाने की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बनवारी शंकर महाविद्यालय, सिमराहा में आयोजित सम्मान समारोह में सहरसा विधायक एवं जनप्रतिनिधि सदस्य ई.आई.पी.गुप्ता ने कहा कि डिग्री महाविद्यालय में उनका सम्मान विधायक के रूप में नहीं, बल्कि एक छात्र के रूप में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस सम्मान को आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ई.आई.पी.गुप्ता ने कहा कि वे हमेशा मानते रहे हैं कि यदि उन्हें देश के बड़े सदन में जाने का अवसर मिला तो वे शिक्षक और रक्षक को सर्वाधिक वेतन दिए जाने की मांग करेंगे। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना के समय पथ-प्रदर्शक की भूमिका निभाने वाले लोगों के योगदान की सराहना की। विधायक ने कहा कि सहरसा के संबंध में उन्हें जमीनी स्तर पर रिपोर्ट तैयार करनी पड़ी, जिसके बाद वे समझ पाए कि यहां से विश्वविद्यालय और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं दूसरे स्थानों पर क्यों चली गईं। उन्होंने कहा कि समाज को



समारोह में विधायक, पूर्व विधायक व अन्य

जाति और धर्म के नाम पर विभाजित होने के बजाय विकास के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने वित्त अनुदानित महाविद्यालयों की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाने का आश्वासन दिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं सहरसा के पूर्व विधायक अरुण कुमार ने कहा कि सिमराहा के किसान परिवार स्वयं आर्थिक कठिनाइयों के बीच जीवन-यापन करते हुए भी इस शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए अपनी जमीन उपलब्ध कराई। उन्होंने ऐसे त्यागी परिवारों को नमन करते हुए कहा कि वित्त अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों ने अपने अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया है और कई शिक्षक सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। सरकार को ऐसे महाविद्यालयों के अधिग्रहण पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। डॉ.योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं प्रो. हरि नारायण यादव के संचालन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार ने कहा कि जिस उद्देश्य से महाविद्यालय की स्थापना की गई थी, वह आज काफी हद तक सफल हो रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन कुमार यादव ने विधायक से पेरियार, ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 211 डिग्री महाविद्यालय खोले जाने का निर्णय सराहनीय है, लेकिन जिन महाविद्यालयों के पास अपनी भूमि, भवन और कर्मचारी उपलब्ध हैं, उनके अधिग्रहण की दिशा में भी सरकार को पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में सहरसा के विधायक प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं। आईआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यानंद शर्मा, टुनटुन शर्मा, राजद की वरिष्ठ नेत्री प्रो. गीता यादव तथा माले नेता कुंदन कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महाविद्यालय के सचिव प्रो.कमलेश्वरी शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि जिन चार महान व्यक्तियों ने इस महाविद्यालय की स्थापना का सपना देखा था, वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके सपनों का यह शिक्षण संस्थान आज भी शिक्षा का प्रकाश फैला रहा है। उन्होंने वित्त रहित शिक्षा नीति के खिलाफ चले आंदोलनों तथा महाविद्यालय के स्थापना काल से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को भी संक्षेप में साझा किया। उन्होंने स्थानीय विधायक से महाविद्यालय के प्रति अपना सहयोग और कृपादृष्टि बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रो. शिवनारायण यादव, प्रो. योगेंद्र कुमार, प्रो. जयप्रकाश झा, प्रो. उमेश कुमार, डॉ. अरविंद कुमार झा, डॉ. गजेंद्र कुमार, डॉ. दीपक कुमार सिंह, प्रो. नूतन कुमारी, प्रो. भारती झा, प्रो. धर्मशीला कुमारी, प्रधान लिपिक संजय कुमार सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी

## ईद-उल-नबी पर निकला भव्य जुलूस, कई गांवों से उमड़ा जनसैलाब, सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद



जुलूस में षामिल बनमावासी

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी) ।** ईद-उल-नबी के पावन अवसर पर बुधवार को बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सरबेला गांव से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही जुलूस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सरबेला गांव से निकला जुलूस तेलियाहाट, पहलाम, घोरदौड़ समेत कई गांवों से होकर आगे बढ़ा। जुलूस जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, विभिन्न गांवों से लोग इसमें शामिल होते गए। देखते ही देखते जुलूस में लोगों की संख्या काफी बढ़ गई। पूरे रास्ते धार्मिक उत्साह के साथ शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। जुलूस में शामिल लोग निर्धारित मार्ग से होते हुए सिमरी बख्तियारपुर पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस में भाग लिया। जुलूस के गुजरने वाले मार्गों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। कई स्थानों पर लोगों ने जुलूस को देखने के लिए सड़क किनारे भीड़ लगाई। ईद-उल-नबी के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जुलूस के निर्धारित मार्ग पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस पदाधिकारी भी लगातार जुलूस की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। प्रशासन की सक्रियता के कारण जुलूस शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि ईद-उल-नबी के अवसर पर निकाला गया जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। ईद-उल-नबी के अवसर पर आयोजित इस जुलूस ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से पूरे इलाके में पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला।

## कोशी के ज्वलंत मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता से उठाने पर सांसद दिनेश चंद्र यादव को कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने जताया आभार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्र के ज्वलंत एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रमुखता से उठाने के लिए मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद दिनेश चंद्र यादव के प्रति कोशी विकास संघर्ष मोर्चा की ओर से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा एवं संरक्षक प्रवीण आनंद सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सांसद महोदय से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा कोशी क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं एवं विकास संबंधी विषयों पर सार्थक चर्चा की। सांसद दिनेश चंद्र यादव ने मोर्चा के अध्यक्ष एवं संरक्षक को आश्वस्त किया कि कोशी प्रक्षेत्र की समस्याओं को वे लगातार राज्य एवं केंद्र सरकार के समक्ष उठाते रहें हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनभावनाओं एवं



सांसद को पुष्पगुच्छ भेंट करते मोर्चा सदस्य

आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिन योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन जनहित में अत्यंत उपयोगी है, उसके लिए संबंधित सरकारों एवं विभागों से आवश्यक पहल की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से कोशी प्रक्षेत्र में एम्स अस्पताल की तर्ज पर कैंसर अस्पताल की स्थापना, पंचगछिया में संगीत महाविद्यालय की स्थापना, सहरसा-ह्यसुपौल मुख्य मार्ग पर पटोरी-बिहरा, तुलसियाही, पंचगछिया-दुगार्पुर तथा बेला-बगरौली में ऊपरी पुलों का निर्माण एवं पटोरी चैक से नवहट्टा तक सड़क के चैड़ीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़क एवं आधारभूत संरचना से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सहरसा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, पंडित मंडन भारती कृषि महाविद्यालय को कृषि विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने, मत्स्यगंधा झील के शेष तीन किनारों पर सीढ़ी निर्माण, संत कारू बाबा के नाम पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना तथा सहरसा नगर निगम की दयनीय स्थिति में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने कहा कि कोशी क्षेत्र लंबे समय से विकास की अनेक मूलभूत चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में जनहित के इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाना तथा राज्य एवं केंद्र सरकार से उनके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग करना अत्यंत सराहनीय पहल है। मोर्चा ने कहा कि कोशी के विकास एवं जनहित के मुद्दों को निरंतर मजबूती से उठाने के लिए सांसद दिनेश चंद्र यादव निश्चित रूप से धन्यवाद के पात्र हैं।

## 'प्रार्थना गीत पुस्तक' के संपादन पर आनंद कुमार झा को मिला पंडित चंदा झा साहित्य सम्मान

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित पीएम श्री हाई स्कूल सहसौल के शिक्षक एवं साहित्यसेवी आनंद कुमार झा को उनकी संपादित कृति ह्यप्रार्थना गीतह्न के लिए प्रतिष्ठित पंडित चंदा झा साहित्य सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और रचनात्मक सक्रियता के लिए मिले इस सम्मान से साहित्यिक एवं शैक्षणिक जगत में हर्ष का माहौल है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सहरसा इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में श्री झा को यह सम्मान प्रदान किया गया। ह्यप्रार्थना गीत पुस्तक एक ऐसी साहित्यिक रचना है, जिसमें प्रार्थना, संस्कार, मानवीय मूल्यों और सकारात्मक जीवन-दृष्टि की भावनाओं को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। प्रार्थना गीत विद्यालयों में होने वाली प्रार्थनाओं का संकलन है, बच्चों के अंदर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विविधता के सुंदर चित्रों का प्रस्फुटन करती है प्रार्थना गीत।शिक्षण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले आनंद कुमार झा साहित्य के प्रति भी निरंतर समर्पित रहे हैं। उनकी साहित्यिक अभिरुचि और सृजनात्मक योगदान ने उन्हें शिक्षा के साथ-साथ साहित्य जगत में भी सम्मान दिलाया है। राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होना उनकी शैक्षणिक सेवाओं का प्रमाण है, वहीं ह्यप्रार्थना गीतह्न के लिए मिला पंडित चंदा झा साहित्य सम्मान उनकी साहित्यिक साधना को नई पहचान प्रदान करता है।सम्मान प्राप्त करने पर श्री झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ-साथ साहित्य और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा से निभाने की प्रेरणा है। उन्होंने सम्मान के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सहरसा इकाई के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षकों एवं साहित्यप्रेमियों ने बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। शिक्षा और साहित्यकृदोनों क्षेत्रों में उनका योगदान समाज में संस्कार, संवेदना और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।



2026 का सम्मान पाते आनंद

### मां भगवती दिवारी स्थान के प्रागण में 24 घंटे का भगैत सम्मेलन संपन्न, भक्ति रस में सराबोर रहे श्रद्धालु

जयकांत कुमार दैनिक नवसंदेष रिपोर्ट

**कहरा (सहरसा) (एनएसबी)।** मां भगवती दिवारी स्थान के प्रांगण में आयोजित 24 घंटे का संवेदी वाणी सनातन धर्म बाबा धर्मराज भगैत सम्मेलन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा धर्मराज एवं मां भगवती दिवारी की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का आयोजन सम्मेलन के अध्यक्ष भक्ति समर्पित जीवनदानी बाबा सत्यनारायण पंजियार एवं महासचिव संतोष पंजियार के सानिध्य में किया गया। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न भगैत मंडलियों ने पारंपरिक भगैत की मनमोहक प्रस्तुति



दी। भगैत के मधुर स्वर और धार्मिक गीतों से मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। सम्मेलन को सफल बनाने में संस्था के कार्यकताओं एवं मंडली सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण यादव उर्फ नूनू यादव, राष्ट्रीय सभापति अशोक मानव, रामप्रवेश पंजियार, रामविलास पंजियार, दीनानाथ महंथ, जयजयराम पंजियार सरपंच, संजय भगता, सलिग्राम भगता, गंगा भगता, मनी भगता, घनश्याम पंजियार, बिसो यादव, छेदी दास, शंकर चैधरी, राधेश्याम पंजियार, अरविंद पंजियार, जोगेंद्र पंजियार, रोशन पंजियार, सूजो पंजियार, कुमोद पंजियार, रंजन पंजियार, नवलकिशोर सभापति, दीनबंधु पंजियार, राहुल भगता, ऋतु भारती, रेणु भारती सहित समस्त ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन अवसर पर अध्यक्ष बाबा सत्यनारायण पंजियार ने श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गंडक नदी में संभावित फ्लैश फ्लड के मद्देनजर बिहार में अलर्टआम, जनता से अपील घबराएं नहीं, लेकिन तैयार रहें

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की अग्रिम तैनाती।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की अग्रिम तैनाती एवं व्यापक तैयारियों के निर्देश नेपाल में गंडक नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति उत्पन्न होने तथा गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की संभावना को देखते हुए बिहार में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गंडक नदी में लगभग 3 मीटर तक ऊंची फ्लैश फ्लड वेव-जलप्रवाह आने की संभावना व्यक्त की गई है। इससे गंडक नदी से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। नेपाल के रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, लमजुंग एवं तनहुँ तथा दोलखा एवं सिंधुपालचोक में




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी

फ्लैश फ्लड का उच्च जोखिम पूवार्नुमानित है। वहीं कोसी, बागमती एवं गंडक कैचमेंट के कई अन्य क्षेत्रों में मध्यम जोखिम का पूवार्नुमान है। मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिलों के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक बैठक में शामिल हुए। बैठक में विकसित हो रही स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित जिलों को सतर्क रहने तथा आवश्यक बचाव एवं राहत तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए। गंडक नदी के संभावित बढ़े हुए जलप्रवाह को देखते हुए पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सीतामढ़ी, शिवहर एवं अन्य संवेदनशील जिलों में भी स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। सभी जिलाधिकारियों को नदी के जलस्तर, तटबंधों, निचले इलाकों, पुल-पुलियों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने तथा स्थानीय समुदाय को समय पर अलर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। अफवाहों पर रोक एवं नियमित मीडिया ब्रीफिंग सभी जिलाधिकारियों को प्रतिदिन मीडिया ब्रीफिंग करने तथा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अथवा अफवाह के प्रसार को रोका जा सके। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे केवल आधिकारिक एवं विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें। सभी विभाग अलर्ट मोड में जिला प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमण एवं निगरानी करते हुए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है : डीएम

**खगड़िया (एनएसबी)।** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के समयबद्ध समाधान एवं शिक्षा व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित किए गए। वही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मानसी घरारी में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार गोण्ड, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकांक्षा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मानसी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। शुभारंभ के उपरांत जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक एवं विद्यालय से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के संबंध में उनके सुझाव भी सुने। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव संबंधित पदाधिकारियों तक सीधे पहुंचाने का प्रभावी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। सात निश्चय-03 के सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विद्यार्थियों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करना है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। संबंधित संस्थान अथवा छात्रावास के वास्तविक विद्यार्थी पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी शैक्षणिक समस्याएं एवं शिक्षा व्यवस्था में सुधार से संबंधित सुझाव दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल एवं शिविर के माध्यम से समय पर कक्षाओं का संचालन नहीं होना, शिक्षकों की अनुपस्थिति, परीक्षा संचालन एवं परीक्षाफल में विलंब, अनधित शुल्क की वसूली, कक्षाओं में बिजली एवं बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशालाओं की स्थिति, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई,कोचिंग तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्याएं दर्ज कराई जा सकती हैं। जिला स्तर पर विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार गोण्ड को नामित किया गया है। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों को समेकित कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित प्रक्रिया एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार अधिकतम 30 दिनों के भीतर अंतिम रूप से निस्तारण किया जाना है। वही जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, खगड़िया,कोशी कलेज स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मानसी घरारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, विष्णुपुर बेलदौरय के्डी्एस. कलेज, गोगरीय के्एम्डी. कलेज, परबत्ताय जी्एन्एम् एवं पैरामेडिकल छात्रावास,खगड़िया,अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, खगड़िया तथा ड् भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय छात्रावास, अलौली सहित विभिन्न संस्थानों में भी विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित संस्थानों में हेल्प डेस्क, कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट एवं बैठने की व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। साथ ही अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, उनके सुझावों को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वातावरण को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


डीएम व अन्य।

## बचपन प्ले स्कूल में बुधवार को सावन महोत्सव का आयोजन

**खगड़िया।** बचपन प्ले स्कूल में बुधवार को सावन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए आकर्षक रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक बोल बम, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। सावन महोत्सव के दौरान बच्चों को भारतीय संस्ति, धार्मिक परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित कराने का विशेष प्रयास किया गया। बच्चों द्वारा स्वयं तैयार किए गए भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया गया था। रैली के बाद बच्चों ने शिवलिंग पर पुष्प अर्पित कर भगवान शिव से अच्छे संस्कार, सुद्धि, सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर पुष्पा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को गोद में बिठाकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर पुष्प अर्पित किया तथा सभी बच्चों के सुख, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य एवं निरंतर उन्नति की कामना की। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कारों के साथ एक अच्छा और जिम्मेदार इंसान बनने का संदेश भी दिया। वहीं स्कूल के डायरेक्टर प्रद्युम्न कुमार भी रैली में बच्चों के साथ शामिल रहे और उनके उत्साह को बढ़ाते हुए जयकारे लगाए। स्कूल की शिक्षिकाएं भी पूरे कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क नजर आईं। बच्चों की सुरक्षा, अनुशासन और रैली को व्यवस्थित बनाए रखने में शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।इस अवसर पर सभी बच्चों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना में भाग लिया। विद्यालय की ओर से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि भारतीय पर्व एवं त्योहार केवल उत्सव मनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से बच्चों में संस्कार, अनुशासन, सेवा, सद्भाव, श्रद्धा और अच्छे आचरण जैसे जीवन-मूल्यों का विकास भी किया जा सकता है। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सावन महोत्सव ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों में भी उत्साह का माहौल बना दिया। नन्हे बच्चों द्वारा पारंपरिक एवं भक्तिमय अंदाज में निकाली गई रैली आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की मासूमियत, उत्साह और भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रद्युम्न कुमार ने कहा कि बचपन प्ले स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। समय-समय पर ऐसे सांसतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को अपनी भारतीय संसति और संस्कारों से जोड़ना तथा उनमें सकारात्मक जीवन-मूल्यों का विकास करना है।


कार्यक्रम में बच्चें व अन्य।

## बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**खगड़िया।** संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर समाहरणालय में जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान 'आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्य, नाव एवं परिवहन की उपलब्धता, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा, संचार व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं, पशु चिकित्सा एवं पशुचारा, खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की उपलब्धता' सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे स्वयं तटबंध की पूरी लंबाई का स्थलीय निरीक्षण एवं जांच करेंगे तथा तटबंधों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखेंगे। उन्होंने संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक मरम्मत एवं सुढ़ीकरण की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तटबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 'तटबंध काटने अथवा किसी भी प्रकार से तटबंध को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए बन्ड डाउन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नाव परिचालन की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 11 स्थानों पर नावों का परिचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अन्य आवश्यक स्थलों का आकलन कर आवश्यकतानुसार नावों के परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा इसका प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आवश्यक स्थानों पर नावों की उपलब्धता एवं परिचालन की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को संभावित आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त रखने तथा विभागीय कार्ययोजना को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील एवं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव कार्य के लिए पूर्व से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संभावित 'सुखाड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पेयजल, सिंचाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा' की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व की गई बेहतर तैयारी ही जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को 'सतर्क, तत्पर एवं समन्वित रूप से कार्य करने' का निर्देश दिया।


बैठक में डीएम व अन्य।

# बलुआही बस स्टैंड अब 'नेता जी सुभाष चंद्र बोस बस स्टैंड खगड़िया' के नाम से जाना जाएगा

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद खगड़िया की सामान्य बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में शहर की पहचान और विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। नगर सभापति अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बलुआही बस स्टैंड का नाम बदलकर 'नेता जी सुभाष चंद्र बोस बस स्टैंड खगड़िया' किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सम्मान में शहर के प्रमुख बस स्टैंड का नामकरण किए जाने को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में विकास योजनाओं के चयन, स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं को प्राथमिकता देने तथा कनीय अभियंताओं द्वारा तैयार किए गए प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीति प्रदान करने के संबंध में भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सामान्य बोर्ड बैठक में शहर के चिल्ड्रेन पार्क का नाम बदलकर 'शिवाजी पार्क नगर परिषद खगड़िया' किए जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में खेल भवन के सामने महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि खगड़िया के विकास के साथ-साथ देश के महान महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को महापुरुषों के नाम से जोड़ने से नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, त्याग और योगदान की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर शहर के प्रमुख बस स्टैंड का नामकरण खगड़िया के लिए गौरव की बात है। नेता जी का जीवन साहस, राष्ट्रभक्ति और देश के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है। बैठक में नगर परिषद के सभी वार्डों में विकास योजनाओं के चयन को लेकर भी चर्चा हुई। वार्डों की स्थानीय समस्याओं एवं जरूरतों के आधार पर योजनाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। चयनित योजनाओं के लिए कनीय अभियंताओं द्वारा तैयार प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीति एवं आगे की प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया। नगर सभापति ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्यो को गति देना है। सड़क, नाला, जलनिकासी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में नगर परिषद के सभी स्टलों को बाजार मूल्य के आधार पर किराए पर देने के लिए समिति गठन एवं किराया निर्धारण के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा तैयार प्रतिवेदन को आगे सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखने पर विचार किया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल, नगर प्रबंधक मुकेश रंजन, कनीय अभियंता, सशक्त स्थायी समिति सदस्य शिवराज यादव, बबलू कुमार, रूबी देवी, शोभा देवी, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, गुलशन कुमार, रंजीत कुमार, सचिन कुमार, श्रवण कुमार, लूसी खातून, सीमा सिन्हा सहित नगर परिषद के अन्य वार्ड पार्षद मौजूद रहे।



बैठक में नप सभापति व वार्ड पार्षद।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के रोहियामा गांव स्थित पुल के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा सड़क किनारे खड़े एक मवेशी के अचानक भड़क कर बाइक में टक्कर मारने के कारण हुआ।घायल व्यक्ति की पहचान बोबिल पंचायत के मोहनी वासा गांव निवासी स्वर्गीय महावीर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र प्रकाश सिंह के रूप में की गई है। पीड़ित प्रकाश सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने घर मोहनी वासा से पसराहा जा रहे थे। वहां बीते दिन एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए अपने दामाद का हाल-चाल लेने जा रहे थे। इसी दौरान रोहियामा पुल के समीप पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ा एक मवेशी अचानक भड़क गया और उनकी चलती बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मवेशी की टक्कर इतनी भीषण थी कि वे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से घायल प्रकाश सिंह को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया। वहां मौजूद डक्टरों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद हालत में सुधार देखते हुए उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताते चले कि ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर मवेशियों को बांध दिया जाता है जिसके कारण वाहनों के आने जाने में परेशानी होती है और जानवरों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने जिला व स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि मुख्य सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लग सके।

### करंट लगने से चौबीस वर्षीय युवक घायल

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र की बोबिल पंचायत के भोरहा बासा में बुधवार दोपहर बिजली का तार जोड़ने के दौरान एक 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है।घायल युवक की पहचान बोबिल पंचायत निवासी मनोहर शर्मा के 24 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल के बड़े भाई राजीव कुमार ने बताया कि उनके घर में ढलाई का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान काम को आगे बढ़ाने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। जिस पिलास का वह इस्तेमाल कर रहा था, उसका प्लास्टिक कवर फटा हुआ था। तार जोड़ते ही उसके दाएं हाथ की हथेली में जोरदार करंट दौड़ गया, जिससे वह मौके पर ही झुलसकर अचेत हो गया। घटना के तुरंत बाद घबराए परिजन संजीव को अचेत अवस्था में लेकर बेलदौर पीएचसी पहुंचे। घायल का इलाज कर रहे डक्टर अभिनव विशाल ने बताया कि युवक को बिजली का झटका लगा है और हथेली झुलसी है। फिलहाल उसका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है, उसकी स्थिति पूरी तरह स्थिर है और चिंता की कोई बात नहीं है।

### खगड़िया के दीपक पहलवान ने मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान को किया पराजित

**खगड़िया।** जिला मुख्यालय के बलुआही ठाकुरबाड़ी में झुलन महोत्सव के अवसर पर कुश्ती चार दिवसीय अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता का आज दूसरे दिन नेपाल,मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के कानपुर,बनारस,गाजीपुर, झाँसी,राजस्थान,अयोध्या, झारखंड बिहार के छपरा ,पटना, बक्सर,भागलपुर, बेगुसराय एवं खगड़िया के रोहियार, बलीर, उसरी,तेहाय,रसौंक,पौरा और खगड़िया नगर परिषद खगड़िया के बलुआही के महिला एवं पुरुष पहलवानों के बीच कुश्ती लड़ा गया। जिसमें पुरुष पहलवानों में खगड़िया पौरा के विक्की ने उत्तर प्रदेश के राणा को, नेपाल के बाबा नायक ने मध्य प्रदेश के ठाकुर जल्लाद को,गाजीपुर के लालू ने बनारस के गौरव को रसौंक खगड़िया के जावेद ने मध्य प्रदेश गौडा को,मध्यप्रदेश के बबनायक ने उत्तर प्रदेश के अजीत को,गाजीपुर के मोनू ने झाँसी के बक्कर को,खगड़िया रोहियार के दीपक पहलवान ने मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान को पराजित किया। महिला कुश्ती में भागलपुर के नंदनी कुमारी ने कानपुर के रीतू कुमारी और पटना के साधी को,बनारस की खुशबू कुमारी ने कानपुर की रितु कुमारी,झारखंड की प्रियंका कुमारी ने पटना की गौरी कुमारी को पराजित किया। विजेता और उपविजेता पहलवानों को राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, आर एन पब्लिक स्कूल के संचालक सुमित कुमार और सी लाल हार्डवेयर के प्रोपराइटर देवीलाल कुमार ने नगद पुरस्कार दिया गया। पूर्व इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद सह बलुआही ठाकुरबाड़ी कुश्ती कमिटी के सदस्य रणवीर कुमार के अलावे काफी संख्या में कुश्ती कमिटि के लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंडक नदी में जलप्रवाह बढ़ने की संभावना, प्रशासन सतर्क

#### डीएम ने अधिकारियों के साथ किया वीडियो कन्फ्रेंसिंग

**खगड़िया।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की संभावित स्थिति तथा गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की संभावना के मद्देनजर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को संभावित आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर पूर्ण रूप से तैयार रहने एवं आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी पदाधिकारियों के पूर्व से स्वीत हेतु लंबित अवकाश को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखते हुए मुख्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रूप से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा सके। सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आमजनों को संभावित जलस्तर वृद्धि के संबंध में सतर्क करें तथा जलस्तर बढ़ने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। विशेष रूप से नदी एवं तटबंध के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी चिन्हित बाढ़ शरण स्थलों की आवश्यक तैयारियां पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शरण स्थलों पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। संभावित आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, बाढ़ प्रमंडल-1 एवं बाढ़ प्रमंडल -2 के कार्यपालक अभियंताओं को तटबंधों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा तटबंध चौकीदारों से लगातार स्थिति की जानकारी प्राप्त कर जिला प्रशासन को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति अथवा तटबंध से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि संभावित जलवृद्धि की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें तथा नदी, तटबंध एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की ओर जाने से परहेज करें। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें। संभावित बाढ़ की स्थिति से संबंधित प्रमाणिक एवं अद्यतन जानकारी के लिए केवल जिला प्रशासन एवं अन्य अधित सरकारी माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें। आमजनों की सहायता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित समन्वय के लिए जिला, अनुमंडल एवं सभी अंचल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में आपसी समन्वय, सतत निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया के साथ कार्य करते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

#### विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खगड़िया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया द्वारा 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट, खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट, गोगरी में किया जायेगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों का जायजा लेने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार बच्चन के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारीगण, बैंक के शाखा प्रबंधकगण एवं न्यायिक पदाधिकारीगण की लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला विधिज्ञ संघ में कार्यरत अधिवक्तागण की एक बैठक आहूत की गई, बैठक में जिला विधिज्ञ संघ के सचिव नागेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं विभिन्न अधिवक्तागण उपस्थित हुए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत के बिंदु पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्तसभी अधिवक्तागण को अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने तथा पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वाद निष्पादन करने हेतु प्रेरित करने हेतु कहा गया। प्राधिकार के सचिव द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा मिलकर 90 दिनों का मेडिएशन 'फर द नेशन' कैंपेन 30 जारी किया गया है जिसके तहत व्यवहार न्यायालय खगड़िया में लंबित विभिन्न प्रति के वाद का निष्पादन उभय पक्ष के बीच मध्यस्थता करा कर किया जाएगा। श्री चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली ने उपर्युक्त कैंपेन जारी किया है। कैंपेन का उद्देश्य न्यायालय में लंबित विभिन्न तरह के वाद यथा वैवाहिक वाद, दावा वाद, घरेलू हिंसा से संबंधित वाद, चेक बाउंस से संबंधित वाद, व्यवसायिक वाद, सेवा संबंधी वाद, सुलहनीय अपराधिक वाद,पार्टीशन वाद, इविक्शन वाद आदि का निष्पादन उभय पक्ष के बीच मध्यस्थता कराकर करने का निर्णय लिया गया है। इस कैंपेन के तहत 30 सितंबर, 2026 तक न्यायालय द्वारा ऐसे वादों को चिन्हित किया जाएगा, जिसमें उभयपक्ष के बीच सुलह की संभावना हो तथा ऐसे चिंहित वाद को उभयपक्ष के बीच मध्यस्थता कराने हेतु मध्यस्थता केंद्र, खगड़िया भेजा जाएगा। चिन्हित वादों के पक्षकार को भी मध्यस्थता की नियत तिथि के संबंध में न्यायालय द्वारा सूचित किया जाएगा। नियत तिथि को उभयपक्ष मध्यस्थता केंद्र में उपस्थित होकर मध्यस्थता की प्रक्रिया में भाग लेंगें जहां मध्यस्थता केंद्र के प्रतिनियुक्त मध्यस्थ उभयपक्ष के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास करेंगे। मध्यस्थता के क्रम में अगर उभयपक्ष के बीच सहमति बन जाती है तो ऐसे वाद का निष्पादन त्वरित रूप से न्यायालय द्वारा मध्यस्थता के दौरान हुए शर्तो पर कर दिया जाएगा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगा निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**खगड़िया।** मानसी नगर पंचायत स्तिथ बापूजी स्मारक मध्य विद्यालय में नशा मुक्त भारत के तत्वावधान में 13 अगस्त 1942 के अमर बलिदानी शहीद धन्ना माधव स्मृति निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया जायेगा। उक्त जानकारी नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत ने दी है। यशवंत ने बताया कि नशा मुक्त भारत के द्वारा पिछले छह शनिवार से निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। अभ्यास प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में शतरंज खेल कि प्रगति को आंका जायेगा। प्रथम तीन बालक और प्रथम तीन बालिका को मैडल देकर स्थानीय गणमान्य के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। मानसी प्रखंड के किसी भी विद्यालय से नशा मुक्त भारत को आंमत्रित किया जायेगा तो संस्था निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उक्त विद्यालय मे करायेगी। शतरंज प्रतियोगिता में विधालय के प्रधानाध्यापक बिशम्भर प्रसाद और शिक्षक अरविंद कुमार का सहयोग मिल रहा है।

### अगंगा का जलस्तर बढ़ने से बोरना पंचायत के निचले इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी, वार्ड 10 में पहुंची सरकारी नाव

**गोगरी।** गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण बोरना पंचायत सहित रामपुर,इटहरी पंचायत एवं गोगरी पंचायत के नीचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी का स्तर लगातार बढ़ने से पंचायत के कई वार्डों में आने-जाने के लिए नाव की आवश्यकता पड़ सकती है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से बोरना पंचायत के वार्ड संख्या 10 में बुधवार को सरकारी नाव उपलब्ध करा दी गई है। इससे प्रभावित लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बताया गया कि आवश्यकता के अनुसार पंचायत के अन्य प्रभावित वार्डों में भी सरकारी नाव उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं बोरना पंचायत के वार्ड संख्या 8 और 9 में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ने लगी है। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए बोरना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो0 नासिर इकबाल ने पंचायत के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान वार्ड सदस्य सहित अजीम, सुल्तान, रिजवान, खुर्शीद, आशिक समेत अन्य लोग मौजूद थे।मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल ने ग्रामीणों से कहा कि किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार की ओर से मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं प्रभावित लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा हरिहर नाथ मंदिर में कृषि मंत्री ने की पूजा

**सोनपुर (एनएसबी)** बिहार सरकार के माननीय षि मंत्री विजय कुमार सिन्हा जी अपनी धर्मपत्नी जी के साथ सोनपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर विधिवत रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली का कामना की। पूजा -अर्चना सुशील चंद्र शास्त्री एवं पवन बाबा ने कराई। पूजा के बाद मंदिर परिसर में भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि



पूजा करते कृषि मंत्री

राकेश कुमार सिंह, मंदिर के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला ,एवं भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू ने मंत्री जी को मंदिर प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि गंगा और गंडक नदी के संगम पर स्थित हरिहर क्षेत्र के बाबा हरिहरनाथ मंदिर का हिंदू धर्म में अत्यंत पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है।उन्होंने कहा कि इस पवित्र धाम में दर्शन पूजन का सौभाग्य मिलन उनके लिए श्रद्धा और आस्था का विषय है।यहां भगवान विष्णु के हरि और भगवान शिव के हर स्वरूप का एक हिस्सा शिवलिंग में संयुक्त रूप से विराजमान होना एवं वैष्णव परंपरा की एकता का अद्वितीय प्रतीक है।मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शशि कुमार, सिटी मैनेजर भास्कर जी, वरीय नेता नरेश सिंह, संजीव कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अविनाश शर्मा, रणधीर कुमार सिंह, दिव्यांशु गौतम सुमंत तिवारी, राहुल पासवान, प्रिंस राज, आदर्श कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बहरामा के बलिंदर कुमार की मौत मुआवजे की मांग पर फोरलेन जाम

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बहरामा गांव निवासी बलिंदर कुमार की सड़क हादसे में मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन को जाम कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक के साथ आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सड़क पर एकत्र होकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम होने से फोरलेन पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित हुआ। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार हो रहे सड़क हादसों के बावजूद फोरलेन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों ने मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटाने और यातायात सामान्य कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। पुलिस ने हादसे की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर हाल के दिनों में भी कई सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हैं।

### हत्या के प्रयास के फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** पचरुखिया थाने की पुलिस ने मंगलवार को हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि दौलतपुर निवासी धुरेन्द्र कुमार एवं जमनपुरा निवासी विकास कुमार इस मामले में महीनों से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को गिरफ्तार करने के बाद अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक, भव्य कांवड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का उत्साह

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रेमानंद तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर, केशो पुर, जमालपुर के तत्वावधान में बुधवार को भव्य कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर से निकली यात्रा में भैया-बहनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।यात्रा में अनन्या नारायण भगवान शिव, सुहानी वैभव पार्वती, श्रेया कुमारी माता पार्वती तथा अंश गणेश के रूप में सुसज्जित होकर शामिल हुए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने कांवड़ यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर छह नंबर गेट, भारत माता चौक होते हुए बादल दास ठाकुरबाड़ी पहुंची। यहां बच्चों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक किया।यात्रा में विद्यालय के आचार्य-आचार्या के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे। बच्चों की श्रद्धा और अनुशासन से प्रभावित होकर ठाकुरबाड़ी के महंत ने उन्हें आशीर्वाद दिया तथा शरबत की व्यवस्था की। वहीं विकास जी की ओर से बच्चों के बीच बिस्कुट वितरित किया गया।प्रधानाचार्य प्रभाष कुमार ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन, सामाजिक सहयोग, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना विकसित करते हैं। आचार्य-आचार्या के मार्गदर्शन में यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।



कावड़ यात्रा में शामिल स्कूली बच्चे।

## आतिश के एकमात्र गोल से फुल्का ने जीता मुकाबला

### 11 स्टार जमालपुर को 1-0 से किया पराजित

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (जेएसए) की ओर से जेएसए मैदान में आयोजित दस दिवसीय जेएसए फुटबल लीग में बुधवार को 11 स्टार जमालपुर और फुल्का टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। रिमझिम बारिश के बीच खेले गए मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि, फुल्का की टीम ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर मुकाबला अपने नाम कर लिया।मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर लगातार हमले किए। पहले हाफ में दोनों ओर से गोल करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन खिलाड़ियों को सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में फुल्का की टीम ने खेल की गति बढ़ाई और लगातार 11 स्टार के डिफेंस पर दबाव बनाया। इसी क्रम में आतिश कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फुल्का की ओर से मैच का एकमात्र निर्णायक गोल कर दिया।गोल खाने के बाद 11 स्टार जमालपुर के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए आक्रामक रुख अपनाया। टीम ने कई अच्छे हमले किए और गोल करने के प्रयास किए, लेकिन फुल्का के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने सभी प्रयासों को विफल कर दिया। निर्धारित समय तक 11 स्टार की टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी। इस तरह फुल्का ने 1-0 से मुकाबला जीत लिया।मैच में निर्णायक की भूमिका प्रवीण शंकर सिंह, ष्णानंद, मृत्युंजय सिंह एवं महेश कुमार ने निभाई। जेएसए के संजय कुमार ट्विंकल, मिथुन कुमार, संदीप शर्मा और सज्जन सिंह चौंपियनशिप को सफल बनाने में जुटे हैं।



मैदान में रणनीति बनाते फुटबल टीम।

## गया-जमालपुर पैसेंजर में छूटा यात्री का बैग रेल पुलिस ने सुरक्षित लौटाया

**जमालपुर(मुंगेर)।** गया-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन में यात्रा के दौरान शेखपुरा निवासी ऋतुराज का बैग ट्रेन में ही छूट गया। घर पहुंचने के बाद उन्हें बैग ट्रेन में छूटने की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने काफी खोजबीन की। इसी दौरान जमालपुर रेल थाना की ओर से उनके मोबाइल पर फोन आया और बताया गया कि उनका बैग सुरक्षित रेल थाना में रखा हुआ है। रेल पुलिस ने उन्हें जमालपुर आकर बैग ले जाने को कहा।सूचना मिलने के बाद यात्री ऋतुराज शेखपुरा से जमालपुर रेल थाना पहुंचे। यहां रेल पुलिस ने पहचान और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनका बैग सुरक्षित उन्हें सौंप दिया। बैग वापस मिलने पर यात्री ने रेल पुलिस के प्रति आभार जताया और पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया।बताया गया कि यात्री के बैग में कीमती कपड़े, मोबाइल चार्जर सहित कई महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे। बैग सुरक्षित मिलने से यात्री ने राहत की सांस ली। रेल थाना जमालपुर की महिला सिपाही मोनिका कुमारी ने यात्री के बैग को सुरक्षित रखने और उसे सही सलामत यात्री तक पहुंचाने में सहयोग किया। रेल पुलिस की तत्परता और ईमानदारी की यात्री ने सराहना की।



यात्री का बैग लौटते रेल पुलिस।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि में गड़बड़ी का आरोप

### दूसरी-तीसरी किस्त के भुगतान को लेकर लाभुकों में आक्रोश

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के भुगतान को लेकर जमालपुर प्रखंड में लाभुकों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। कई लाभुकों ने दूसरी और तीसरी किस्त की राशि का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई है। वहीं कुछ लाभुकों ने योजना की राशि के भुगतान में कथित कमीशनखोरी और अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों ने आवास योजना की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।लाभुकों का आरोप है कि योजना से जुड़े कर्मचारी पदाधिकारी और कुछ जनप्रतिनिधियों को कथित रूप से कमीशन नहीं देने के कारण कई लाभुकों की दूसरी और तीसरी किस्त का भुगतान रोक दिया गया है। दूसरी ओर, आरोप यह भी है कि कुछ ऐसे लाभुकों को योजना की तीनों किस्तों का भुगतान कर दिया गया, जिन्होंने अब तक आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में पुराने मकान को ही आवास योजना के तहत निर्मित मकान बताकर योजना की राशि की निकासी कर ली गई। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी योजना के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितता का मामला हो सकता है। लाभुकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा पात्र लाभुकों को लंबित किस्त का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राशि के भुगतान में देरी होने से अधूरे मकानों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। कई लाभुक अपने मकान का निर्माण आगे बढ़ाने के लिए सरकारी किस्त का इंतजार कर रहे हैं।मामले में जमालपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने कहा कि तृतीय किस्त की राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा। वहीं, कमीशन लिए जाने से संबंधित शिकायत सामने आने पर उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि योजना के तहत राशि का भुगतान नियमानुसार किया जाना है और शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।अब देखना यह है कि लाभुकों की ओर से लगाए गए कमीशनखोरी और अनियमितता के आरोपों की जांच में क्या सामने आता है। साथ ही, लंबित किस्तों के भुगतान से उन परिवारों को कब तक राहत मिलती है, जिनके आवास निर्माण का काम राशि के अभाव में अटका हुआ है।

## 40 वर्षो से बसे गरीब परिवारों को आवास देकर ही हो विस्थापन

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर रामपुर पंचमुखी मंदिर परिसर में बुधवार को इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की ओर से भूमिहीन एवं गरीब परिवारों की समस्याओं को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता आइआइपी के प्रधान महासचिव अजय यादव ने की, तथा संचालन कुंदन तांती ने किया। बैठक में रामपुर बस्ती में करीब 40 वर्षो से रह रहे जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने के बाद ही विस्थापित करने की मांग उठी। मौके पर अजय यादव ने कहा कि वर्षो से रह रहे गरीब परिवारों के सामने अचानक बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। सरकार पहले प्रभावित परिवारों का सर्वे कराकर स्थायी भूमि और आवास की व्यवस्था करे। इसके बाद ही रेलवे की जमीन से संबंधित कोई कार्रवाई की जाए। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब परिवारों को हटाना उचित नहीं होगा। बैठक में तारणी तांती, अमित रंजन, विजय गुप्ता, उमेश तांती, सुनील, बिट्टू, माला देवी और गुंजा देवी समेत अन्य महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं। गौरतलब है कि आइआइपी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र तांती महागठबंधन परिवार के साथ रेलवे की जमीन पर वर्षो से रह रहे भूमिहीन परिवारों को हटाने की कार्रवाई के विरोध में डीएम को आवेदन देकर निष्कासन रोकने तथा प्रभावित परिवारों को स्थायी भूमि व आवास उपलब्ध कराने की मांग की थी।



भूमिहीन परिवार के साथ बैठक करते नेता।

### एलपीजी का नया कनेक्शन नहीं मिलने से आवेदक परेशान

**दनियावां।** ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच उत्पन्न हुई एलपीजी गैस की किल्लत का असर अब भी उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। गैस की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न संकट के बाद नए एलपीजी कनेक्शन देने पर लगाई गई रोक अब तक नहीं हटाई गई है। इससे नया गैस कनेक्शन लेने के लिए आवेदन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।दनियावां स्थित विमला भारत ग्रामीण वितरक के सूत्रों ने बताया कि नए गैस कनेक्शन जारी करने पर लगी रोक अभी तक समाप्त नहीं हुई है। इसके कारण नए कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले लोगों को कनेक्शन मिलने का इंतजार करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान पश्चिम एशिया से एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण देश के कई हिस्सों में गैस की उपलब्धता को लेकर संकट पैदा हुआ था। उस दौरान सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति सुचारू रखने और जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के लिए कई कदम उठाए थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थिति में सुधार के बावजूद नए कनेक्शन पर रोक जारी रहने से जिन परिवारों को पहली बार गैस कनेक्शन लेना है, उन्हें परेशानी हो रही है। लोगों ने संबंधित विभाग और तेल कंपनी से जल्द से जल्द नए कनेक्शन पर लगी रोक हटाने की मांग की है।

# जुबलीवेल चौक पर महाजाम से थमी शहर की रफ्तार

### डेढ़ घंटे तक फंसे रहे रेल यात्री और मरीज, स्टेशन रोड से मुंगेर रोड तक वाहनों की लंबी कतार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रक्षा बंधन पर्व को लेकर बुधवार को जमालपुर शहर में उमड़ी भीड़ के बीच जुबलीवेल चौक पर दोपहर करीब दो बजे महाजाम लग गया। देखते ही देखते स्टेशन रोड, जय बांग्ला मोड़, मुंगेर रोड, अवंतिका मोड़ और लोको कलोनी रोड तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब डेढ़ घंटे तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रही। जाम में रेल यात्री, मरीज, कार्यालय कर्मी और पुलिस-प्रशासन के वाहन तक फंसे रहे। कई यात्रियों को समय पर स्टेशन नहीं पहुंच पाने की परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे अधिक परेशानी स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को हुई। जुबलीवेल चौक से स्टेशन रोड की ओर ई-रिक्शा, अटो और अन्य वाहनों की कतार लगने से आवागमन लगभग ठप हो गया। स्टेशन के प्रवेश-निकास द्वार के समीप फुटपाथी दुकानों और बेतरतीब खड़े अटो-टोटो के कारण स्थिति और गंभीर हो गई। मौके पर तैनात महिला ट्रैफिक सिपाही के प्रयास के बावजूद जाम नियंत्रित नहीं हुआ। स्थिति बिगड़ने पर आदर्श थाना जमालपुर की टीम पहुंची। एसआई निरंजन कुमार, पीएसआई अखिलेश कुमार और पीटीसी अतुल साक्षी ने चारों दिशाओं से वाहनों को नियंत्रित कर काफी मशक्कत के बाद यातायात सामान्य कराया। स्थानीय लोगों में मुकेश कुमार, सुबोध मंडल, रतन कुमार, सीमा देवी बबलू सिंह, अशोक पासवान,अरुण कुमार आदि ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण और अटो-टोटो चालकों द्वारा सवारी चढ़ाने-उतारने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। लोगों ने अतिरिक्त ट्रैफिक बल और प्रभावी यातायात प्रबंधन की मांग की।



जुबलीवेल चौक पर जाम हटाने की कोशिश करती पुलिस।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के गृह प्रवेश पर भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने दी शुभकामनाएं

**बाढ़, दैनिक नवसंदेश।** पटना के दरोगा राय पथ स्थित बंगला नंबर-8 में बुधवार, 26 अगस्त 2026 को बिहार के शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी के गृह प्रवेश के अवसर पर शुभेच्छुओं ने पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय गृहस्थ जीवन की कामना की। गृह प्रवेश समारोह के दौरान आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने मंत्री श्री तिवारी के नए आवास में सुख-शांति, समृद्धि एवं सफलता की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। समारोह में उपस्थित अन्य शुभेच्छुओं ने भी शिक्षा मंत्री को गृह प्रवेश की शुभकामनाएं दीं।



शिक्षा मंत्री को गुलदस्ता भेंट करते मुकेश कुमार सिंह, बीजेपी नेता।

## विद्यालयों में गुटबंदी की छाया शैक्षणिक माहौल पर उठे सवाल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के कुछ उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को छोड़ दें तो कई विद्यालयों में शिक्षकों के बीच आपसी मतभेद और आंतरिक गुटबंदी की स्थिति की चर्चाएं सामने आ रही हैं। इसका असर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, आपसी समन्वय और विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक माहौल पर पड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि, सभी विद्यालयों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। जिले के अनेक विद्यालयों में शिक्षक बेहतर समन्वय के साथ अपने शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। एक विशेष पड़ताल में सामने आई तस्वीर के अनुसार जिले के प्राचीनतम उच्च माध्यमिक विद्यालयों से लेकर हाल के वर्षो में नवसृजित उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक में कहीं-कहीं शिक्षकों के बीच वैचारिक मतभेद, कार्यशैली को लेकर असहमति और आपसी खींचतान की स्थिति दिखाई देती है। जानकारों का कहना है कि विद्यालय में होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं को आपसी बातचीत और संस्थागत स्तर पर सुलझाने के बजाय सोशल मीडिया तथा वीडियो प्लेटफर्म तक पहुंचाने से मामला अनावश्यक रूप से सार्वजनिक विवाद का रूप ले लेता है।

### नवादा के स्मार्ट क्लास का वीडियो वायरल होने से चर्चा तेज

हाल ही में बाढ़ प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नवादा के स्मार्ट क्लास से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने की चर्चा सामने आई। वीडियो में स्मार्ट क्लास के दौरान भोजपुरी के आपत्तिजनक गीत बजाए जाने का दावा किया गया। इस घटना को लेकर विद्यालयी व्यवस्था और स्मार्ट क्लास के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे। हालांकि, वायरल वीडियो की परिस्थितियों और उसके संदर्भ की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। ऐसे मामलों में संबंधित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विभागीय स्तर से तथ्यात्मक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। शिक्षा से जुड़े लोगों का कहना है कि स्मार्ट क्लास जैसी सुविधा का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। इसलिए इसका उपयोग निर्धारित शैक्षणिक उद्देश्य के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। साथ ही, किसी वीडियो के वायरल होने मात्र से किसी शिक्षक अथवा विद्यालय के विरुद्ध निष्कर्ष निकालने के बजाय पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### राणा विगहा में आदेश पुस्तिका तक पहुंचा मामला

इसी बीच उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा में विद्यालय प्रबंधन की ओर से आदेश पुस्तिका में स्मार्ट क्लास के उपयोग को लेकर निर्देश दर्ज किए जाने का मामला भी चर्चा में आया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दर्ज आदेश में स्मार्ट क्लास में भोजपुरी के अश्लील गीत अथवा अन्य गैर-शैक्षणिक गीत नहीं चलाने का निर्देश दिए जाने की बात सामने आई है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि स्मार्ट क्लास विद्यार्थियों की पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए है, इसलिए वहां ऐसी सामग्री नहीं चलनी चाहिए जो विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के अनुरूप न हो। दूसरी ओर, उक्त आदेश को लेकर विद्यालय में शिक्षकों के एक वर्ग द्वारा असहमति व्यक्त किए जाने और प्रबंधन की कार्यशैली पर टिप्पणी किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों का आधिकारिक पक्ष सामने आना आवश्यक है।

### छोटी बात से गुटबाजी का रूप लेने की आशंका

विद्यालयों में उत्पन्न होने वाले छोटे-छोटे मतभेद यदि समय रहते बातचीत के माध्यम से दूर नहीं किए जाएं तो उनके गुटबंदी का रूप लेने की आशंका रहती है। एक पक्ष की शिकायत दूसरे पक्ष के विरुद्ध शिकायत में बदल जाती है और फिर वही मामला प्रशासनिक स्तर तक पहुंचने लगता है। कई बार विद्यालय के अंदर की छोटी घटना सोशल मीडिया पर पहुंचकर विद्यालय की सार्वजनिक छवि को प्रभावित करती है। विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों के अनुसार कुछ स्थानों पर शिक्षक बैठकों के दौरान आपस में बातचीत अथवा मोबाइल फोन के इस्तेमाल में व्यस्त दिखाई देते हैं। वहीं कुछ मामलों में विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी मतभेद सामने आते हैं। निर्देश जारी होने के बाद उस पर सामूहिक चर्चा, टिप्पणी अथवा असहमति की स्थिति उत्पन्न होने की शिकायतें भी मिलती रही हैं।

### आदेश पुस्तिका में हस्ताक्षर को लेकर भी विवाद

कुछ विद्यालयों में प्रशासनिक निर्देशों को लेकर असहमति इतनी बढ़ने की बात सामने आई है कि आदेश पुस्तिका में दर्ज निर्देशों पर हस्ताक्षर करने को लेकर भी विवाद की स्थिति बन रही है। विद्यालय प्रबंधन का पक्ष है कि आदेश पुस्तिका प्रशासनिक संचार का महत्वपूर्ण माध्यम है और उसमें दर्ज निर्देशों से संबंधित जानकारी शिक्षकों तक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं शिक्षकों की ओर से किसी निर्देश पर आपत्ति हो तो नियमानुसार लिखित रूप में अपना पक्ष रखने का विकल्प मौजूद रहता है। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े जानकारों का कहना है कि असहमति लोकतांत्रिक कार्यसंस्ति का हिस्सा हो सकती है, लेकिन असहमति व्यक्त करने का तरीका संस्थागत और मर्यादित होना चाहिए। व्यक्तिगत टिप्पणी, सार्वजनिक आरोप अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से विवाद को बढ़ाना विद्यालय के हित में नहीं है।

### शिकायत पर कार्रवाई से पहले हो निष्पक्ष जांच

विद्यालयी विवादों का एक दूसरा पहलू शिकायत और विभागीय कार्रवाई से जुड़ा है। विद्यालय स्तर की किसी समस्या की सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद संबंधित पक्षों में कार्रवाई की आशंका उत्पन्न होती है। वहीं किसी शिक्षक के विरुद्ध शिकायत होने पर शिक्षक पक्ष का भी यह अधिकार है कि कार्रवाई से पहले उसका पक्ष सुना जाए। ऐसे मामलों में शिकायत, जांच, स्पष्टीकरण और कार्रवाई की प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमसम्मत होना जरूरी है। यदि किसी मामले में गंभीर अनियमितता सामने आती है तो विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन सामान्य कार्यशैलीगत मतभेद को बिना पर्याप्त जांच के गंभीर अनुशासनात्मक विवाद में बदलने से बचना भी जरूरी है।

### विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है पूरा मामला

विद्यालय किसी शिक्षक या प्रबंधन के व्यक्तिगत मतभेद का मंच नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का केंद्र है। शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर नहीं पड़ना चाहिए। विद्यालय में स्वस्थ कार्यसंस्ति, पारस्परिक सम्मान, अनुशासन और टीम भावना शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। शिक्षाविदों का मानना है कि विद्यालयों में समय-समय पर शिक्षक-प्रबंधन संवाद, संवेदनशीलता उन्मुखीकरण, सामूहिक समीक्षा बैठक और कार्यशाला आयोजित की जानी चाहिए। इससे छोटी समस्याओं का समाधान शुरुआती स्तर पर ही संभव होगा और उन्हें गुटीय विवाद का रूप लेने से रोका जा सकेगा।

### गुट नहीं, टीमवर्क बने विद्यालय की पहचान

उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या, विषयों की विविधता और प्रशासनिक जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में विद्यालय को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए शिक्षकों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। एक-दूसरे पर आरोप लगाने की संसति के बजाय सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करनी होगी।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का निकला जुलूस

दैनिक नवसंदेश

हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मनाया



आरा/जगदीशपुर/पीरो (दैनिक नवसंदेश)। हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस बुधवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस दौरान शहर सहित पूरे जिले में जगह-जगह जुलूस निकाला गया। जहां मुस्लिम धर्मावलंबी परंपरागत हथियारों से करतब दिखाए। ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर शहर के वलीगंज मोहल्ला से जुलूस निकाला गया।

जुलूस शहर के अबरपुल, पडाव मोड, बड़ी मस्जिद, शीशमहल चौक, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, सदर अस्पताल रोड, बड़ी मठिया, महादेव रोड, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, डिंस टैंक गोलंबर होते हुए रमना मैदान स्थित मजार पर समाप्त हो गया। इस दौरान विभिन्न कमेटियों द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग "अल्लाह हो अकबर" एवं "नारे तकबीर" के नारे लगा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे हाथों में झंडा लेकर नारे लगाते दिखे। पुलिस के वरीय पदाधिकारी इलाके में घूम-घूम कर मनिटरिंग करते रहें। जगदीशपुर ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर में बारावफात कमेटी के तत्वाधान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश जन्मदिन के मुबारक मौके पर एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस पावन अवसर पर पूरा शहर इश्क-ए-रसूल के रंगों में रंगा नजर आया और शहर का कोना-कोना पैगंबर साहब की शान में गूंज उठा। जुलूस की शुरुआत से पहले वीर कुंवर सिंह किला परिसर स्थित शहीद बाबा के मजार पर विशेष कुरान खानी का आयोजन किया गया पीरो। पीरो नगर के मुस्लिम बहुल मुहल्लों भागलपुर, मिल्की व पीरो गांव में भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान नारे तकरीर अल्लाह हू अकबर के नारों से वातावरण गुंजयमान हो उठा। इसके पूर्व मोहम्मद साहब के जन्म पर होने वाले फातिहा व तकरीर सहित अन्य कार्यक्रम विधिवत रूप से आयोजित किए गए जिसमें बड़ी तादाद में स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पीरो गांव में आयोजित जुलूस में मदरसा मदीन फाइजाने जियाउल उलूम से जुड़े मो खुर्शीद खान, अरमान खान, अजहर खान, मोकिम खान, असफाक खान, नाहिद खान, दिलशाद खान, रबनवाज खान, तेजामुल खान, सदद खान, एनामुल खान सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। वहीं भागलपुर में मेराज खान, हैदर खान, अखलाक खान, अफरोज खान, अनवर खान आदि ने सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागेदारी निभाई।

### चौकस रहा पुलिस-प्रशासन

ईद ए मिलादुन्नबी के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। संवेदनशील स्थलों, जुलूस मार्गो, मस्जिदों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। भोजपुर पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की थी कि किसी भी वायरल अथवा भड़काऊ सूचना पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें। अफवाहों पर ध्यान नही दें और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

## विमर्श शिविर में जनहित से जुड़ी समस्याओं को जोरदार ढंग से रखा

जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)। राजगीर कन्वेंशन हल में राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा आयोजित विमर्श शिविर में पैक्स अध्यक्ष सह राष्ट्रीय लोक मोर्च के वरीय नेता प्रो राणा प्रताप सिंह ने पार्टी संगठन के मजबूती के सुझाव के अलवा जनहित से जुड़े कई समस्याओं पर भी सुझाव दिया। विमर्श शिविर से लौटने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात के क्रम मे उन्होंने बताया कि विमर्श शिविर मे पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ उनकी समस्याओं को बारीकी से समझ कर उनके निदान के लिए उनके साथ मिलकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पैक्सो द्वारा राज्य खाद्य निगम को चावल आपूर्ति करने के तीन माह से भी अधिक पैक्सो को राशि भुगतान नहीं होने से बैंक से लिया गया कर्ज का सूद बढ़ने से पैक्सो को हो रहे परेशानी का जिक्र किया। वित्तरहित शिक्षा कर्मियों का सात साल से बकाया अनुदान भुगतान के साथ सरकार से वेतन दिलाने, नीट परीक्षा व अन्य परीक्षा की पेपर लीक से विद्यार्थियों की परेशानी सहित जनहित से जुड़े कई समस्याओं को बारीकी से रखा।



## संक्षिप्त खबरें

### नवीन पुलिस केंद्र में एसपी ने की समीक्षा बैठक

**आरा।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने मंगलवार को नवीन पुलिस केंद्र में पुलिस केंद्र की सभी शाखाओं के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ कार्य-समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस केंद्र की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई तथा सभी शाखा के कर्मियों को उनके दायित्वों के सुचारू निर्वहन और लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

### भांजे को देखने जा रहे मामा की सड़क हादसे में मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव के समीप बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर-13 निवासी मुतन यादव उर्फ विक्रमा यादव का 26 वर्षीय पुत्र मंजी यादव है। मृतक के पिता मुतन यादव ने बताया कि उसकी बहन रचना कुमारी के बेटे को विषैले सांप ने डंस लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसी को देखने के लिए वह बाइक द्वारा अपनी बहन के ससुराल जा रहा था। इस दौरान बभनियांव गांव के समीप अज्ञात वाहन में उसके बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तब डायल 112 पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।

### जगदीशपुर के नए एसडीओ बने ओमप्रकाश लाल



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर अनुमंडल के नए अनुमंडलाधिकारी ओम प्रकाश लाल को बनाया गया है। मूल रूप से बिहार के बक्सर निवासी ओम प्रकाश लाल की गिनती तेजतर्रार अधिकारी के रूप में होती है। वे 67वीं बीपीएससी के टॉपर रहे हैं। उन्होंने गणित विषय से स्नातक तथा हिंदी से पोस्ट ग्रेजुएट किया है। इसके पहले वे वर्ष 2016 से पथ निर्माण विभाग में कार्यरत थे। बता दें कि कुछ दिन पहले जगदीशपुर के पूर्व एसडीएम संजीत कुमार का स्थानांतरण कर दिया गया था।

### मदर टेरेसा की 116 वी जयंती मनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रेलवे स्टेशन रोड श्री दुर्गा मंदिर के सामने श्री.ष्ण चेतना सभागार में प्रसिद्ध दीन दुखियों की सेविका मदर टेरेसा की 116 वी जयंती मनाई गई। समारोह का आयोजन समाजसेवी, मदर टेरेसा संस्था के अमरदीप जय ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व एसीएमओ सह भाजपा चिकित्सा मंच के ड. के. एन. सिन्हा थे। कहा कि दीन दुखियों की सेवा का दूसरा नाम मदर टेरेसा है। कार्यक्रम में निर्गुण एवं कई भावपूर्ण गायन कवि कन्हैया व्यास के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों में ड. कुमार शीलभद्र, रमेश सिंह, पाश्चर अनिल जिउत्त, राम सकल सिंह, सतीश कुमार, शिवदास सिंह, सीताराम सिंह रवि, कन्हैया व्यास, रविंद्र कुमार, शिवकुमार सिंह, जयप्रकाश यादव, शशिकांत यादव आदि थे।

### ऑर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन-डे पर जागरूकता कार्यक्रम 30 को



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में 30 अगस्त को अर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि 30 अगस्त को ऑर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर घुटने का दर्द एवं अर्थराइटिस, फ्रोजन शोल्डर, खेल संबंधी चोटे, फ्रैक्चर के बाद उपचार, एसीएल/पीसीएल रिहैबिलिटेशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम को लेकर तीन दर्जन से अधिक मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है।

### संघ परिवार ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रमना मंदिर स्थित शिव प्रांगण में संघ परिवार की ओर से सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुए अनुष्ठान में संघ सेवकों, संघ परिवार के सदस्यों और बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुड्डू बाबुवान, संघ सेवक उत्तम, अमित सिंह राजपूत, रोशन, रूपेश, हिमांशु, राणा सहित संघ परिवार के अन्य सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी के सक्रिय सहयोग से धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अभिषेक कर देश, समाज और सभी लोगों के सुख-शांति एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### 20 लीटर देशी शराब बरामद, छह पर प्राथमिकी

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाना क्षेत्र के गीधा महादलित टोले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 20 लीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस के पहुंचते ही शराब बेचने और सेवन करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महादलित टोले में अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री और सेवन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाने की पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने दी।

### सात गैर-जमानती वारंटी गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाने की पुलिस ने सात गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### सूरत जाने के लिए घर से निकले अधेड़ का शव बरामद

**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के रेलवे कलोनी के समीप बुधवार की शाम घर से सूरत जाने के लिए निकले अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मृतक पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी अनिल सिंह के 49 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार है। वह सूरत में स्थित कपड़ा फैक्ट्री में काम करते थे। बेटे आकाश ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब दस बजे वह ट्रेन द्वारा सूरत जाने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच उनकी मौत हो गई।

## गंडक के जलस्तर में वृद्धि, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। इससे प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति में सुधार हो रहा है। वही सामान्य जनजीवन की बहाली की दिशा में परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए राहत एवं बचाव से संबंधित व्यवस्थाओं को आवश्यकता के अनुरूप जारी रखने तथा संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है।

वही उत्तर बिहार में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय टीमों को अलर्ट मोड में रहने तथा जलस्तर एवं स्थानीय परिस्थितियों में किसी भी बदलाव पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सभी संबंधित टीमें आवश्यकतानुसार त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रखी गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक




टीमों द्वारा स्थानीय परिस्थितियों का लगातार आकलन किया जा रहा है। राजस्व कर्मियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है। आमजनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए बड़हरा प्रखंड के नेकनाम टोला तथा शाहपुर प्रखंड के धमवल में नाव का परिचालन जारी है, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बनी रहे। जिलाधिकारी के निर्देश पर तटबंधों की सुरक्षा एवं स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी टीमों द्वारा तटबंधों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुसार सुरक्षात्मक कार्रवाई के लिए आवश्यक तैयारियां बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। जलस्तर में कमी के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं।

## राहत एवं बचाव कार्यों के साथ प्रशासन की सतत निगरानी जारी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। इससे प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति में सुधार हो रहा है तथा सामान्य जनजीवन की बहाली की दिशा में परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए राहत एवं बचाव से संबंधित व्यवस्थाओं को आवश्यकता के अनुरूप जारी रखने तथा संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। उत्तर बिहार में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय टीमों को अलर्ट मोड में रहने तथा जलस्तर एवं स्थानीय परिस्थितियों में किसी भी बदलाव पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सभी संबंधित टीमें आवश्यकतानुसार त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रखी गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमों द्वारा स्थानीय परिस्थितियों का लगातार आकलन किया जा रहा है। राजस्व कर्मियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है। आमजनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए बड़हरा प्रखंड के नेकनाम टोला तथा शाहपुर प्रखंड के धम्बल में नाव का परिचालन जारी है, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बनी रहे। जिलाधिकारी के निर्देश पर तटबंधों की सुरक्षा एवं स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी टीमों द्वारा तटबंधों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुसार सुरक्षात्मक कार्रवाई के लिए आवश्यक तैयारियां बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

## राखी, पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हुए पुरस्कृत

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो में बुधवार को राखी, पेंटिंग तथा मेहंदी के अलावा थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर.एन.बी. पब्लिक स्कूल के प्रांगण आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक रामाशंकर राय की देखरेख में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों द्वारा बनाई गई कला.तियों और पेंटिंग्स को देखकर यहां मौजूद शिक्षक और अभिभावक काफी प्रभावित हुए। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के बीच आयोजित राखी प्रतियोगिता में अनुज कुमार को प्रथम, शिवानी को द्वितीय तथा



नंदनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया. वही कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के बीच आयोजित राखी प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में दीक्षा कुमारी को प्रथम, रेशमी कुमारी को द्वितीय तथा आशया को तृतीय पुरस्कार मिला।

## 'ननद-भौजाई' राखी पर आया महिलाओं का दिल

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और े ह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे शाहपुर, गौरा, करजा व करनामेपुर बाजार में त्योहार की रौनक बढ़ती जा रही है।

बाजार में राखियों की दुकानें रंग-बिरंगी राखियों से सज गई हैं। पारंपरिक राखियों के साथ साथ नए डिजाइनर राखियां भी बाजारों की बढ़ा रही हैं रौनक। सुबह से शाम तक खरीदारी के लिए महिलाओं, युवतियों और बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानों पर पारंपरिक राखियों के साथ-साथ आधुनिक डिजाइन और आकर्षक थीम वाली राखियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। इस बार राखी बाजार में हर उम्र और हर बजट के लोगों के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। दुकानदार गोलू



गुप्ता ने बताया कि बाजार में करीब 10 रुपये से लेकर 150 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। इनमें साधारण धागे वाली राखियों से लेकर मोती, रुद्राक्ष, स्टोन और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां शामिल हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर, लाइट और म्यूजिकल राखियों की भी अच्छी मांग है। 'ननद-भौजाई' राखी बनी खास आकर्षण इस बार बाजार में 'ननद-भौजाई' राखी लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भाई-बहन के रिश्ते के साथ ननद और भाभी के े हपूर्ण रिश्ते को समर्पित इस विशेष राखी की महिलाओं में काफी मांग देखी जा रही है। कई बहनें भाइयों के साथ-साथ अपनी भाभियों के लिए भी विशेष राखी खरीद रही हैं। दुकानदारों के अनुसार नई डिजाइन की इस राखी को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह है। कपड़ा, मिठाई और गिट दुकानों पर भी बढ़ी चहल-पहल रक्षाबंधन को लेकर केवल राखी की दुकानों पर ही नहीं, बल्कि कपड़ा, मिठाई और उपहार की दुकानों पर भी चहल-पहल बढ़ गई है।

## होटल में चल रहा था अनैतिक धंधा, 15 पकड़े गए



**आरा (दैनिक नव संदेश)।** भोजपुर पुलिस की टीम ने बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टे होम होटल में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 15 युवक-युवतियों को पकड़ा गया। वही मौके से होटल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया। दंडाधिकारी की मौजूी में पुलिस ने होटल को सील कर दिया है। घटना को लेकर लोगों में अफरा-तफरी रही। छापेमारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के दिशा निर्देशन में चल रही थी, जिसका नेतृत्व दो महिला प्रशिक्षु डीएसपी कर रही थी। इस संबंध में महिला प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि नवादा क्षेत्र अंतर्गत ष्स्टे होमष होटल में अनैतिक कार्य हो रहा है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक को दिए गई, उनके निर्देशन में गठित टीम ने बजे करीब छापेमारी की गई। इस दौरान पकड़े गए सभी युवक -युवतियों बालिग हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल के संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया। उक्त होटल बिना लाइसेंस के चल रहा था। दंडाधिकारी की मौजूदगी में होटल को सील कर दिया गया है। पुलिस इस मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

**होटल के संचालक को पुलिस ने मौके से दबोचा, दंडाधिकारी की मौजूदगी में सील किया होटल**

### स्टे होम को बना रखा था अड्डा

आरा। नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टे होम होटल में छापेमारी के दौरान आठ महिला और सात युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। मौके से कंडोम के पैकेट और इस्तेमाल किए गए कंडोम भी बरामद किए गए। उसके बाद होटल को सील कर दिया गया। वहीं हिरासत में लिए गए सभी लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। इधर, स्टे होम में गंदे काम का धंधा चलने की खबर में शहर के लोग सकते में आ गये हैं।

## स्व. रमेश गुप्ता की पुण्यतिथि पर शिक्षण सामग्री का वितरण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हरिजी हाता निवासी स्व. रमेश कुमार गुप्ता की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा नई आशा के चौराई स्थित सेतु केंद्र के छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री एवं भोजन वितरण किया। इस अवसर उनकी पुत्रिया श्रीमती अर्चना कुमारी एवं अंजनी कुमारी ने कहा कि हमारे पिता स्व. रमेश कुमार गुप्ता जीवन पर्यत गरीब एवं जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। उनकी पुण्यतिथि पर गरीब परिवार के बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए हम उनके पदचिों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। भविष्य में भी यह जारी रहेगा। इस अवसर पर नई आशा के सदस्यों के साथ अन्य लोग भी मौजूद थे।



## नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के खुटहां पंचायत में नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह एवं रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डा. अतिउल्लाह अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उपकेंद्र के लिए भवन निर्माण होने से दवाओं एवं अन्य स्वास्थ्य सामग्री को सुरक्षित रखने में सुविधा होगी। साथ ही ग्रामीणों को इलाज, दवा सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से आसपास के ग्रामीणों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे



समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विष्णु राम, धनंजय पांडे, विजय कुमार मिश्रा, ठाकुर दयाल राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कलेक्ट्री तालाब घाट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में अभय तूफानी एकेडमी द्वारा राखी कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन दिनों तक महिलाओं और युवतियों को निःशुल्क हेयर कटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद चौथे दिन सभी प्रतिभागियों के बीच हेयर कटिंग प्रतियोगिता कराई गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाली मधु सिंह को प्रथम, कंचन गुप्ता और ज्योति कुमारी को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा सना परवीन और मिक्की को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार रहें। मुख्य अतिथि दीपक कुमार को भी अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मीडिया कर्मी गौरव सिंह अतिथि



शामिल हुए। राखी कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिला और युवती प्रतिभागियों ने हेयर ट्रेनर अभय तूफानी को राखी बांधकर सम्मानित किया। आयोजक अभय तूफानी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हेयर कटिंग जैसे व्यावहारिक हुनर सीखा कर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### अक्रियाशील नल-जल योजनाओं को क्रियाशील करने का कार्य जारी

**अब तक 44 योजनाएं कराई गईं क्रियाशील, आज 11 योजनाओं की मरम्मति पूर्ण**

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निदेर्शानुसार जिले में अक्रियाशील नल-जल योजनाओं को शीघ्र क्रियाशील करने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा लगातार मरम्मति कार्य कराया जा रहा है। जिले में प्रारंभिक रूप से कुल 82 नल-जल योजनाएं अक्रियाशील चिह्नित की गई थीं। इनमें से 33 योजनाओं को पहले ही क्रियाशील किया जा चुका था। बुधवार, 26 अगस्त को 11 अतिरिक्त योजनाओं की मरम्मति पूरी कर उन्हें क्रियाशील कर दिया गया। इस प्रकार अब तक पीएचईडी द्वारा कुल 44 नल-जल योजनाएं क्रियाशील की जा चुकी हैं, जबकि 38 अक्रियाशील योजनाओं की मरम्मति का कार्य अभी शेष है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को शेष अक्रियाशील योजनाओं की मरम्मति में तेजी लाते हुए सभी योजनाओं को यथाशीघ्र क्रियाशील करने का निर्देश दिया है, ताकि आमजनों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मरम्मति कार्य की नियमित निगरानी करते हुए योजनाओं की प्रगति से लगातार अवगत कराने का भी निर्देश दिया है।

### वेद प्रचार सप्ताह के माध्यम से वैदिक संस्कृति एवं संस्कारों का संदेश : केके पांडेय

**सप्ताहभर से चल रहे आयोजन में यज्ञ, संस्कृत संभाषण, वैदिक प्रतियोगिताओं, रक्तदान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों का आयोजन, गुरुवार को होगा समापन**

**जहानाबाद (एनएसबी)।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, बिहार के तत्वावधान में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, जहानाबाद में पिछले एक सप्ताह से चल रहे वेद प्रचार सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न वैदिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को वेदों के ज्ञान, भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सप्ताहभर चल रहे इस आयोजन का समापन गुरुवार को विशेष यज्ञ एवं पूणार्हुति के साथ होगा। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्ण कांत पांडेय ने कहा कि वेद केवल प्राचीन ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले जीवन-मूल्यों का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य, अनुशासन, सदाचार, सेवा एवं कर्तव्यबोध को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक श्री अनूप दीक्षित ने वेदों के महत्व एवं उनकी जीवनोपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को वैदिक ज्ञान को समझने और उसके जीवन-मूल्यों को अपने आचरण में उतारने के लिए प्रेरित किया।प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत संभाषण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद चतुर्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सामवेद के मंत्रों से आहुतियां दी गईं। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न यज्ञ में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्संग में प्राचार्य ने हवन-यज्ञ के महत्व एवं लाभों तथा वेदों की शिक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की। वेद प्रचार सप्ताह के अंतर्गत ॐ-ध्वनि एवं शंखवादन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त सदर अस्पताल, जहानाबाद के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह के दौरान विद्यालय में यज्ञ, सत्संग, वैदिक मंत्रोच्चारण, संस्कृत गतिविधियां, वैदिक प्रश्नोत्तरी, शंखवादन, ॐ-ध्वनि, रक्तदान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैदिक ज्ञान के साथ संस्कार, सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। सभी कार्यक्रमों के समन्वय एवं सफल संचालन में श्रीमती निरुपमा भारती, श्री ललित शंकर एवं श्री दीपक पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता से वेद प्रचार सप्ताह के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। गुरुवार को विशेष यज्ञ एवं पूणार्हुति के साथ सप्ताह का समापन होगा।

### विजन वर्ल्ड एकेडमी में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित, तीन ग्रुप की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया स्थित विजन वर्ल्ड एकेडमी में सावन के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की काफी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपने हाथों पर आकर्षक एवं रचनात्मक मेहंदी डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छात्राओं को ग्रुप ए, ग्रुप बी और ग्रुप सी में बांटा गया था। तीनों ग्रुपों के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई थी, जिसके आधार पर छात्राओं ने मेहंदी की आकर्षक डिजाइन तैयार की। प्रतियोगिता के दौरान मेहंदी की सुंदरता, रचनात्मकता, डिजाइन, साफ-सफाई और थीम के अनुरूप प्रस्तुति के आधार पर छात्राओं का मूल्यांकन किया गया। तीनों ग्रुपों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में नर्सरी की शिक्षिका शालिनी कुमारी, एलकेजी की अनीता बेसरा,, यूकेजी की अर्चना एक्का कक्षा एक की शिक्षिका सोनी कुमारी शामिल थीं। निर्णायक मंडली ने छात्राओं द्वारा बनाई गई मेहंदी का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्धारित मानकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया।विद्यालय के निदेशक अजीत कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाना तथा उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। पढ़ाई के साथ-साथ कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में तीनों ग्रुपों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विद्यालय की ओर से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी कला को निखारने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।

### पैक्स चुनाव में बूथ बदलने पर विवाद

**अरवल (एनएसबी)।** कुर्था प्रखंड की बारा पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर मंगलवार को समाहरणालय में दिनभर गहमागहमी रही। पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुबोध शर्मा अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मतदान केंद्र को पंचायत मुख्यालय में ही रखने की मांग की। उनका कहना था कि पूर्व के कई चुनावों में पंचायत मुख्यालय में मतदान केंद्र बनाया जाता रहा है, लेकिन इस बार बूथ को मुख्यालय से दूर नरही में कर दिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मतदान केंद्र का निरीक्षण कराया। उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने पंचायत पहुंचकर बूथ की स्थिति और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया तथा जांच रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को सौंपी। हालांकि निरीक्षण के बाद भी बूथ में बदलाव नहीं किया गया और मतदान केंद्र नरही में ही रखने का निर्णय कायम रहा। प्रत्याशी और उनके समर्थकों का आरोप है कि नरही बूथ पर पूर्व में मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर आशंका बनी हुई है। मंगलवार को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि भी थी। समर्थकों का कहना है कि वे नामांकन वापस लेने की मांग को लेकर समाहरणालय पहुंचे थे, लेकिन जांच के नाम पर मामले को टालते रहने से निर्धारित समय सीमा समाप्त हो गई और वे नामांकन वापस नहीं ले सके। इसको लेकर लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। समर्थकों ने वर्तमान उप विकास आयुक्त पर दूसरे पक्ष से मिलीभगत का गंभीर आरोप भी लगाया है,आक्रोशित लोगों ने कहा कि बूथ को पंचायत मुख्यालय में नहीं किया गया तो बुधवार को सामूहिक रूप से मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

# बाल विद्या मंदिर के दोनों शाखाओं में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन, बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**जहानाबाद (एनएनबी)।** सावन की हरियाली, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर वातावरण के बीच आज बाल विद्या मंदिर, मंगल नगर बभना एवं प्रेम नगर होरिलगंज, जहानाबाद के दोनों शाखाओं में सावन महोत्सव का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह से उत्साह, उल्लास और भारतीय संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री अक्षय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ और पूरे परिसर में सकारात्मक एवं उत्सवपूर्ण वातावरण बन गया। अपने उद्घाटन संबोधन में चेयरमैन श्री अक्षय कुमार ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया।

सावन महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, गजरी गायन एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों पर आकर्षक और मनमोहक कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं गजरी गायन की मधुर प्रस्तुतियों ने सावन के पारंपरिक और सांस्कृतिक रंग को जीवंत कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीतों और नृत्यों ने उपस्थित शिक्षकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह देखने लायक था। नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ वे सांस्कृतिक गतिविधियों में भी किसी से पीछे नहीं हैं। दोनों शाखाओं के छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कंचन माला कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजन बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और उनके आत्मविश्वास को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। वहीं विद्यालय के निदेशक श्री अमृत नरायण ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। सावन महोत्सव जैसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि बाल विद्या मंदिर का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारवान, आत्मविश्वासी और प्रतिभाशाली नागरिक के रूप में तैयार करना भी है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं आयोजन से जुड़े शिक्षकों को बधाई दी।

विद्यालय के दोनों शाखाओं के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों की शानदार तैयारी की और कार्यक्रम को यादगार बनाया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिवार की एकजुटता और बच्चों के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

सावन महोत्सव का यह आयोजन न केवल मनोरंजन और उत्सव का अवसर बना, बल्कि बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच भी प्रदान किया। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों, मधुर संगीत, आकर्षक नृत्य और मेहंदी कला से सजे इस कार्यक्रम ने सभी के मन में एक विशेष छाप छोड़ी। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

बाल विद्या मंदिर, मंगल नगर बभना एवं प्रेम नगर होरिलगंज, जहानाबाद में आयोजित सावन महोत्सव ने यह संदेश दिया कि शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कार का समन्वय ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की सच्ची आधारशिला है।

## बरसात में बढ़ा मक्खी-मच्छरों का प्रकोप, ग्रामीणों ने की दवा छिड़काव की मांग

**मेहंदिया (एनएसबी)** बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जगह-जगह जलजमाव, नालियों में जमा गंदगी और ठहरे हुए पानी के कारण मच्छरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि लोगों को घरों में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद गांवों, टोले-मोहल्लों और बाजार क्षेत्र में कई जगह पानी जमा है। कई स्थानों पर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी जमा रहता है। यही पानी मक्खी-मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बन रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जलजमाव वाले स्थानों पर दवा का छिड़काव नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

बुजुर्ग लोगों का कहना है कि पहले बरसात के दिनों में मक्खी-मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सामूहिक रूप से दवा का छिड़काव कराया जाता था। गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी जाती थी और संबंधित कर्मियों द्वारा एक साथ कई मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर दवा का छिड़काव किया जाता था। इससे मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलती थी। बुजुर्गों का कहना है कि पहले इस तरह की व्यवस्था को लेकर लोगों में भी जागरूकता रहती थी और ग्रामीण सामूहिक रूप से इसमें सहयोग करते थे।ग्रामीणों का कहना है कि अब आबादी बढ़ने के साथ जलजमाव और गंदगी की समस्या भी बढ़ी है। ऐसे में पुराने समय की तरह सामूहिक रूप से मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने की जरूरत है। खासकर नालियों, जलजमाव वाले स्थानों, कूड़े-कचरे के आसपास और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित छिड़काव कराया जाना चाहिए। फॉगिंग के साथ नालियों की सफाई की भी मांग लोगों ने प्रशासन से समय-समय पर फॉगिंग कराने और नालियों की सफाई कराने की भी मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जलजमाव वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां नियमित रूप से दवा का छिड़काव कराया जाए, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाई जा सके।बरसात के मौसम में मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया सहित मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक विभाग से समय रहते आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित अंतराल पर दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए तो मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

## ईद मिलादुन्नबी पर जहानाबाद में निकला शानदार जुलूस-ए-मुहम्मदी



**अकीदत, मोहब्बत और भाईचारे के पैगाम से गूंजा शहर; उलेमा ने दिया अमन-ओ-सलामती का संदेश**

**जहानाबाद (एनएसबी)।** ईद मिलादुन्नबी के मुबारक और पुरनूर मौके पर जहानाबाद में जुलूस-ए-मुहम्मदी पूरी अकीदत, एहतराम, जोश और मोहब्बत के जज्बे के साथ निकाला गया। शहर की फिजा नात-ओ-दरूद, सलात-ओ-सलाम और नारे-तकबीर व नारे-रिसालत से गूंजती रही। जुलूस पूरी तरह अमन-ओ-अमान और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। सुबह करीब नौ बजे मरकज अहले सुन्नत मदरसा फैजुल गुरबा से जुलूस-ए-मुहम्मदी का आगाज हुआ। इसके बाद मदरसा यासीनुल कुरआन, शेख आलमचक, दारुल उलूम रजाए मुस्तफा, जाफरगंज तथा दारुल उलूम जमाल हबीब, जाफरगंज के जुलूस आपस में मिलते हुए दारुल उलूम मुहम्मदिया, ईदगाह, पी रोड पहुंचे। यहां विभिन्न मदरसों और मोहल्लों से आए जुलूस एक साथ शामिल हुए और निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़े।

जुलूस में उलेमा, इमाम, हाफिज, कारी, सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में आशिकाने रसूल शामिल हुए। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल किया और पानी, शरबत, मिठाई तथा अन्य जलपान की व्यवस्था की। इस वर्ष जुलूस-ए-मुहम्मदी जाफरगंज तक पहुंचा, जहां विभिन्न इलाकों से आए जुलूस एक साथ शामिल हुए। इसके बाद जुलूस बिचली मोहल्ला, जामा मस्जिद और हॉस्पिटल मोड़ होते हुए अरवल मोड़ पहुंचा। यहां सलात-ओ-सलाम के बाद हजरत मौलाना मुफ्ती आसिफ रजा नईमी ने मुल्क व मिल्लत, अमन-ओ-सलामती और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई। इसी के साथ जुलूस का समापन हुआ।

इस मौके पर हजरत अल्लामा व मौलाना मुहम्मद अजहर खान हबीबी मिस्बाही, हजरत मौलाना मुफ्ती आसिफ रजा नईमी, कारी शमशाद रिजवी, कारी शहाबुद्दीन, मौलाना इरशाद जावेद, हाफिज दानिश रजा फैजी समेत कई उलेमा व मशाइख ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने हुजूर-ए-अकरम हजरत मुहम्मद की सीरत-ए-तैयबा, आमद-ए-रसूल की फजीलत और मोहब्बत-ए-रसूल की अहमियत पर रोशनी डाली।

उलेमाओं ने कहा कि हुजूर नबी करीम पूरी इंसानियत के लिए रहमत बनकर तशरीफ लाए। आपकी तालीमात अमन, मोहब्बत, भाईचारे, सहिष्णुता और इंसानियत का पैगाम देती हैं। सच्ची मोहब्बत-ए-रसूल का तकाजा है कि हम अपने किरदार और अमल के जरिए समाज में अमन, सलामती, मोहब्बत और इंसानियत को मजबूत करें। जुलूस में सूफी हाफिज अफरोज आलम फैजी वारसी, हाफिज सिराजुद्दीन, कारी रियाज कादरी, हाफिज इरशाद आलम समेत बड़ी संख्या में उलेमा, इमाम, हाफिज और कारी शामिल हुए। इसके अलावा शहर और आसपास के सैकड़ों सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक भी जुलूस में शरीक हुए। जिन रास्तों से जुलूस गुजरा, वहां स्थानीय लोगों ने पूरे अकीदत और एहतराम के साथ उसका इस्तकबाल किया। कई स्थानों पर नागरिकों ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी, शरबत, मिठाई और जलपान की व्यवस्था की। लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी और मोहब्बत व भाईचारे का इजहार किया। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन की ओर से भी व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। एसपी कोटा किरण कुमार ने स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। निर्धारित मार्ग के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन की मुस्तैदी और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के कारण जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोगों और शहरवासियों ने प्रशासन की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ईद मिलादुन्नबी का असल पैगाम ही अमन, मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत है।

## विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विरोध में संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन




**जहानाबाद (एनएसबी)।** स्थानीय महाविद्यालय एस. एन. सिन्हा कॉलेज जहानाबाद में आज 25 अगस्त 2026 को विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विरोध में शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा विरोध प्रदर्शन की कड़ी में आज अंतिम दिन महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने घंटी बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस व्यापक विरोध प्रदर्शन में नए प्रावधानों का विरोध कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के स्वायत्तता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही सरकार को आगाह किया गया कि यदि यह कानून वापस नहीं हुआ तो बड़े पैमाने पर पुनः और कड़ा संघर्ष होगा। इस अवसर पर डॉ. अख्तर रोमानी, डॉ. सुबोध कुमार झा, डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मोहम्मद इंतखाब आलम, श्रीमती कुमकुम कुमारी, डॉ. ज्योतिर्मय, डॉ. कविंद्र भगत, डॉ. नेहा कुमारी , डॉ. यास्मीन बानो, डॉ. शोभा रानी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. निमिषा किरण, डॉ. सिया शरण, डॉ. हर्ष वर्धन, डॉ रूपम कुमारी, राजीव नयन, डॉ. ब्रजेश कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार, नीलम कुमारी, रंजन कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, अंकिता, शशिकांत कुमार निराला, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। अब आंदोलन की अगली कड़ी में पांच सितंबर को छात्रों एवं अभिभावकों से संवाद का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से सभी को इस अधिनियम की खामियों से अवगत कराया जाएगा।

## पेपरलेस ई-निबंधन को लेकर डीड राइटर्स एवं अधिवक्ताओं की कार्यशाला



**डिजिटल निबंधन की पूरी प्रक्रिया की दी गई जानकारी, सेवा प्रदाताओं की भूमिका भी समझाई गई**

**जहानाबाद (एनएसबी)।** समाहरणालय परिसर स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में बुधवार को पेपरलेस ई-निबंधन प्रक्रिया को लेकर जिले के डीड राइटर्स एवं अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निर्देश पर जिला अवर निबंधक, जहानाबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में डिजिटल माध्यम से निबंधन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान ी-ढ्ढंल्लॉल्लि ढक्ष्१३' पर निबंधन की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को क्रमवार समझाया गया। इसमें दस्तावेज का प्रकार, विक्रेता एवं क्रेता की जानकारी, जमीन एवं भू-संपत्ति का विवरण, भुगतान मद, चेक स्लिप निर्गत करने, दस्तावेज संदर्भ की प्रविष्टि, प्रभावी मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क जमा करने के साथ OTP और ी-ॅ्रल्ल के माध्यम से दस्तावेज निष्पादन तथा नियुक्ति लेने की प्रक्रिया बताई गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पेपरलेस व्यवस्था का अर्थ यह नहीं है कि निबंधन के बाद आमजन को कागजी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विभागीय प्रक्रिया एवं सरकारी अभिलेखों को डिजिटल बनाना है। निबंधन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित पक्षकारों को दस्तावेज की प्रति पूर्ववत उपलब्ध कराई जाएगी। डिजिटल व्यवस्था से निबंधन प्रक्रिया को अधिक सरल, सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में डीड राइटर्स एवं अधिवक्ताओं को सेवा प्रदाता के रूप में उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि नई डिजिटल व्यवस्था में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी। वे आमजनों को दस्तावेज तैयार करने, पोर्टल की प्रक्रिया समझने तथा निबंधन से संबंधित आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे।

इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों एवं शंकाओं का समाधान किया गया तथा ई-निबंधन के विभिन्न चरणों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। सभी सेवा प्रदाताओं से नई डिजिटल व्यवस्था को अपनाते हुए ी-ढ्ढंल्लॉल्लि के माध्यम से निबंधन प्रक्रिया को गति देने तथा पेपरलेस निबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। कार्यशाला के अंत में उपस्थित डीड राइटर्स एवं अधिवक्ताओं ने नई डिजिटल व्यवस्था के अनुरूप निबंधन कार्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## गंडक एवं गंगा के जलस्तर में संभावित वृद्धि को लेकर वैशाली जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर

# 360 निजी नाव, 189 खोज एवं बचाव दल तथा 192 प्रशिक्षित गोताखोर तैयार

दैनिक नवसंदेश


निरीक्षण करते अधिकारी।


तटबंध की मरम्मत करते कर्मी।

**हाजीपुर।** नेपाल के रसुवा जिले, तिब्बत सीमा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए गंडक तथा गंगा नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को लेकर वैशाली जिला प्रशासन पूरी तरह हाई अलर्ट मोड में है।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश पर दोनों नदियों के तटीय, दियारा एवं निचले क्षेत्रों में प्रशासनिक एवं राहत-बचाव तैयारियों को और सुदृढ़ किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया एवं राहत-बचाव व्यवस्था के सभी आवश्यक बिंदुओं पर व्यापक तैयारी सुनिश्चित की गई है।

जिले में वर्तमान में 07 सरकारी नावें कार्यरत हैं, जिनमें राघोपुर में 06 तथा बिदुपुर में 01 सरकारी नाव उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विभिन्न अंचलों में 360 निजी नावों के साथ इकरारनामा किया गया है। इनमें राघोपुर में 160, हाजीपुर में 61, बिदुपुर में 30, पातेपुर में 30 तथा महनार में 18 निजी नावें प्रमुख रूप से शामिल हैं।

गंडक एवं गंगा नदी के संवेदनशील तटीय क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए महनार, राघोपुर, हाजीपुर एवं लालगंज में एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। टीमों के लिए अतिरिक्त मोटरबोट एवं अतिरिक्त मानवबल की भी व्यवस्था की जा रही है।

जिले में 189 खोज एवं बचाव दल, 192 प्रशिक्षित गोताखोर, 127 लाइफ जैकेट तथा 03 महाजाल उपलब्ध कराए गए हैं।

संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंचलवार नौका औषधालयध्बोट एंबुलेंस एवं मोबाइल हेल्थ यूनिट को आवश्यक दवाओं के साथ सक्रिय रखा गया है। वहीं पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा दलों की तैनाती की गई है।

संभावित रूप से प्रभावित अथवा विस्थापित परिवारों के लिए जिले में 100 बाढ़ राहत शिविर स्थल चिति कर तैयार रखे गए हैं। प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए 104 सामुदायिक रसोई केंद्र भी चिति एवं तैयार रखे गए हैं।

जिला प्रशासन ने गंडक एवं गंगा नदी के तटीय, दियारा एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिक नदी के पानी, तेज धारा एवं तटबंधों के अत्यधिक निकट जाने से बचें।

## निःशुल्क शिक्षा केंद्र में गुरुपूजन सह रक्षाबंधन उत्सव, शिक्षकों व पेड़ को राखी बांध विद्यार्थियों ने संस्कार और प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प


पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेती छात्राएं।

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** महनार के हसनपुर स्तिथ श्रीराम क्लासेस निःशुल्क शिक्षा की ओर से बुधवार को गुरुपूजन सह रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को राखी बांधकर सम्मान प्रकट किया। वहीं दूसरी राखी परिसर के पेड़ को बांधकर पेड़-पौधों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस दौरान राखी निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक और संदेशपरक राखियां बनाईं। प्रतियोगिता में सुति कुमारी प्रथम रहीं, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बौद्धिक सत्र में गुरु-शिष्य संबंध, रक्षाबंधन के महत्व, संस्कार और प्रति संरक्षण पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों को बताया गया कि रक्षा का भाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि गुरु, समाज और प्रति के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अच्छे संस्कार अपनाने और प्रति की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

खबरें खास-खास

## गोरौल पटेढ़ी बेलसर में अनुयायीयों ने निकाला जुलूस-ए-मोहम्मदी

### दर्जनों गांवों से निकला जुलूस, प्रखंड परिसर में हुई तकरीर, बाबा सम्हालू शाह के मजार पर चढ़ाई चादर


जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल नेता व अन्य।

**गोरौल (दैनिक नवसंदेश)।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को गोरौल और पटेढ़ी बेलसर प्रखंड क्षेत्र में जुलूस- ए- मोहम्मदी हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। दोनो प्रखंडो के दर्जनों गांवों से निकला जुलूस गोरौल प्रखंड परिसर पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और अन्य लोग शामिल हुए। गोरौल प्रखंड परिसर में करीब एक घंटे तक तकरीर का आयोजन हुआ। मौलाना हाशिम ने पैगम्बर मुहम्मद साहब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान को बुराइयों से तौबा कर अच्छाई को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी खुशी के लिए किसी दूसरे को तकलीफ देना नबी की शिक्षा नहीं है।उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की मदद जाति और धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत के नाते करने की अपील की। कहा कि अमन, भाईचारा, प्रेम और मानवता ही पैगम्बर साहब के संदेशों का मूल भाव है।मजार पर चादरपोशी कर मांगी अमन-शांति की दुआ। तकरीर के बाद जुलूस हरशेर गांव स्थित बाबा सम्हालू शाह के मजार पहुंचा,जहां चादरपोशी कर देश में अमन-शांति, आपसी भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस अवसर पर मौलाना नशिम अहमद, मोहम्मद नौशाद, शमीम अख्तर सहित कई मौलानाओं ने पैगम्बर साहब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला।जुलूस में राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन, उप मुख्य पार्षद धनमंती देवी चिकित्सक , ड़ सत्यनारायण पासवान, संजय कुमार, दीपक कुमार, हरिवंश पासवान सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।जुलूस में गोरौल, हरशेर, मखदुमपुर, इनायत नगर, भिखनपुरा, चकभट्ठी, गंज हाट, मांगनपुर भटौलिया, रामपुर बेदौलिया और बहादुरपुर उफरौल, पकड़ी,नगवा सहित दर्जनों गांवों के लोग शामिल हुए। इस दौरान इरशाद अहमद, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद रहमतुल्लाह, मोहम्मद अलाउद्दीन, शमशाद अहमद, मोहम्मद जमाल, अंसार अहमद, निजाम हाशमी, इम्तियाज अहमद, फैज वारसी, जाहिद वारसी, अरशद अली सहित हजारों लोग मौजूद रहे। जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

खबरें : एक नजर में

## पटना के बाबा गौरी शंकर बैकुंठ धाम में सावन की धूम : आम श्रद्धालुओं के साथ दिग्गजों ने किया जलाभिषेक


अतिथि का किया गया सम्मान।

**खुशरुपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर पटना जिले के प्रसिद्ध बाबा गौरी शंकर बैकुंठ धाम मंदिर में अद्भुत भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान है। इस वर्ष श्रावणी मेले के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। लाखों की संख्या में आम शिव भक्तों के साथ-साथ राज्य की कई प्रमुख राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियों ने भी मंदिर में हाजिरी लगाकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सावन के दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर बाबा गौरी शंकर का जलाभिषेक किया और राज्य की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इसी क्रम में बुधवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी के आप्त सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने भी सपरिवार मंदिर के गर्भगृह में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इसके अलावा, बिहार विधानसभा के निदेशक और धार्मिक प्रवृत्ति के युवा अधिकारी संजय कुमार सिंह भी सपरिवार मंदिर प्रांगण पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर तार्थ हुए। दिग्गजों और अधिकारियों की लगातार उपस्थिति से मंदिर के प्रति श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सावन को लेकर मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के कड़े व व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भदवास में डीएम वर्षा सिंह ने शिविर लगा कर, इंडस्ट्रियल पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण पर रैयतों से किया संवाद


वैशाली जिलाधिकारी वर्षा सिंह।

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ प्रखंड क्षेत्र के भदवास पंचायत भवन पर बुधवार को आयोजित विशेष शिविर में वैशाली जिलाधिकारी वर्षा सिंह पहुंचीं। पंचायत पहुंचने पर मुखिया सविता कुमारी ने फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।बताया गया कि राजापाकड़ में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल पार्क को लेकर भूमि अधिग्रहण के मामले में यह शिविर लगाया गया था। शिविर में बड़ी संख्या में रैयत उपस्थित थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने रैयतों को संबोधित करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण के लिए धनहर, भीठ और आवासीय सहित सभी प्रकार की भूमि को चिन्हित कर लिया गया है। संबंधित रैयतों को प्रतिकात्मक रूप से स्लिप भी सौंपी गई है। सभी को सरकारी दर पर उचित मुआवजा दिया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद दावा-आपत्ति के लिए रैयतों को 30 दिनों का समय दिया गया था। इस दौरान 80 लोग आए थे, जिनकी समस्याओं को समाहरणालय के सभागार में एक-एक कर सुना गया और निष्पादन किया गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्ष 2025 के सरकारी दर के अनुसार ही सभी को राशि मुहैया कराई जाएगी।

वहीं महुआ एसडीएम विवेक चंद्र पटेल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। कितनी भूमि का अधिग्रहण होगा और किन रैयतों की भूमि ली जाएगी, यह सब चयनित किया जा चुका है। उन्होंने रैयतों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बढ़-चढ़कर आगे आएं और स्वेच्छा से भूमि अधिग्रहण में सहयोग करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इंडस्ट्रियल पार्क के लिए भूमि देने वाले भू-दाताओं को सम्मानित भी किया गया।मौके पर डीसीएलआर खुशबू पटेल, प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव बरनवाल, अंचलाधिकारी मणि कुमार वर्मा, पंचायत राज पदाधिकारी मुन्ना कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खेतिहर मजदूर यूनियन की बैठक में लिया कई निर्णय, महंगाई के खिलाफ निकाला मार्च

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन, वैशाली जिला कमेटी की बैठक बुधवार को हाजीपुर के रामभद्र में जिला अध्यक्ष शिवजी राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्यव्यापी आह्वान के आलोक में 10 दिसंबर को आयोजित संगठन की व्यापक रैली पटना में बड़ी संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही, संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर 2 सितंबर से 8 सितंबर तक जिले के विभिन्न अंचल कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करने तथा संबंधित पदाधिकारियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। भगवानपुर, सहदेई बुजुर्ग, पातेपुर, वैशाली आदि प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित करने की रणनीति भी तय की गई। बैठक के बाद चीनी सहित खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में रामचौरा मंदिर के निकट से मार्च निकाला गया। मार्च विभिन्न मार्गो से होते हुए महारानी चौक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संगठन के जिला सचिव दीनबंधु प्रसाद, जिला अध्यक्ष शिवजी राम, उपाध्यक्ष रमाशंकर भारती, शीला देवी, संयुक्त सचिव दसई महतो, रितेश पासवान, माकपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, किसान नेता राजू भाई, डीवाईएफआई के जिला सचिव सुरंजन कुमार, मिथिलेश पासवान सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता, मजदूर, किसान और गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। चीनी सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हो रही वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने महंगाई पर अविलंब रोक नहीं लगाई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



विरोध मार्च निकलते यूनियन के लोग।

## लोजपा आर के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक के बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर


सुरेंद्र विवेक (फाइल फोटो)।

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देशानुसार सुरेन्द्र विवेक को पार्टी का नया बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वैशाली जिले के लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ताओं में अपार हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस मनोनयन से जिले भर के पार्टी समर्थकों और पदाधिकारियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेन्द्र विवेक के संगठनात्मक अनुभव और कुशल नेतृत्व में पार्टी राज्य स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। उनके नेतृत्व में चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने में तेजी आएगी। सुरेन्द्र विवेक को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वैशाली जिला प्रभारी सह एमएलसी असरफ अंसारी, पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, हरिहर पासवान, रणविजय चौरसिया, साजेश पासवान, अमित कुमार बबलू, युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा, अविनाश शर्मा, प्रकाश कुशवाहा, कुन्दन सिंह, गुलाम साबिर, संजय पासवान, श्रीकांत पासवान, वर्षा कुमारी, संजय चौधरी, लक्ष्मी भगत, सुरेश भगत, मो नौशाद, उपेंद्र पासवान, मुकेश पासवान, इंदल पासवान, सनोज पासवान, मनोज सिन्हा, संतोष स्वराज, राकेश पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं सफल कार्यकाल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## महनार में गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट, संवेदनशील हटवा बांध का निरीक्षण

### बांध की सफाई, रोशनी और लगातार निगरानी का दिया निर्देशय लोगों से नदी किनारे नहीं जाने की अपील


महनार में हटवा बांध का निरीक्षण करते एसडीओ अंकित कुमार व मौजूद अन्य अधिकारी।

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी के जलस्तर में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए महनार अनुमंडल प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। बुधवार को एसडीओ अंकित कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के संवेदनशील हटवा बांध का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और नदी के जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता पंकज कुमार, कनीय अभियंता अमरेन्द्र कुमार, विक्की कुमार, बीडीओ मुकेश कुमार और सीओ प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम ने सतिहारा मंदिर घाट से मजलिसपुर सीढ़ी घाट तक हटवा बांध का बारीकी से निरीक्षण किया। संवेदनशील स्थलों की स्थिति की जानकारी लेने के बाद एसडीओ ने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को बांध पर उगे जंगल-झाड़ की युद्धस्तर पर सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बांध पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और लगातार निगरानी रखने को कहा। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में बांध की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सतिहारा मंदिर के समीप गंगा में कुछ बच्चों को ान करते देख एसडीओ ने उन्हें तत्काल नदी से बाहर निकलने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नदी में ान करने से रोकने और उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है और धार तेज है। ऐसे में बच्चों का नदी में जाना खतरनाक हो सकता है। एसडीओ ने लोगों से नदी किनारे जाने और गंगा में ान करने से बचने की अपील की। खासकर बच्चों और युवाओं को तेज धार से दूर रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान टीम ने अल्लीपुर हट्टा, हावड़ाहा और हसनपुर सहित गंगा किनारे के विभिन्न क्षेत्रों का भी जायजा लिया। प्रशासन ने संवेदनशील बांधों और तटवर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

## पोखर में डूबने से महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम


रोते बिलखते परिजन।

**वैशाली (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली थाना क्षेत्र के वैशाली गढ़ के समीप बुधवार को पोखर में डूबने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई मृतका की पहचान प्रियंका कुमारी, पति रामा राय के रूप में हुई है घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी अपने घर के पीछे स्थित एक छोटे पोखर में शौच के बाद हाथ-पैर धोने गई थी, इसी दौरान अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और काफी मशक्कत के बाद महिला को पोखर से बाहर निकाला।आनन-फानन में स्थानीय लोगों और परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रियंका कुमारी को मृत घोषित कर दिया।मृतका के दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का और एक लड़की शामिल हैउसके पति रामा राय मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैंमहिला की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं घटना के बाद गांव में भी मातम का माहौल है।

## आदित्य बिड़ला कैपिटल ने किया गोल्ड लोन कारोबार में प्रवेश, दरभंगा में शुरू की समर्पित शाखा

**दरभंगा (दैनिक नवसंदेश)।** आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने दरभंगा में एक समर्पित शाखा शुरू करके गोल्ड लोन कारोबार में प्रवेश की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण-आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस शुरुआत के बारे में आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी-एनबीएफसी, राकेश सिंह ने कहा, हमारे गोल्ड लोन कारोबार की शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक और ग्राहक-केंद्रित वित्तीय सेवा तंत्र के निर्माण की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मिथिला क्षेत्र के एक प्रमुख वाणिज्यिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में दरभंगा का महत्व तथा संगठित वित्तीय सेवाओं की बढ़ती मांग इसे हमारे गोल्ड लोन कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनाती है।

# अटल साहित्यकार सम्मान से विभूषित हुए बिहार के हिन्दी-सेवी

### आजात-शत्रु थे अटल बिहारी बाजपेयी : संजय सरावगी


बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, एडूकेशनल रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट संस्थान के तत्वावधान में, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कवि अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में आयोजित अटल साहित्यकार सम्मान समारोह ।


अटल साहित्यकार सम्मान से विभूषित किया गया।


अटल साहित्यकार सम्मान से विभूषित किया गया।


अटल साहित्यकार सम्मान से विभूषित किया गया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और लोकप्रिय कवि अटल बिहारी बाजपेयी भारत के महान नेताओं में से एक थे। वे अजात-शत्रु और सबके लिए सम्माननीय तो थे ही एक बड़े कवि साहित्यकार थे। अटल जी के व्यक्तिव को किसी साँचे में नहीं रखा जा सकता। संसार को कानोकान खबर नहीं हुई और उन्होंने भारत को परमाणु-संपन्न बना दिया।

यह बातें बुधवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, एडूकेशनल रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट संस्थान के तत्वावधान में, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कवि अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में आयोजित अटल साहित्यकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कही।

उन्होंने सम्मानित हुए साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि अटल जी चाहते थे कि विकसित भारत के निर्माण में साहित्यकारों की भूमिका सबसे महवपूर्ण होगी। अटल जी की स्मृतियाँ हमारे हृदयों में सदा जीवित रहेंगी।

समारोह मुख्य के अतिथि और प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि अटल जी के साहित्य में मातृ-भूमि के प्रति भक्ति की भावना है। उन्होंने राष्ट्र और राष्ट्रभाषा को माता के रूप में पूजा की। कविता हो या राजनीति उन्होंने इन्हें देश-सेवा का माध्यम माना।

अपने अध्यक्षीय उद्गार में सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि अटल जी यदि राजनीति में नहीं होते तो हिन्दी के महान महाकवियों में परिगणित होते। वे राष्ट्र और राष्ट्रभाषा के प्रति समर्पित भारत के गौरव-पुरुष थे। उनकी काव्य-प्रतिभा और काव्य-दृष्टि भी प्रदीप्त थी। उनकी वक्तृता ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भी प्रभावित किया था। नेहरू जी ने उनको बधाई देते हुए यह आशीष दिया था कि एक दिन आप भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। नेहरू जी की वह भविष्यवाणी सिद्ध हुई।

अरवल के विधायक मनोज शर्मा, अचल सिन्हा, डा शैलेश कुमार सिंह, अजीत चौधरी, जनार्दन शर्मा योगी, सुनील सिन्हा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष डा विनोद शर्मा ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन अधिवक्ता डा कौशलेन्द्र नारायण ने किया।

इस अवसर पर, वरिष्ठ साहित्यकार डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, प्रो बलिराज ठाकुर, ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, डा नन्दजी दूबे, रामेश्वर सिंह विहान, आराधना प्रसाद, डा पूनम आनन्द, डा पूनम देवा, डा पुष्पा जमुआर, लोकनाथ तिवारी अनगढ़, डा रामाश्रय प्रसाद सिन्हा, डा अशोक कुमार, डा कामेश्वर पंकज, डा विपिन दूबे, उदय नारायण सिंह, डा ध्रुव कुमार, कुमार अनुपम, ई अशोक कुमार, डा विद्या चौधरी, डा प्रतिभा रानी, डा रेणु शर्मा, शशि भूषण कुमार, डा अरुण कुमार निराला, देशबंधु शर्मा, मोहन फतहपुरी, डा आलोक कुमार, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा मनोज गोवर्धनपुरी, पं उमेश मिश्र, प्रवीर कुमार पंकज, इन्दु भूषण सहाय, डा अर्चना त्रिपाठी, डा नीतू सिंह, अनीता मिश्र सिद्धि , रेणु मिश्रा, नमिता लोहानी, नीरव समदर्शी, सुनील कुमार आदि हिन्दी-सेवियों को अटल साहित्यकार सम्मान से विभूषित किया गया। मंच का संचालन आश्रिती शर्मा ने किया।